e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 264

बुधवार

27.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

कड़ी मेहनत को केवल कड़ी, मेहनत से ही हराया जा सकता है !

## क्विक न्यूज

### 91 वर्ष के हुए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, पीएम, खड़गे राहुल सहित कई नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को 91वें जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी.पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं.कांग्रेस पार्टी के प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह एक सच्चे स्टेट्समेन प्रधानमंत्री थे.राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की ईमानदारी,राष्ट्र निर्माण और जनता के आर्थिक उत्थान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमेशा मेरे लिए प्रेरणा रहेगी.महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी मनमोहन सिंह को शुभकामनाएं दीं.

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद विवाद- 3 अक्टूबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद विवाद पर 3 अक्टूबर को सुनवाई करने का फैसला किया है। इसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि भूमि विवाद से संबंधित सभी याचिकाओं को जिला न्यायालय मथुरा से अपने पास स्थानांतरित कर दिया गया है।

### वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड

**नई दिल्ली :** लेजेंडरी एक्ट्रेस वहीदा रहमान को सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा जाएगा. सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्ट्रेस को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड दिए जाने का ऐलान किया. वहीदा अपने दौर की लीडिंग एक्ट्रेस रही हैं.फिल्म प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, गाइड जैसी फिल्मों में उन्होंने काम किया.अनुराग ठाकुर ने ट्वीट कर वहीदा रहमान को अवॉर्ड दिए जाने का ऐलान किया.उन्होंने लेजेंडरी एक्ट्रेस के काम की तारीफों के पुल बांधे.अनुराग ठाकुर लिखते हैं- इस साल का दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड वहीदा रहमान जी को सिनेमा जगत में उनके शानदार योगदान के लिए दिया जाएगा.

### सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने भेजा समन, चार अक्टूबर को बुलाया ऑफिस

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांचवीं बार समन जारी किया है. इस बार सीएम हेमंत को ईडी ने समन जारी करते हुए 04 अक्टूबर को एजेंसी के दफ्तर बुलाया है. इससे पहले भी ईडी ने सीएम को चार बार समन जारी किया था. लेकिन सीएम एजेंसी के दफ्तर नहीं गए. उन्होंने ईडी के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में मामला दायर किया है।

### 25 करोड़ के गहने की चोरी

**नई दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली में चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने छत काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के जेवरात चोरी कर लिए।जानकारी के अनुसार, दिल्ली के जंगपुरा इलाके में स्थित शोरूम को चोरों ने निशाना बनाया। दीवार काटकर चोर शोरूम में दाखिल हुए। यहां से सोना, हीरा और जेवरात चोरी करके फरार हो गए। सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

### भारत को घुड़सवारी में 41 साल बाद मिला गोल्ड मेडल

**बीजिंग :** भारत ने एशियन गेम्स 2023 में मंगलवार को तीसरा गोल्ड मेडल जीता. इससे पहले भारत ने शूटिंग, महिला क्रिकेट टीम और घुड़सवारी के ड्रेसाज इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है। घुड़सवारी टीम ने 41 साल बाद इस खेल में गोल्ड दिलाया. भारत की ओर से सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की चौकड़ी ने कमाल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया. 1982 एशियन गेम्स के बाद पहली बार घुड़सवारी में भारत को मेडल मिला था. एशियन गेम्स में अब तक भारत को 14 मेडल मिल चुके हैं. इसमें 3 गोल्ड के अलावा 4 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं. तीसरे दिन भारत की पुरुष हॉकी टीम ने 16-1 से सिंगापुर को रौंदकर प्रचंड जीत दर्ज की, अब उसका अगला मुकाबला गुरुवार को जापान से होगा.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्यूनतम | 23° |

**हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र पर दिखाई सख्ती**

# केंद्र के पास 80 नियुक्तियां व 26 तबादलें लंबित : सुप्रीम कोर्ट

*** कोर्ट ने कहा कि दस महीने में 80 नामों की सिफारिश की गई है लेकिन ये सारी नियुक्तियां केंद्र के पास लंबित हैं और 26 जजों के तबादले लंबित हैं.**

*** हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्ति भी लंबित**



एजेंसी

**नयी दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति मामले में केंद्र पर सख्ती दिखाई है. सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वह हर दस दिन में इस मामले की निगरानी करेगी. कोर्ट ने कहा कि दस महीने में 80 नामों की सिफारिश की गई है लेकिन ये सारी नियुक्तियां केंद्र के पास लंबित हैं और 26 जजों के तबादले लंबित हैं. साथ ही संवेदनशील हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्ति लंबित है. 7 नाम लंबित हैं जिनको दोहराया गया है. कोर्ट ने कहा कि हम बहुत कुछ कहना चाहते हैं लेकिन खुद को रोक रहे हैं, इसके साथ ही केंद्र सरकार से मामले पर जवाब तलब किया है. अब इस मामले में अलगी सुनवाई 9 अक्तूबर को होगी.

### जजों की नियुक्ति पर केंद्र क्यों कर रहा देरी ?

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेकेंटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट से एक हफ्ते का समय मांगा. वहीं जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया ने अटॉर्नी जनरल को केंद्र से निर्देश लेकर आने कहा है. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्तियों में केंद्र द्वारा देरी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रहा है. जस्टिस कौल ने कहा कि उन्होंने एक बार इस मुद्दे को उठाया था. जब तक वह यहां है, तब तक हर 10-12 दिनों में यह मामला उठाएंगे. वह सर्वोत्तम प्रतिभा उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं. ऐसे में केंद्र सरकार की तरफ से देरी नहीं होनी चाहिए.

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से यह जवाब मांगा है कि उसने हाईकोर्ट द्वारा सिफारिश 70 लोगों के नामों पर फैसला क्यों नहीं लिया.**

### केंद्र ने 70 नामों पर क्यों नहीं लिया फैसला ?

जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि उनको बहुत कुछ कहना है लेकिन वह खुद को रोक रहे हैं. आज वह चुप हैं क्यों कि अटॉर्नी जनरल ने मामले पर जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है. लेकिन अगली तारीख पर वह चुप नहीं रहेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब यह जवाब मांगा है कि उसने हाईकोर्ट द्वारा सिफारिश 70 लोगों के नामों पर फैसला क्यों नहीं लिया. सिफारिश को एससी कॉलेजियम को क्यों नहीं भेजा जिसकी वजह से ये नाम पिछले 10 महीने से सरकार के पास लंबित हैं.

**पीएम ने 51 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र**

# नया भारत कर रहा है कमाल : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नया भारत कमाल कर रहा है। देश की बेटियां हर तरफ अपना परचम लहरा रही हैं।पीएम मोदी ने कहा कि इस रोजगार मेले में जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं,उन सभी को बहुत बहुत बधाई। आप सभी ने कड़े परिश्रम से ये सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का आपके जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि देश भर में गणेश उत्सव की धूम चल रही है। इस पावन काल में आप सभी के नए जीवन का श्रीगणेश हो रहा है। बता दें, रोजगार मेला देशभर के 46 स्थानों पर आयोजित किया गया था। हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का साक्षी बन रहा है। कुछ दिन पहले ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में देश की आधी आबादी को बहुत बड़ी ताकत मिली है। 30 वर्षों से महिला आरक्षण का जो विषय लंबित था, वो अब रिकॉर्ड मतों के साथ दोनों सदनों से पास हुआ है। ये निर्णय देश की नई संसद के पहले सत्र में हुआ है। एक तरह से नई संसद में देश के नए भविष्य की शुरुआत हुई है। इस रोजगार मेले में भी हमारी बेटियों को बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र मिले हैं। आज भारत की बेटियां स्पेस से स्पोर्ट्स तक अनेक नए कीर्तिमान बना रही है। मुझे नारी शक्ति की इस सफलता पर बहुत गर्व होता है।आप खुद देख रहे हैं कि नया भारत आज क्या कमाल कर रहा है। ये वो भारत है, जिसने कुछ दिन पहले चंद्रमा पर अपना तिरंगा लहराया है। इस नए भारत के सपने बहुत ऊंचे हैं। देश ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। अगले कुछ वर्षों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लोग रेलवे स्टेशनों के बुकिंग काउंटरों पर कतारों में खड़े रहते थे, लेकिन टेक्नोलॉजी ने इस समस्या पर काबू पा लिया है।आधार कार्ड, डिजिटल लॉकर और ईकेवाईसी ने दस्तावेजीकरण की जटिलता को समाप्त कर दिया है।

# करम विसर्जन के दौरान डूबने से 5 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद-बरही :** करम डाली विसर्जन के दौरान मंगलवार को दो बड़ी घटनाएं हुई। इन दोनों घटनाओं में धनबाद में दो और हजारीबाग के चौपारण में तीन की डूबने से मौत हो गई। दोनों घटनाएं करमा डाली विसर्जन को दौरान घटी।चौपारण प्रखंड के बच्छई पंचायत अंतर्गत ओबरा गांव की छः बच्चियों का बराकर नदी डूबने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह गांव की बच्चियों का समूह डाली विसर्जन के लिए डेढ़ किमी दूर स्थित बराकर नदी पहुंची,जहां छः बच्ची करम की डाली विसर्जन के बाद नहाने लगी. इसी क्रम में गहरे पानी में जाने से सभी डूब गए. जिनमे मछुआरों ने तीन को किसी प्रकार बचाया, जबकि तीन अन्य का कुछ पता नहीं चल सका. इसकी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दिया गया. प्रशासन की टीम स्थानीय गोताखोर के साथ घटना स्थल पर पहुंची. काफी मशक्कत करने के बाद दिव्या कुमारी (15) पिता सत्येंद्र यादव का शव बरामद हुआ. जिसे तत्काल पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया। बाकी दो का शव नहीं मिल पाया है। घटनास्थल पर स्थानीय विधायक सहित कई लोग पहुंचे और प्रशासन को मदद की। दूसरी घटना धनबाद के बाघमारा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी स्थित माटीगड़ा डैम में करमा विसर्जन के दौरान दो बच्चे डूब गए।स्थानीय लोगों ने दोनों को नदी से निकालकर डुमरा अस्पताल ले गए,जहाँ डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान 10 वर्षीय देवराज कुमार और 14 वर्षीय सलोनी कुमारी के रूप में की गई।दोनों माटीगड़ा निवासी बताए जा रहे हैं।

**नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन की तैयारियों को लेकर सीएम ने की बैठक**

# झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में विकसित करना लक्ष्य : हेमंत

*** नेतरहाट इको रिट्रीट में पर्यटकों के सुविधाओं क रखें ख्याल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन की तैयारियों से संबंधित बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि नेतरहाट इको रिट्रीट-2023 के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करना है। ताकि झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को नेतरहाट इको रिट्रीट आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नेतरहाट इको-रिट्रीट फेस्टिवल पर्यटकों के लिए आकर्षक, सुंदर एवं निवेश की संभावनाओं वाला झारखंड के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इको रिट्रीट फेस्टिवल का उद्देश्य पर्यटकों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों को भी यहां निवेश के लिए आकर्षित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन राज्य में पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इको रिट्रीट फेस्टिवल कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करें।



**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव, निदेशक आईपीआरडी राजीव लोचन बक्शी सहित अन्य उपस्थित थे।

**नेतरहाट इको रिट्रीट फेस्टिवल्स में सुविधाओं का पूरा रखें ख्याल**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नेतरहाट इको रिट्रीट फेस्टिवल्स में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमान पर्यटकों का पूरा ख्याल रखें। इको रिट्रीट फेस्टिवल से संबंधित सभी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। पर्यटकों के ठहरने से लेकर खाने-पीने और मनोरंजन के साथ-साथ कौन-कौन से क्षेत्र का भ्रमण कराया जाएगा इसकी पूरी तैयारी रखें। पर्यटकों को झारखंड की कला- संस्कृति, रहन-सहन से रूबरू कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट में चिल्ड्रन एक्टिविटी की सारी सुविधाएं सुनिश्चित करें।

# तीन अक्टूबर को होगी रांची हिंसा मामले की सुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में रांची हिंसा की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर अब तीन अक्टूबर को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन इस मामले की सुनवाई टल गयी।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई कर रही है।अगली सुनवाई के दिन अदालत इस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनायेगा।पैगंबर विवाद को लेकर झारखंड के रांची में भी 10 जून को जमकर बवाल हुआ था। रांची में जुमे की नमाज के बाद मंदिर में पत्थर फेंका गया। इतना ही नहीं लोगों ने जमकर हंगामा, तोडफोड़ और आगजनी भी की थी। वहीं डेली मार्केट के पास कई राउंड फायरिंग भी की गयी थी। इसके बाद इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी थी। हिंसा के दौरान दो लोगों की मौत भी हुई थी।




### राज्य के सभी थानों को सीसीटीवी से लैस करें : हाई कोर्ट

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में डीजीपी को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी थानों को पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस किया जाए. इसके साथ ही अदालत ने डीजीपी को यह भी निर्देश दिया है कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे थाना में लगे सीसीटीवी का डाटा 18 महीने तक स्टोर रहे. हाईकोर्ट ने प्रॉपर्टी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड और शौभिक बनर्जी एवं अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया.

### बेबी देवी ने विधानसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य बेबी देवी पांचवी झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में अप0 12:30 बजे उन्हें शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण के उपरांत माननीय अध्यक्ष ने माननीय विधायक सह मंत्री श्रीमती बेबी देवी को शुभकामनाएं दीं।



# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बुधवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से 40 से अधिक फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। उपायुक्त ने आवेदकों से उनकी पूरी बातें सुनी और आवेदनों को संबंधित विभागों में स्थानांतरित किया। वहीं संबंधित पदाधिकारियों को आमजनों की समस्याओं को प्राथमिकता तय करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जनशिकायत कोषांग में समर्पित करने का निर्देश दिया। **किसी ने रास्ता तो किसी ने राशन कार्ड बनवाने पहुंचे :** उपायुक्त के जनता दरबार में कोई बंद रास्ता चालू कराने, पेंशन लागू कराने तो कोई भू-अर्जन के उपरांत रैयतों का मुआवजा भुगतान से संबंधित मामले लेकर पहुंचे थे। वहीं कई आवेदक राशन कार्ड बनाने, आवास योजना से अच्छादित किये जाने की मामला लेकर पहुंचे थे।जनता दरबार में छत्तरपुर से आये उदेश यादव ने अपने जमीन पर डीप बोर कराने हेतु अपना आवेदन डीसी के सामने प्रस्तुत किया। वहीं शहर के कांदु मुहल्ला से आई गायत्री देवी ने अपने आवेदन के जरिए विकलांग पेंशन योजना से लाभान्वित करने हेतु उपायुक्त से अनुरोध किया। सतबरवा के पोलपोल से आयी चम्पा देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग रखी। वहीं खामडीह से आई उर्मिला देवी ने बेटे को कैंसर होने की बातें उपायुक्त को बताई। उन्होंने बेटे की उपचार हेतु आर्थिक मदल की गुहार लगाई। बेलवाटिका निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने दो माह राशन नहीं दिये जाने का शिकायत उपायुक्त के समक्ष रखते हुए दूसरे राशन डीलर के पास कार्ड स्थानांतरित करने का अनुरोध किया।जनता दरबार में इसके अलावा विद्युत समस्या, अंचल अमीन द्वारा भूमि सीमांकन, मूलभूत सुविधा, पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये, जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## पोषण माह व अन्नप्राशन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** बाल विकास परियोजना हरिहरगंज व पिपरा के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह सह अन्नप्रासन दिवस पर मंगलवार को पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी ने फीता काटकेर किया। कार्यक्रम में मोटे अनाज से बनाये गये विभिन्न प्रकार के हलवा, लिट्टी, रोटी, मोमो, पूआ, इडली सहित कई प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन कर मोटे अनाज के उपयोग एवं इसमें उपलब्ध पोषक तत्वों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला पर्यवेक्षिका ने महिलाओं को बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक पोषण माह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पिरामल फाउंडेंशन की प्रोग्राम लीडर शाहीन और गांधी फेलो के किशन मौर्य ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि पोषण हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाती है। इसके साथ ही गोद भराई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुसेवक पारसनाथ, नरेन्द्र विश्वकर्मा, सेविका रौशन आरा, विमला कुमारी, कुसुम, रीमा, नमिता, पूनम, रुक्मिणी, हीरामणि सहित काफी संख्या में सेविकाऐं, किशोरी व महिलाएं मौजूद थी।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में एसडीपीओ सहित अनुमंडल के पदाधिकारियों ने किया रक्तदान



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में गढवा जिले में रक्त की उपलब्धता बनाये रखने के लिए मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 11 लोगों ने रक्तदान किया.रक्तदान करने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार तथा प्रणय मंडलाकार, ट्रॉमा सेंटर स्वास्थ्य कर्मी बिपेशराज तमांग, भवनाथपुर निवासी सौरभ सुमन, कोल्हुआ ग्राम निवासी एम्बुलेंस चालक मनोज कुमार, जंगीपुर निवासी हर्षराज किस्पोटा, ललन राम, अमित कुमार, इद्रीस अंसारी सहित ने स्वेच्छिक रूप से रक्त दान कर जिला रक्तबैंक को अपना को योगदान दिया। मौके पर प्रधान लिपिक राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू अशफ़ाक़ अहमद, प्रकाश कुमार सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## समाजसेवी ने निजी खर्च से कराई नहर की सफाई, सैंकड़ों किसानों को मिलेगी राहत



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी राघवेंद्र सिंह उर्फ अकालू सिंह ने मंगलवार को अपने निजी खर्च से प्रखंड क्षेत्र के बतरे मुख्य कैनाल में कोल्हुवाड़ा से पिरोजी गांव तक नहर में लगे खरपतवार, घास-फूस तथा झाड़ियों को मजदूर लगाकर साफ कराया। जिससे किसानों के खेतों में लगे धान की फसल को पटवन में राहत मिली है। किसान राजेश कुमार, गुड्डू भुईयां, अरविंद, शिव, महेंद्र, श्रीराम प्रजापति, राधेश्याम, रंजन, सीताराम साव सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि नहर में झाड़ियां व खरपतवार हो जाने से बहाव पूरी तरह से बाधित हो रहा था। उनके खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा था। जिससे धान की फसलों को सिंचाई करने में कठिनाई हो रहा था। नहर सफाई होने से ताराचक, बांसो, पिरोजी, कटैया, तेंदुआ, रामपुर के अलावे सीमावर्ती बिहार राज्य के बसडीहा, माड़र, सिमरी, हलका, हनेया, जमुआ आदि गांव के सैंकड़ों किसान नहर का पानी जाने के बाद राहत की सांस ली। वहीं अकालू सिंह द्वारा किसान हित में किए गए कार्य के लिए क्षेत्र के कई लोगों ने प्रशंसा की है।

# परियोजना कार्यालय में किया गया पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** बालविकास परियोजना के सभागार में एक सितंबर से 30 सितंबर तक चल रहे पोषण माह के अंतर्गत परियोजना स्टार पर पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित सीडीपीओ सह अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने उपस्थित सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को लोगो को पोषण का महत्व बताना है।इसके प्रति लोगो को जागरूक करना हैं। उन्होंने पोषण के पांच सूत्र के बारे में बताते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे के लिए मां का भी स्वस्थ होना उतना ही जरूरी है। इसमें पोषण के पांच सूत्र - पहले सुनहरे 1000 दिन, पौष्टिक महामंत्र साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पोषण संबंधी व्यवहार में परिवर्तन और जीवन शैली के बदलाव की बेहद आवश्यकता है। भोजन में पोषक तत्वों की कमी से प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती जा रही है। जागरूकता की कमी और समुचित पोषण के अभाव से बच्चों को कई प्रकार की बीमारियाँ हो रही हैं। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव कुपोषण का एक विश्वव्यापी समस्या बनकर उभरना है। आहार के प्रति सही व्यवहार और जागरूकता से ही एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। मौके पर पर्यवेक्षिका आरती देवी, दीपा कुमारी, माया गुप्ता, सेविका रेणु देवी, कौशल्या देवी, अमरावती देवी, आशा देवी, चिंता देवी, रीना देवी, शिला देवी, उर्मिला देवी सहित बड़ी संखूया में सेविकाएं उपस्थित थी।

## सलतुआ गांव में तहले नदी के तट पर होगा शतचंडी यज्ञ का आयोजन कमिटी गठित की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत के झरिवा शिव मंदिर के प्रांगण में शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यह जानकारी शतचंडी यज्ञ के अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुडन सिंह ने दी। उन्हों ने सभी को शतचंडी यज्ञ में आमंत्रित करते हुए बताया कि 3 मार्च 2024 से 9 मार्च 2024 तक यज्ञ सफल बनाने के उपलक्ष में बैठक कर कमिटी गठित किया गया। जिसमे उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा सर्व समिति से अध्यक्ष- विश्वास सिंह उर्फ़ गुडन जी, उपाध्यक्ष-विगेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष -मुरलीधर सिंह, उपकोषाध्यक्ष - विजय प्रसाद गुप्ता, सचिव - पुरनचंद पासवान (शिक्षक), छोटेलाल विश्वकर्मा, मंत्री - कृष्णा सिंह, महामंत्री-राजकेश्वर सिंह, मंच संचालक - अरुण चंद्रवंशी, सोनू गुप्ता, आशीष सिंह, राहुल बाबू, कार्यकरणी समिति - लवकुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, उदय प्रसाद,अनिल प्रसाद गुप्ता (गुड्डु), हीरालाल प्रसाद, तुलसी साव, गुलाब साव, बद्री प्रसाद, छत्रधारी साव, संतु सिंह, प्रसाद गुप्ता, विठल सिंह, सिपाही सिंह, मिथलेश सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, देवराज सिं, रामस्वरूप सिंह (दरोगा), गाडे सिंह, जीतेन्द्र सिंह, राजू सिंह, चलितर पासवान, देवनारायण सिंह, पांडव सिंह, पंकज सिंह, उदित सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पचु सिंह (सलतुआ डीलर), पंचम सिंह डीलर, दिनेश सिंह, बैजनाथ कोरवा, कौशल तिवारी, बीरबल भुइया इत्यादि। उन्होंने बताया कि महायज्ञ की 26 दिसम्बर 2023 को हनुमत पूजा के साथ हनुमान जी का झंडा उस दिन यज्ञ स्थल पर स्थापित किया जाएगा।

## नरही पंचायत सचिवालय में बैठक आज

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में 27 सितम्बर को 11 बजे पूर्वाहन से पंचायत स्तरीय एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त बैठक में पंचायत में कार्यरत सभी विभागों के कर्मियों को आमंत्रित किया गया है।

## भगत सिंह के सपनों का भारत विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन 28 को

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीदे आजम भगत सिंह जयंती के अवसर पर आगामी 28 सितम्बर को अल्का मैरेज गार्डेन में दोपहर एक बजे से भगत सिंह के सपनों का भारत विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये भाकपा के जिला सचिव राजकुमार राम ने लोगों से उक्त विचार गोष्ठी में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत महिलाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल द्वारा एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट रांची के तत्वाधान में जल जीवन मिशन अंतर्गत आठ पंचायतों के प्रत्येक ग्राम से जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, सेविका तथा महिला समिति के दो एक्टिव महिलाओं सहित कुल पांच महिलाओं को जल जांच का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को किया गया। प्रशिक्षण एनजीओ के जिला कोर्डिनेटर आनंद मोहन चौबे ने दिया। प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाओं को जल जांच करने का तरीका बताया गया। एनजीओ द्वारा सभी महिलाओं को जल जांच का किट भी उपलब्ध कराया गया। प्रशिक्षण में बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण कुमार मुंडा, एनजीओ के प्रखंड कोर्डिनेटर रामकिशुन राम, मीरा देवी, करुणा देवी, रीना देवी प्रभा देवी, संगीता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रभावती देवी सहित बड़ी संखूया में महिलाएं उपस्थित थी।

# राशन कटौती को लेकर समाजसेवी बलराम पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण ने एमओ को दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशुनपुरा (गढ़वा) :** प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा लाभुकों को दो माह का पर्ची निकालकर एक माह का राशन देने पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी बलराम पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण ने बुधवार को अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुश्री निधि रजवार को आवेदन दिया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बिशुनपुरा प्रखंड अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा लभुक को अगस्त एवं सितंबर माह का अंगूठा लगाकर एक माह का राशन दिया गया है। जिससे सैकड़ो लाभुक छुब्ध होकर प्रखंड मुख्यालय पर संवैधानिक तरीके से प्रदर्शन कर, कटौती किए गए राशन की मांग की। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इसके पूर्व में भी 18/9/2023 को अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लाभुकों के द्वारा आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक नहीं दो माह का राशन मिल सका नहीं कोई जन वितरण प्रणाली दुकानदारों पर किसी तरह का कोई ठोस कदम उठाया गया। लाभुकों ने बताया कि क्षेत्र में सूखा पड़ने के कारण भुखमरी की स्थिति बनी हुई है लोग पलायन के लिए मजबूर हैं। सैकड़ो लाभुक ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से आग्रह किया है कि कोई ठोस कदम उठाते हुए हम लोगों को दोनों माह का राशन दिलाने की कोशिश की जाए ताकि भुखमरी से निजात मिल सके। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, समाजसेवी लतीफ अंसारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य एनुअल अंसारी, अमहर पंचायत समिति सदस्य भरदुल चंद्रवंशी, गोपाल राम, नरेश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, फेकू साह, मुखदेव राम, कमरुद्दीन अंसारी, कामेश्वर मेहता, चंदेश्वर मेहता, अकलीम अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद, रामप्रवेश साव, ललन गुप्ता, अनिल रजवार, अजय चंद्रवंशी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया करमा पर्व



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में करमा पर्व हर्षोल्लास तथा परंपरागत तरीके से मनाया गया। हरेक वर्ष भादो माह के शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि को मनाये जाने वाले इस त्योहार को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह रहा। इस दौरान झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पिपरा में भी करम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की शिक्षिकाओं व छात्राओं ने दिनभर उपवास रखकर संध्या में परिसर में करम डाल गाड़कर अपने भाईयों की सुख समृद्धि तथा उनके लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन मौसमी रंजन ने कहा कि करमा प्रकृति पर्व के साथ ही भाई बहनों के स्नेह का मानक पर्व है। मौके पर सहायक शिक्षिका प्रमीला कुमारी, सविता कुमारी,अर्चना कुमारी सहित काफी संख्या में विद्यालय की छात्राएं मौजूद थी।

### छतरपुर नगर पंचायत की समस्या को लेकर सौंपा मांग पत्र

# पांच सालों में करोड़ों खर्च होने के बावजूद भी बुनियादी समस्याएं मुंह बाए खड़ी है : अरविन्द



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** नगर पंचायत छतरपुर में अनेको समस्याएं विद्यमान है, आज आलम ये है कि करोड़ो खर्च होने के बावजूद धरातल पर कहीं काम नहीं दिखता।छतरपुर नगर पंचायत के गठन के पांच साल पूरे हो गए है फिर भी यहां कई बुनियादी समस्याएं आज भी मुंह बाए खड़ी है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द ने इन समस्याओं की ओर कार्यपालक अधिकारी का ज्ञापन देकर ध्यान आकृष्ट कराया है उनमें थाना परिसर, अमण्डलीय हॉस्पिटल परिसर, वन विभाग परिसर और मिडिल स्कूल परिसर में मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण करवा कर लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने, नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटो के ख़रीद की जाँच कराने, स्ट्रीट लाइटों की खरीदारी में लगभग दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है, अगर प्रति लाइटों की कीमत देखें तो प्रति लाईट की कीमत लगभग 85 सौ पड़ रही है जबकि वास्तविक मूल्य बेहद कम प्रतीत होता है। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में चारो तरफ कूड़े और गंदगी का अम्बार पसरा है उसकी सफाई सुनिश्चित कराई जाए। बारिश के मद्देनज़र नगर के सम्भावित स्थानों पर नालियों की सफाई सुनिश्चित कराई जाए ताकि जलभराव से बचा जा सके। नगर में टाउनहाल और नगर पँचायत के कार्यालय का निर्माण सुनिश्चित कराने। नगर में स्वच्छ वातावरण बनाने और लोगों के सेहत के मद्देनजर पार्क का निर्माण कराने, नगर में आवंटित पीएम आवास के सभी लाभुकों को उनकी क़िस्त दे कर किस्त का भुगतान सुनिश्चित कराने और आवास पूर्ण कराए। ज्ञापन सौंपने का बाद पत्रकारों से बात करते हुए अरविन्द गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत में अनियमित बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। अविलम्ब समस्याएं के निराकरण करे नगर पंचायत वरना नगरवासी छतरपुर विकास मंच के तत्वाधान में आन्दोलन करने को विवश हो जाएंगे।

## सेवानिवृत शिक्षक रामसागर सिंह की हुई धूमधाम से विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में पद स्थापित प्रधान शिक्षक रामसागर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्ति प्रधान शिक्षक रामसागर सिंह पिछले 30 जून 2023 को सेवानिवृत हो गए थे। वे प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में 17 फरवरी 2004 से योगदान दे रहे थे। इनके सेवानिवृत्ति विदाई समारोह कार्यक्रम के अवसर पर केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, बीडीसी अजीमा खातून, शिक्षा विभाग के बीपीओ रविन्द्र मेहता, मौजूद रहे। इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक का सभी ने आत्मीय स्वागत फूल माला पुष्पगुक्ष और अंगवस्त्र देकर भेट किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने सेवानिवृत शिक्षक के कार्यशैली को जानकर खूब सराहना की एवं उनसे आग्रह किया कि समय-समय पर उक्त विद्यालय में आकर शिक्षा का अलख जगाए और अपना मार्गदर्शन जरूर दें ताकि इस क्षेत्र के बच्चों का भविष्य और उज्जवल हो सके। साथ ही बीडीसी अजीमा खातून ने सेवानिवृत शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधान शिक्षक रामसागर सिंह लगनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ सहज एवं सरल स्वभाव के शिक्षक थे जो हमेशा हम सबको याद रहेंगे और उनकी कमी भी हम सभी को महसूस होते रहेगी। वही विदाई समारोह कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण एवं क्षेत्र के शिक्षक गण उनका व्यावहारिकता को देख खूब प्रशंसा किया। इस मौके पर बीआरपी रमेश रजक, सीआरपी संतोष रजक, अकाउंटेंट अरुण गुप्ता, छोटन पाल, एमडीएम प्रभारी रामविजय साह, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी विद्यालय के शिक्षक असीम अंसारी मौलाना मुजफ्फर हुसैन, शिक्षक सतीश चौबे देवेंद्र कुमार मेहता, राजनाथ राम, सुनील पांडे, दीनानाथ मेहता, अल्ताफ अंसारी, अली हुसैन अंसारी, राजकिशोर सिंह,उमेश प्रसाद, फैजान अंसारी, दिनेश सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

## हरिहरगंज में अबतक नहीं हो सका किसान सलाहकार समिति का गठन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसानों से परामर्श कर योजना तैयार करने के लिए प्रखंड स्तर पर किसान सलाहकार समिति का गठन हरिहरगंज में अबतक नहीं हो सका है। हालांकि विभागीय निर्देश के आलोक में बीते 24 अगस्त को प्रखंड सभागार में कमिटी गठन को लेकर बैठक निर्धारित था। किंतु समन्वय नहीं बन पाने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया था। इस संबंध में पूछे जाने पर आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रवीण जहां ने बताया कि हंगामे के कारण पूर्व में बैठक को स्थगित किया गया था। शीघ्र ही वरीय अधिकारियों से मिलकर बीएफएसी गठन को लेकर नई तिथि का निर्धारण किया जाएगा। मालूम हो कि किसानों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रबंधन, किसानों से सलाह लेकर कार्ययोजना तैयार करने व किसानों के कठिनाइयों को दूर करने के लिए अध्यक्ष सहित 29 सदस्यीय प्रखंड किसान सलाहकार समिति का गठन किया जाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### लाभुक को पूर्ण अनाज के साथ रसीद भी देना होगा : देवेंद्र नाथ महतो

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिती रांची टीम द्वारा रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।मौके पर जेबीकेएसएस के केन्द्रीय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो, खतियानी सुमित ने बताया कि रांची जिला में कुल 2140 जन वितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से लगभग 5 लाख परिवार के लगभग 19 लाख 80 हजार लोगों को राष्टीय खाद्य अधिनियम के तहत सस्ते से सस्ते दामों में अधिकतम सब्सिडी पर खाद्यान वितरण करना है , राज्यस्तीय, जिला स्तरीय, प्रखण्ड स्तरीय, पंचायत स्तरीय गठित सतर्कता टीम का उदासीन रवैया के कारण एक भी दुकानदार लाभुकों को अनाज के साथ रसीद नहीं देता है, लाभुकों से दो बार टेपा मरवाकर कर दो महीना के जगह डेढ़ महीना का राशन दिया जा रहा है, प्रति यूनिट एक दो किलो का अनाज कटौती किया जा रहा है। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने जिला आपूर्ति विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि दो दिन के अन्दर सकारात्मक करवाई करते हुए लाभुक को बिना कटौती किए पूर्ण अनाज दिया जाय साथ ही साथ अनाज के रसीद दिया जाय।

### सदर अस्पताल में 27 से कैंसर का इलाज होगा शुरू

**रांची :** सदर अस्पताल में बुधवार से कैंसर के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी। हर तरह के कैंसर मरीजों को सदर अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा दी जायेगी। यह आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह से निशुल्क होगा। जो इस योजना के तहत नहीं आते हैं, उन्हें सरकारी दर या न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा कैंसर सर्जरी की सुविधा भी सदर में मिलेगी। कैंसर सर्जरी के लिए तीन दिन ओपीडी की सुविधा मिलेगी। मेडिकल आंकोलॉजी में डॉ. गुंजेश दो दिन बुधवार और शुक्रवार को परामर्श देंगे।

# नामकुम के आईटी पार्क में जल्द काम करेगा पासपोर्ट का नया ऑफिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** नामकुम स्थित आईटी पार्क में पासपोर्ट का नया ऑफिस जल्द काम करने लगेगा। पासपोर्ट की बढ़ती मांग और नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस नए ऑफिस में एक दिन में कम से कम 700 आवेदकों का पासपोर्ट के लिए आवेदन स्वीकार करने की क्षमता होगी। जल्द ही झारखंड के सभी पासपोर्ट ऑफिस को ऑफलाइन से ऑनलाइन किया जाएगा। यह जानकारी रांची की क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता कुमारी ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय ने रांची के नगड़ी में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इस भवन में विदेश मंत्रालय के अन्य जन केंद्रित विभाग भी कार्यशील होंगे। उन्होंने बताया कि गुमला और गिरिडीह में पोस्ट



ऑफिस आधारित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को ऑफलाइन से ऑनलाइन मोड में बदला जा रहा है। इससे रांची पासपोर्ट कार्यालय इन केंद्रों में प्राप्त आवेदनों का वास्तविक समय में निस्तारण कर सकेगा। इसी तरह गोड्डा वासियों की सहूलियत के लिए गोड्डा स्थित मुख्य डाकघर में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसकी स्थापना के बाद झारखंड राज्य में यह सोलहवां पासपोर्ट आवेदन केंद्र होगा। इसका उद्घाटन जल्द ही गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय जमशेदपुर, बोकारो एवं चाईबासा पोस्ट ऑफिस स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्रों को पहले से अधिक पासपोर्ट आवेदन स्वीकार करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पासपोर्ट अधिकारी मनीता कुमारी ने बताया कि पासपोर्ट के आवेदन के लिए दो प्रूफ देने होते हैं। एक डेट ऑफ बर्थ और दूसरे में आधार और बैंक पासबुक। इसमें पैन कार्ड या बैंक पासबुक लगा सकते हैं। इसके साथ ही एड्रेस प्रूफ देने होते हैं।

# मॉब लींचिंग पर संख्त कानून बनाने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पसमांदा मुस्लिम युनाइटेड कॉउंसिंल भारत के सदस्य, अंसारी महापंचायत एवं लोक प्रिय समता पार्टी पटना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी ने कहा कि पसमांदा समाज को उचित भागीदारी नहीं मिली है। अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त कर मुस्लिम व इसाई के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात समाप्त किया जाये. वह मंगलवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से रुबरू होते हुए बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में जो पार्टी पसमांदा समाज के हक हधिकार की बात करेगी, सिर्फ बात ही नहीं उसे कर के दिखाना होगा. समाज का पूरा मत उसे मिलेगा। संविधान कहता है कि सभी नागरिक समान हैं। इस लिये केंद्र सरकार से मेरी मांग है कि भारत हिंदु, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी का देश है. इस लिये अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त कर मुस्लिम व इसाई के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात को समाप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि एमआईएम



मुस्लमानों की आवाज उठाती है, लेकिन पसमांदा समाज की आवाज नहीं उठाते हैं। दिल्ली में 1 अटूबर को पार्टी लांच हो रही है, और अब झारखंड में भी पार्टी बनाने की तैयारी है। झारखंड में पार्टी की कमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी के हाथों में हैं। पसमांदा मुस्लिम युनाइटेड कॉउंसिंल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने सभी को हमेशा साथ लेकर चला। दबेकुलचे, दिलतों, शोशितों के आवाज बन कर चले। हर एक को उसका अधिकार दिलाया. इस दिनों झारखंड में मुसलमानों के हालात काफी बेगड़े हुए हैं। मॉबलींचिंग के शिकार शमशाद के यहां हमार मुख्य मंत्री नहीं गये, अलीमुद्दीन अंसारी की पत्तनी इंसाफ के लिये परेशान है, ऐसे और भी कई हैं, सभी को हक मिलना चाहिये। इसके लिये सभी मुसलमानों को एक होकर साथ आना होगा। मौके पर मौलाना तौफीक अहमद कादरी, मो जकी इनाम, अनवर खान, मो नसीम, अब्दुल हसीब अध्यक्ष एराकिया पंचायत, शोएब अंसारी, प्रो शकील अंसारी, इम्तियाज अहमद, मो जबिउल्लाह, महमूद आलम, शहाबुद्दीन अंसारी पटना, यासीन अंसारी, चंद्रवंशी गया, युनुस अंसारी गया, मधुमंसूरी, सोहेल अख्तर गब्बर, मो मेराज, एहतेशाम अली, शहनाज खान, नुसरत परवीन, शाहीन मरयम, नसरत परवीन, मो आलम रामगढ़, कारी फैसल जमाली बोकारो, मास्टर मोजम्मिल, शामिल थे।

## अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त सदस्यों ने संभाला पदभार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त सदस्य डॉ एम तौसीफ ने मंगलवार को धुर्वा स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। तौसीफ ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। बिहार, बंगाल और दूसरे राज्यों में की तर्ज पर झारखंड में काम किया जाएगा। अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास के लिए इनोवेटिव तरीके के साथ प्रयास किया जाएगा। इस दौरान झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह माथारू, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विनय सिन्हा, शांतनु मिश्रा, सुनील सिंह, हुसैन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नेशनल राइफल शूटर तारा शहदेव मामले में सभी आरोपितों का लिखित बहस कोर्ट में प्रस्तुत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सभी आरोपितों के लिखित बहस सीबीआई कोर्ट में मंगलवार को प्रस्तुत किए गए। इससे पूर्व बीते 23 सितम्बर को सीबीआई और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। इसके बाद सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने बचाव पक्ष को कहा था कि यदि वह लिखित बहस देना चाहते हैं तो दे सकते हैं।

मामले में कोर्ट ने उसी दिन फैसले की तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की थी। पूर्व में सीबीआई की ओर से हुई बहस के दौरान तारा शाहदेव की ओर से कोहली पर लगाए गए



आरोपों का समर्थन किया गया था जबकि बचाव पक्ष की ओर से बहस में तारा की ओर से लगाए गए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया गया था। उल्लेखनीय है कि मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहा है। आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई, 2014 को हुई थी। सीबीआई ने 22 मई, 2017 को रंजीत सिंह कोहली सहित तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## हाई स्कूल में लगाया गया मतदाता पंजीकरण शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य भर में मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखंड के नेतृत्व में वोटर आईडी कार्ड बनाने हेतु चलाया जा रहा है वोटर पंजीकरण अभियान। इस पहल का उद्देश्य है भावी मतदाताओं को पंजीकृत कर उनके लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना। मतदान एक महत्वपूर्ण तरीका है जिसके माध्यम से लोग अपने प्रतिनिधि को चुन सकते है। देश की बड़ी जनसंख्या युवाओं की होने के कारण, उनका वोट लोकतंत्र में आवाज को महत्वपूर्ण बनाता है। -26/ 09/ 2023 को इसी भावना को सक्रिय कर युवाओं को वोट करने हेतु प्रेरित करते हुए मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए राईन उर्दू +2 हाई स्कूल, रांची में शिविर का आयोजन किया गया। ग्यारवीं एवं बारवीं कक्षा की 25 से अधिक छात्राओं ने मतदाता पहचान पत्र बनाने हेतु फॉर्म 6 भरा।

## अल्पसंख्यक आयोग के पहली बैठक में गढ़वा जिला के मुमताज अंसारी का मामला उठा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, राँची झारखण्ड राज्य अल्पसख्यक आयोग की प्रथम बैठक 26.09.2023 को की गई। बैठक में आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने सारे सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यों के परिचय उपरान्त बैठक की कार्यवाई प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम गढ़वा जिला के मुमताज अंसारी की शिकायत पर यह निर्णय लिया गया कि अविलम्ब जिले के पुलिस अधीक्षक से अब तक की गई, कार्रवाई रिपोर्ट मंगाई जाए। ज्ञात हो की गढ़वा में पुलिस पर ही एक अल्पसंख्यक मो0 वसीम सज्जाद की हत्या का आरोप हैं जिन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से आयोग इसे



गभिरता से लिया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की 1984 दंगा पिड़ितों को मुआवजा दिलाने हेतु गृह विभाग से अघतन प्रतिवेदन की माँग की जाए। सिख समुदाय के पिछड़ी जाति को पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अब तक क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी लेने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग एवं कार्मिक विभाग से रिपोर्ट ली जाए। राज्य के अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को स्कालरशीप का लाभ दिलाने के संबंध में अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम से पुरी जानकारी मांगी जाए। अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान का प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु शिक्षा विभाग से जानकारी प्राप्त की जाए। ज्ञात हो की अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के रूप में इसाई, मुस्लिम, सिख, बौद्ध एवं पारसी संस्थान आते है बैठक में आयोग के दोनों उपाध्यक्ष समशेर आलम एवं ज्योति सिंह मथारु, सदस्य डॉ मोरलेउद्दीन तौसिफ , सुशील मरांडी, वारीश कुरैशी, गफ्फार अंसारी, बरकत अली, इकरारुल हसन, सबिता टुडू उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण विकास परिषद एक अक्टूबर को मनाएगा शौर्य शक्ति दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्रीकृष्ण विकास परिषद एक अक्टूबर को यादव महासभा का शताब्दी वर्ष पुराना विधानसभा हॉल में शौर्य शक्ति दिवस के रूप में मनाएगा। इस संबंध में मंगलवार को श्रीकृष्ण विकास परिषद के प्रमुख सदस्यों का महत्वपूर्ण बैठक हटिया रेलवे मार्केट स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने की। बैठक में निर्णय हुआ कि यादव महासभा के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी




समारोह सम्मेलन के उपलक्ष्य में भव्य रूप से शौर्य शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सम्मेलन एक अक्टूबर को पुराना विधानसभा सभागार में आयोजित होगा। कैलाश यादव ने कहा कि यादव महासभा का सौ वर्ष पूर्ण होना गौरव की बात है।कार्यक्रम में राज्यभर से यादव समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, विधायक सहित सामाजिक संगठनों के लोग भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से महासचिव नंदन यादव, सुरेश राय, रामकुमार यादव, राजकिशोर सिंह यादव, मैनेजर राय, कन्हैया सिंह,चंदन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण करने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक समाहरणालय में आयोजित की। उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश सम्बंधित सभी अधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त और पीसी एंड पीएनडीटी की सलाहकार समिति ने कई निर्णय लिये। इनमें नया निबंधन के लिए तीन अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक की स्वीकृति और नवीकरण के लिए एक अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को स्वीकृति दी गयी। उपायुक्त रांची की ओर से वैसे क्लिनिक जो अनरजिस्टर्ड है और कोई अनक्वालिफाइड पर्सन अल्ट्रासाउण्ड का कार्य कर रहा है। उस पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुखबरी योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के आवेदन का सम्पादन ससमय करना सुनिश्चित किया जाए।

## चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची :** रांची के पुंदाग ओपी की पुलिस ने चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सद्दाम अंसारी और कमरूल अंसारी शामिल है। सद्दाम खेत मुहल्ला और कमरूल आईएसएम चौक पुंदाग का रहनेवाला है। दोनों के पास चोरी किये गए समान बरामद किए गए है। डीएसपी यशोधरा ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पुंदाग आईएसएस चौक के पास स्थित रहने वाले उदय शंकर प्रसाद के घर से 23 सितम्बर को कुछ दिन पहले चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दोनों ने इनके घर से तार और प्लंबिंग के सामान की चोरी की थी।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में जुलूस ए मोहम्मदी निकालने का डीसी ने किया अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी - 28-09-2023 को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलुस को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणायल ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची, अपर जिला दण्डाधिकारी, (विधि- व्यवस्था), रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर रांची, सम्बंधित अधिकारी, मुस्लिम संगठन एवं दरगाह कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त रांची




राहुल कुमार सिन्हा ने कमेटी के सदस्यों से जुलुस को लेकर निर्धारित मार्ग के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिस पर कमिटी के सदस्यों ने पूर्व से निर्धारित मार्ग से जुलुस ले जाने की बात पर सहमति जताई। 28 सितम्बर 2023 को जश्न-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी सुबह 09:00 बजे निकाला जायेगा। रांची के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से जुलूस निकाला जायेगा जो रिसालदार बाबा मजार, डोरंडा तक पहुंचेगा। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम को लेकर कमिटी के सदस्यों को आश्वासन दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची ने भी सभी से आपसी सौहार्द बनाएं रखने की अपील की। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही।

उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका पर पुलिस प्रशासन को संपर्क करने की अपील की।

## मुख्य सचिव से मिला झारखंड आदिवासी कुड़मी मंच का प्रतिनिधिमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदिवासी कुड़मी समाज और वृहद झारखंड आदिवासी कुड़मी मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से प्रोजेक्ट भवन में भेंट की। उन्हें प्रतिनिधिमंडल ने 480 पन्नों का ज्ञापन भी सौंपा। मुख्य सचिव ने कहा कि उनके मांग पत्र का अध्ययन होगा। इसके उपरांत इस विषय पर मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा होगी। चर्चा उपरांत इस पर सरकार ही कानून सम्मत या नियम सम्मत कार्रवाई करेगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मंटू महतो ने कहा कि पिछले दिनों झारखंड में रेल टेका डहर छेका कार्यक्रम कुड़मी संगठनों की ओर से चलाया गया था। इस



आंदोलन के दौरान कई लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से मुकदमा भी दर्ज किया गया। ऐसे में सरकार के साथ वार्ता के दौरान सबसे पहले आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की वापसी पर वार्ता हुई। इसमें कहा गया कि इस संबंध में डीजीपी झारखंड से बात करने के बाद इस विषय पर हल निकाला जाएगा। दूसरा विषय कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर था। मंटू महतो ने कहा कि हम सभी कुड़मी जनजाति संगठित रहेंगे। आगे की रणनीति बनाने के लिए सभी कुड़मी एक होकर आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे। यह लड़ाई अभी लंबी चलेगी और इसका सही हल केन्द्र से ही मिलेगा। हम लोगों ने अपनी बात को मुख्य सचिव के सामने साक्ष्यों एवं कानूनी पहलुओं को मजबूती से रखा है। मुख्य सचिव ने हमारी बातों को गंभीरता से सुना है। उम्मीद है कि सीएस से मिले आश्वासन के बाद इस संबंध में जल्दी ही जरूरी कदम उठाए जाएंगें।

## जश्न ए ईद मिलादुन्नबी कल पुलिस प्रशासन ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जश्न ए ईद मिलादुन्नबी 28 सितंबर को है इसको लेकर शहर के तीन थाना क्षेत्र के डीएसपी,थानेदार सहित विभिन्न संगठनों के लोगो के साथ बैठक की गई। सभी लोगों सभी लोगों ने बताया कि वह हर साल की तरह इस साल भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से निकलेंगे और जो रूट पहले से निश्चित है , उसी रुट मार्ग से शांतिपूर्ण तरीके से सुबह में अपने-अपने क्षेत्र से निकलेंगे।



साथ ही डीजे जैसे साउंड का उपयोग नहीं करेंगे। इस बैठक में सिटी डीएसपी दीपक, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय,हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी , डेली मार्केट और लोअर बाजार थाना प्रभारी मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, बुधवार, 27 सितंबर 2023 | पेज 4


## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया करमा पूजा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा धूमधाम और बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।बचरा के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में करमा पूजा का उत्साह जोरों पर रहा।हर मोहल्ले और टोला में करम डाली की पूजा कर परंपरा को बढ़ाया गया।बारिश की फुहारो के बीच इस बार काफी धुमधाम के साथ करमा पूजा मनाया गया।प्रकृतिक पर्व करमा का उत्साह सभी जगह पर देखा गया।परंपरा के मुताबिक निर्जला उपवास कर रहीं कुंवारी कन्याओ ने मांदर, ढोल और झाल की धुन के बीच करम डाल रोपा। .सांध्य बेला में पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई।दुल्हन की तरह सजाकर माता जावा रानी को करम डाल के आगे रखा गया।फिर कथा शुरू हुई।कथा के बाद उपवास करने वालों ने जल और फल ग्रहण किया।फिर शुरू हुआ नाच-गान का दौर। इस दौरान करम डाल के चारों ओर सामूहिक नृत्य कर देवता को रिझाया जाता रहा।नाच गान का यह दौर देर रात तक जारी रहा।बचरा के बसंत बिहार,वन विहार, अशोक विहार,माईर्न्स कॉलोनी,टीएच कॉलोनी, 122 कॉलोनी,172 कालेनी, 64 कॉलोनी,एलो कॉलोनी वहीं ग्रामीण इलाकों में बेती,बहेरा,किचटो, कल्याणपुर,कारो,बिलारी, हफुआ,बन्हे,बुंडू,राय, पुरानीराय,बमने बचरा बस्ती, आदि सभी जगह पर करमा पूजा धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।बचरा बिशुझापा और वनबीआर कालोनी मे बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे मुखिया रीना देवी सहित कई लोग शामिल हुए।



## तमाड़ के ड़ोडेया में धुमधाम से करमोत्सव मनाया गया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के डोड़ेया में आदिवासी छात्र संघ द्वारा प्रकृति पर्व करमा पूजा करम डाली गाड़ कर पूरे विधि-विधान के साथ पाहान लखीन्द्र मुण्डा के नेतृत्व में बहनों द्वारा पुजा अर्चना किया गया। इस दौरान बहनों द्वारा अपने पारंपरिक मनमोहक परिधान में तथा थाली में पूजा सामग्री सजाकर लाया गया। एवं पंक्तिबद्ध तरीके से पाहान द्वारा पूजा कराया गया। बहनों ने अपने भाईयों के दीर्घायु एवं स्वास्थ्य होने की कामना करम राजा से किया।गांव में सुख समृद्धि, स्वास्थ्य और अच्छे उपज हो उसके लिए भी बहनों ने करम राजा से प्रार्थना किया। करम पूजा के अवसर पर पांच परगना आदिवासी समाज के सदस्यों लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्णचंद्र मुण्डा,उदरकांत मुंडा, सहदेव मुंडा,मंटु मुंडा,शिशुपालपातर मुण्डा,हरि सिंह मुंडा , पूर्व मुखिया सोनाराम मुंडा, मुखिया धनमनी देवी, नीलकमल मुंडा गुरुचरण मुंडा दीनबंधु पुरान,महेन्द्र पुरान, राकेश उरांव, धनंजय उरांव,रामधन मुंडा सहित उप मुखिया निहारिका सिंह,अविनाश सिंह ने उपस्थित लोगों को करमा पूजा की शुभकामनाएं दीं। आदिवासी छात्र संघ द्वारा आयोजित करमा पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से देवकुमार उरांव, राजेश उरांव, धनंजय उरांव, राकेश उरांव,बनकुमार उरांव, मनसु उरांव सहित समस्त डोड़ेया के महिला पुरूष एवं भाई बहनों का योगदान रहा। इधर डोड़ेया के साथ ही पूरे पांच परगना क्षेत्र में करमा पूजा धुमधाम से मनाया गया।जहां पांच परगना आदिवासी समाज के सदस्यों ने आगरा गांव मे भी जाकर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दिया एवं नाच गान कर करम महोत्सव का आनंद लिया।



## हॉकी प्रतियोगिता की चैंपियन बनी मारांगबुरू, विधायक ने खस्सी प्रदान किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के बाड़ीनिजकेल पंचायत के उलिहातु हाड़ामसेरेंग मैदान में दो दिन तक चले हॉकी प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गया।इस प्रतियोगिता में सुदूरवर्ती गांवो के 16 हॉकी टीमों ने भाग लिये जिसमे मरांगबुरु और बरगी की टीम फाईनल में उतरी। इस मुकाबले में मरांगबुरु हॉकी टीम ने बरगी टीम को एक गोल देकर हराया और प्रतियोगिता की विजेता बनी।विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ीयों को मुख्य अतिथि तौर पर उपस्थित स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा पुरस्कार के रुप में खस्सी प्रदान किया गया।इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हॉकी प्रेमी इस खेल को महत्व दें और उन्होंने खिलाड़ीयों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने हॉकी मैदान बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। प्रखंड में हॉकी अकादमी बनाने की बात कही ताकि क्षेत्र के होनहार खिलाड़ीयों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। वहीं वापसी के क्रम में अड़की चौक पर कुछ देर के लिए विधायक रुककर ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरु हुए यहा पर प्रखंड क्षेत्र के राशन वितरण दुकानदारों के द्वारा कम राशन देने के शिकायत पर उन्होंने कहा डीलरो को पुरा राशन मिलता हैं कोई कटौती नही होती है लोगो से पुरा राशन लेने को कहा यदि राशन दुकानदार कम राशन देता है तो हमे तत्काल इसकी सुचना दें। उन्होंने आगे कहा कि उस राशन दुकानदार की कार्यशैली की जांच कराकर कानुन सम्मत कारवाई की जाएगी। अड़की - कोचांग पथ निर्माण जमीन मालिकों को मुवावजा नही मिलने के शिकायत पर जिला भुअर्जन पदाधिकरी से फोन पर संपर्क कर जल्द भुगतान करने को कहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, मुखिया रेंजन मुंडा, भोलानाथ लाल ,अर्जुन मुंडा ,अरविंद कुमार ,मेथा पाल ,मलिन महतो सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण कोषांग की बैठक आयोजित




**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला बाल संरक्षण, सहयोग वीलेज सहित अन्य कार्यरत एजेंसियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सहयोग वीलेज, आशा किरण, आशा ज्योति शिखा के कार्य संचालन की समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अंचलाधिकारी को स्पांसरषीप प्रोग्राम यथा- फोस्टर केयर स्कीम, पीएम केयर स्कीम के तहत लाभुकों का निरीक्षण एवं सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिषन बात्सल्य योजना की त्रैमासिक बैठक का आयोजन करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुचारू रूप से कार्यों का पूर्ण अनुपालन किया जाना चाहिए। साथ ही व्यवस्थाओं को बेहतर करने एवं समय - समय पर किए जा रहे कार्यो का उचित अनुश्रवण करने को लेकर दिशा - निर्देश दिए।

## दिव्यांग एवं विकलांग बच्चों के बीच निशुल्क जांच एवं उपकरण वितरण किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र सिल्ली एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुख्यालय के प्रांगण में मंगलवार के दिन समावेशी शिक्षा के तहत निशक्त बच्चों जिनकी आयु 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बीच जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी अंचलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन आशीष लकड़ा तथा उप प्रमुख आरती देवी की उपस्थिति में कुल 85 उपकरण का वितरण किया गया। जिसमें ट्राई साइकिल तीन बच्चों को,सी पी कुर्सी 10 बच्चों को, रोलेटर चार बच्चों को, व्हीलचेयर आठ बच्चों को, एलवो क्रचेंज दो बच्चों को तथा सात श्रवण निशक्त बच्चों को कान में सुनने की मशीन का वितरण किया गया। सामग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के आयु वाले दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर विकलांग शिक्षक शोभा सिंह, सुरेश महतो, उमेश महतो, मिथुन चंद्र महतो, बीपीओ कृष्णा हेंब्रम, बीआरपी संगीता टोप्पो, मेघनाथ राम, समेत अभिभावक तथा प्रखंड के कर्मचारी एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।



## सात दिवसिय पर्व करमा पुजा डाली विसर्जन के साथ सम्पन्न

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रकृति पर्व करमा पुजा प्रखंड़ व आस पास के गाँवो में हर्षो उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। रात-भर लोगों ने अखडा और घर के आंगन में करम गोसाई की परिक्रमा कर खूब झूमर गीत नित्य का आनंद लिया। वही मंगलवार की सुबह होते ही पूजन किए गए करम की डाली को नदियों,तालाबों में बाजा गाजा के साथ नाचते गाते विसर्जन करने का सिलसिला जारी रहा, जो शाम तक चलता रहा। अख़रा से निकाले गए जुलूस में नगाड़ा,मांदर के थाप में महिला-पुरुष व बच्चे नाचते-गाते नदियों व तालाब तक पहुंचे। करम डाली का अगले बर्ष पुनः भादो एकादशी को लाने की संकल्प के साथ विसर्जन किया।



## पर्यावरण संरक्षण को लेकर कल्याणपूर के चौड़ा में किया गया फलदार पौधा का वितरण

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वन एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत के चौड़ा आदर्श कार्यालय मंडेर के द्वारा समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में आदर्श कार्यालय मंडेर के स्वयंसेवी जोधन महतो और बालेश्वर उरांव के द्वारा पंचायत के ग्रामीणों के बीच फलदार पौधा का वितरण किया गया।फलदार पौधे में मुख्य रूप से दर्जनो नर्सरी के पौधे जैसे कटहल, महुआ,अमरुद,करीपत्ता, इमली,पपीता एवं अशोक के पौधे ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया।इस संबंध में स्वयंसेवी बालेश्वर उरांव ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में कोयला उत्खनन को लेकर पेड़ों की कटाई से उत्पन्न हुए पर्यावरण संकट एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में ग्रामीणों के बीच पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण करने के लिए पौधा रोपण करने का सुझाव दिया गया हैं।साथ ही उक्त समिति के माध्यम से प्रति वर्ष पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के बीच सैकड़ो पौधों का वितरण किया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि हर मनुष्य अपने अपने घरों में प्रत्येक बच्चे की जन्म पर पौधा जरूर लगाए जिससे क्षेत्र में हरियाली आने से पर्यावरण संरक्षण में एक कारगर कदम होगा।इस मौके पर सीताराम महतो,राजकुमार महतो, बासुदेव महतो,तुलेश्वर महतो, प्रेमलाल महतो,नागेश्वर महतो,महेश महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।



## ईद मिलाद उन नबी को लेकर बचरा जामा मस्जिद में हुई तैयारी समीक्षा की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में ईद मिलाद उन नबी त्यौहार को लेकर अंजुमन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सदर इस्लाम अंसारी और संचालन सेक्रेटरी इरफान शेख ने किया।बैठक मे 28 सितम्बर को ईद मिलाद उन नबी को लेकर बचरा में निकले जाने वाले जुलूस ए मोहम्मदी और रात्रि में होने वाले जलसा कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान जुलुश और जलशा को सफल बनाने के लिए सभी को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।अंजुमन के द्वारा बताया गया कि जुलूस बचरा जामा मस्जिद से प्रारंभ होगी जो पूरे इलाके का भ्रमण करेगी।वहीं जुलूस का कई जगह पर स्वागत किया जाएगा।इसके अलावे रात्रि में शानदार जलसा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बाहर से उलेमा एवं मौलाना शामिल होंगे।अंजुमन के द्वारा क्षेत्र के लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की गई है।बैठक मे हाफिज मुमताज,वासिक रजा,इस्लाम अंसारी,इरफान शेख,अब्दुल कुदूस,तहुर आलम,अयुब अंसारी, अमजद अली,जसिक अंसारी,कुदूस खान,छोटु खान,पिन्टु खान,मो.अनवर सहित कई लोग मौजूद थे।


### झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–RE-01/ RDSD/ RAMGARH/11/Block Building/04/2022-23 जिसका PR No.–306944 (Rural Work Development) 23-24 (D) को अपरिहार्य कारणों से निम्न रूपेण संशोधित किया गया है। शेष सभी शर्त्ते यथावत् है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 26.09.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 05.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन राशि एवं शपथपत्र जमा करने की स्थान तथा अंतिम तिथि एवं समय :–06.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।

- ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में जमा होगा।
- ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग का जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में जमा होगा।
- e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची।

4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे शेष सभी यथावत् है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.307693 Rural Work Department(23-24):D



### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक............खूँटी, दिनांक..................

**Request for Proposal**

नगर पंचायत कार्यालय अन्तर्गत ''स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के तहत सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा सामग्री की आवश्यकता है। आपूर्ति हेतु कोटेशन दिनांक 29.09.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक एजेंसी/आपूर्तिकर्त्ता निर्धारित तिथि तक बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन कार्यालय में जमा कर सकते हैं, विवरणी निम्न प्रकर है:–

| Sl.No. | Item Description | Rate |
|---|---|---|
| 1 | Gum Boot (Male) | |
| 2 | Shoes (Plastic) Female | |
| 3 | Helmat | |
| 4 | Blabs (Cotton) | |
| 5 | Apson Jacket (Safai Karmchari Mitra) | |

नोटः– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 307771 Urban Development(23-24).D



### उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा) (जिला खेल कार्यालय)

Email id- sportsgumla@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची द्वारा गुमला जिले के अंतर्गत संचालित कुल–5 (पाँच) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रति दिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर से निविदा आमंत्रित की जाती है।

तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 04.10.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक नया समाहरणालय भवन स्थित जिला खेल कार्यालय, गुमला में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 04.10.2023 को ही अपराह्न 3:00 बजे नया समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा जिसमें **निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति आपेक्षित है।**

**नोटः–** निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के Website :- www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

ह०/– जिला खेल पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.307685 District(23-24):D



### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 15/वर्ष 2023–24

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 04.10.2023 को 11.00 बजे पूवाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 05.10.2023 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 05.10.2023 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Drain from Hariharnand Choudey house to Surendra Agarwal House in ward 02 under Medininagar Municipal Corporation | 998480 | 19970 | 5000 | तीन माह |

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 307681 District (23-24)_D



### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़। (समाज कल्याण शाखा)

Email Id –awc24.monitoring@gmail.com

–: आम सूचना :–

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची द्वारा जिलांन्तर्गत संचालित सखी–वन–स्टॉप सेन्टर, रामगढ़ में विभिन्न सेवा प्रदात्ताओं को अनुबंधित करने के लिए कार्यालय पत्रांक 1084/स0क0, रामगढ़ दिनांक 04.12.2021 के द्वारा JAP-IT के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि 05.01.2022 थी, जिसके आलोक में उपायुक्त, द्वारा गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का Scrutiny के पश्चात प्रथम/प्रारम्भिक औपबंधिक सूची तैयार किया गया है। सभी आवेदन कर्त्ताओं से अपील है कि प्रथम/प्रारम्भिक औपबंधिक सूची JAP-IT के Website पर प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची पर 15 दिनों के अन्दर अर्थात दिनांक 27.09.2023 से 11.10.2023 तक अपना दावा आपत्ति का निराकरण तथा वांछित कागजात कार्यालय में समर्पित करेंगें। निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार का दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने के स्थिति में प्रकाशित प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची को अंतिम मेधा सूची माना जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त, रामगढ़।

PR 307716 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D



### राँची समाहरणालय,राँची (समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)



गुमशुदा बालक की सूचना
(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)

. नाम– माईया उर्फ अनु मुण्डा
. लिंग– बालिका . पिता का नाम– अज्ञात
. माता का नाम– अज्ञात . पता– अज्ञात
. जन्म तिथि– अज्ञात . उम्र – 12 वर्ष (लगभग)
. रंग – सांवला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार प्रेमाश्रय, बालिका गृह, राँची में एक बालिका आवासित है जो अहातु थाना अन्तर्गत संन्हा दर्ज संख्या–865/2023, दिनांक–04.06.2022 से संबंधित है। जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है।

उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–

1. बाल कल्याण समिति, राँची राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची। राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी, कमरा संख्या–111
   सम्पर्क नम्बर–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची।
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राँची।

PR 307750 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् कान्हाचट्टी प्रखण्ड के में 02 अदद् **PCC** पथ निर्माण की ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं.–**03/RI/2023-24/RWD/CHATRA**, दिनांक–15.09.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 03.10.2023 है, जिसका **P.R. No.** 307068 **Rural Work Department**(23–24).**D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.09.2023
2.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3.(1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :– 12.10.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.10.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
5.अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 307759 (Rural Work Department)23-24*D

## चक्रधरपुर नप के नए कार्यपालक का स्वागत मुन्ना खान एवं सद्दाम हुसैन ने बुके देकर किया

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय में नए कार्यपालक राहुल यादव के प्रभार संभालते ही उन्हें बधाई देने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा चक्रधरपुर के नगर अध्यक्ष मुन्ना खान एवं अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के उप सचिव सद्दाम हुसैन नगर पालिका चक्रधरपुर पहुंचे। जहां नए कार्यपालक से मुलाकात की एवं उन्हें फूलगुच्छ देकर स्वागत किया ।इस बीच नगर अध्यक्ष मुन्ना खान ने शहर चक्रधरपुर में साफ सफाई को लेकर उनसे चर्चा की। इस दौरान मौके पर मोहम्मद सलाम ,सद्दाम हुसैन ,मुन्ना खान, जे सोनी आदि उपस्थित थे।



## पौष्टिक आहार से संबंधित व्यंजनों का प्रदर्शनी लगाकर किया जागरूक

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के सीडीपीओ कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मीलेट्स पर आधारित पोषण माह मनाया गया। पोषण माह में मीलेट्स जैसे रागी, बजरा, गुंदली,माड़ुआ,कोदो, ज्वार, कुटकी आदि मोटा अनाज पर आधारित पोषण माह में प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं तरह तरह के पौष्टिक आहार से संबंधित दर्जनों व्यंजनों का प्रदर्शनी लगाकर जागरूक किया गया। पोषण माह में किशोरियों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वहीं गैस सेफ्टी पर डेमो कर गैस का इस्तेमाल करने व गैस सिलेंडर से होने वाले दुर्घटना के संबंध में जानकारी दिया गया। मौके पर बीडीओ किकु महतो,महिला पर्यवेक्षिका जया पांडे आदि उपस्थित थे।



## बेरोजगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न से जनता परेशान : आनन्द बिहारी दुबे

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गोलमुरी प्रखंड के बागुनहातु चौक में कांग्रेस नेता रूपलाल लोहार के अध्यक्षता में नुक्कड सभा आयोजित हुआ। नुक्कड़ सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी को चौक चौराहे, नुक्कड़, हाट, बाजार पर इसलिए सभा करने की आवश्यकता आन पड़ी है कि देश को भाजपा सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कांटे भरे रास्ते में लाकर खड़ा कर दिया है, आज आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है, हमारे नौजवान, हमारे घर के बच्चे जो नौकरी के आस में लगातार पढ़ाई करते हैं, उनका भविष्य अंधकार मय हो गया है, रेलवे में, सैकड़ों सरकारी उपक्रमों से नौकरियां खत्म की जा रही है, पढ़ लिखकर नौजवान दर-दर भटक रहे हैं उनके समक्ष परिवार को चलाने के लिए कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा, जमशेदपुर के दो बडे नेता एक पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी और दुसरे है विधायक सरयु राय जी इन दोनों नेताओं को सिर्फ और सिर्फ सुर्य मंदिर पर कब्जा चाहिए, सारा समय झगडा, झंझट कर जनता के विकास का समय बर्बाद कर दिया।नुक्कड सभा के उपरांत सर्वजन पेंशन सर्टिफिकेट का वितरण कार्यक्रम जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के द्वारा 125 लोगों के बीच सर्टिफिकेट बांटा गया।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, सामंता कुमार प्रदेश सचिव, प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता, रूपलाल लोहार, गोविन्द नामता, दिपक कर्मकार, रानी राव, रंजीत झा, दुर्गा प्रसाद, धीरज कुमार, अभिषेक बेरा, प्रशेनजीत सेन, सहित अन्य कई नेताओं नें अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कर्माकार ने किया।



## करीम सिटी कॉलेज में मैनेजमेंट एजुकेशन पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के तत्वाधान में आज एक गेस्ट लेक्चरर आयोजित हुआ जिसके मुख्य वक्ता डॉ पी के पानी ((एनईपी/नेक कोऑर्डिनेटर, केयू, चाईबासा) थे। कार्यक्रम कॉलेज के सभागार में आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ पी के पाणी ने विस्तार पूर्वक अपने विचार सभा के समक्ष रखें। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी प्रबंधन को लेकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं उन्हें चाहिए की वे केवल क्लासरूम तक सीमित नहीं रहें बल्कि व्यावहारिक रूप से समय का आकलन करें। उद्योग जगत पर अपनी निगाह रखें और उनसे संबंध स्थापित करने की कोशिश करें।

# ईद मिलाद उन नबी जुलूस कल, एसएसपी व एडीसी ने की पेश-ए-इमाम के साथ बैठक

### - जुलूस में ट्रेलर या अन्य भारी वाहन को नहीं शामिल किए जाने के फैसले का प्रशासन ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ईद मिलाद उन नबी के मौके पर 28 सितंबर को शहर में निकलने वाले जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन एवं विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर जिला सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने पेश-ए-इमाम, मस्जिद के अध्यक्ष/सचिव के साथ कर जरूरी दिशा निर्देश दिए । एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, डीटीओ धनंजय समेत नगर निकायों के पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी बैठक में मौजूद रहे । पेश-ए- इमाम व मस्जिद के अध्यक्ष/सचिव ने डीजे तथा जुलूस में ट्रेलर या अन्य भारी वाहन को नहीं शामिल किए जाने को लेकर अपनी ओर से आश्वस्त किया जिसका प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। नागरिक सुविधाओं से संबंधी कुछ समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया जिसमें जलजमाव, साफ-सफाई, सड़क मरम्मतीकरण आदि थे जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया । चौक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, शहर को 7 जोन में बांटकर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी की हुई प्रतिनियुक्तिः वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने कहा कि जुलूस के शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। जुलूस प्रारंभ होने से ससमय गंतव्य स्थान तक पहुंचने में शांति समिति के सदस्य, जुलूस की नुमाइंदगी करने वाले प्रबुद्धजन तथा वॉलंटियर की भूमिका काफी महती होती है, उम्मीद है जिला प्रशासन को परस्पर सहयोग प्राप्त होगा । विधि व्यवस्था संबंधी किसी भी तरह की सूचना मिले तो तत्काल संबंधित थाना प्रभारी, मजिस्ट्रेट एवं वरीय पदाधिकारियों को सूचित करें । किसी भी भ्रामक खबर का हिस्सा नहीं बनें । विशेषकर युवा वर्ग की काउंसिलिंग पर बल देते हुए कहा कि तेज गति से वाहन नहीं चलायें, हॉर्न या साइलेंसर में किसी प्रकार का बदलाव कर सड़क पर स्टंट नहीं करें जिससे जानमाल का कोई नुकसान हो तथा शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनायें। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि जुलूस के बेहतर संचालन तथा साफ-सफाई व अन्य को लेकर जो भी सुझाव या समस्या जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है उन सभी पर यथोचित कार्रवाई ससमय सुनिश्चित की जाएगी । प्रशासन की ओर से जुलूस मार्ग में एंबुलेंस के साथ चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। सोशल मीडिया पर किसी अपुष्ट सूचना को दूसरे से शेयर नहीं करें जिससे अफवाह जैसी स्थिति उत्पन्न हो। सोशल मीडिया की विशेष रूप से निगरानी की जाएगी।एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा ने कहा कि निर्धारित रूट में ही जुलूस निकालें इसमें किसी भी प्रकार से डायवर्जन की अनुमति नहीं होगी ।

## उत्तरप्रदेश में सिखों पर हमला दुखद : काशिफ़ रज़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में और देश में लगातार सिखों पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जतायी है। रविवार को उत्तर प्रदेश में एक तथाकथित नेता ने सिख युवक को पीट-पीटकर मरणासन्न किये जाने की घटना पर सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए काशिफ़ रज़ा ने दोषी पर कार्यवाई कर कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है।उन्होंने कहा कि सिखों पर देश में लगातार अत्याचार बढ़ रहा है, देश के प्रधानमंत्री कहते हैं सबका साथ सबका विकास, पर पिछले 9 सालों के उनके कार्यकाल में सबका साथ, सबका विकास तो नही हो पाया पर सिखों, दलितों, मुसलमानो ईसाइयों, आदिवासी और पिछडों के साथ नफरत, और अत्याचार ज़रूर बढ़ा है।पिछले दिनों आज़ाद समाज पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वाले प्रसिद्ध समाज सेवी सुरजीत सिंह ने कहा कि योगी सरकार में सिखों, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। वहीं रोहित दीप सिंह ने भी मोदी और योगी सरकार पर निशाना साधा और भाजपा में मौजूद सिखों पर सवाल खड़ा किया।

## पारगामा के विशाल इन्द मेला में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** कुकडु प्रखण्ड के अंतर्गत गांव पारगामा में इन्द मेला का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया। मेले में काफी संख्या में दूर दराज के लोग शामिल हुए।मौके पर झामुमो कुकडु प्रखण्ड अध्यक्ष इन्द्रजीत महतो ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेला के अध्यक्ष ने बताया कि मेले की स्थापना 2009 में स्वपन चंद्र महतो के अध्यक्षता तथा ग्रामीणों के सहयोग से पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो के हाथो से फीता काटकर स्थापना किया गया था। मेला मुख्यत इंद्रदेव का पूजा जो कि इन्द मेला के रूप में पारगामा पंचायत भवन के समक्ष हर वर्ष मनाया जाता है। मेले में विभिन्न प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम झुमूर गान में गोबिंदलाल महतो , पाता नाच में अंबिका महतो ने अपने कला के माध्यम से दर्शकों को आनंदित किया। मेला में मुख्य रूप से जेएमएम के बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुकडु नवकिशोर हांसदा, बेरासी सिरुम पंचायत जेएमएम अध्यक्ष कृत्तिबास महतो, मेला अध्यक्ष स्वपन चंद्र महतो उपस्थित थें।

## बंगाली समिति ने मनायी ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की जयंती, शेखर डे ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को झारखंड बंगाली समिति जमशेदपुर शाखा द्वारा भालूबासा जोड़ा मंदिर स्थित सभागार में श्री ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का 204वाँ जयंती श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के समाजसेवी एवं श्रीलेडर्स के पार्टनर शेखर डे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री शेखर ने श्री ईश्वर चन्द्र विद्यासागर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर और पुष्प चढ़ाकर कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित भवेश दा, पूर्णिमा दी, रमा दी, सोरोज सेन, सामोल सील, आरती सेन ने भी उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कविता पाठ रमा मुखर्जी ने किया।

## न्युवोको को प्रोजेक्ट तारा के लिए मिला बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी को नई दिल्ली में यूबीएस फोरम द्वारा आयोजित आठवाँ एडीशन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी समिट एंड अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरूस्कार प्रोजेक्ट तारा-टेक्नोलॉजी एडेड रिर्सोसेज एट आंगनबाड़ी (आंगनबाड़ियों में प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त संसाधन), के माध्यम से समाज में न्युवोको के उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है, जिसे स्वस्थ भारत-बेस्ट सीएसआर इम्पैक्ट श्रेणी में नामांकित किया गया था।

# मूलभूत समस्याओं पर निश्चित रूप से यथोचित पहल की जाएगी : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मूलभूत सुविधाओं को लेकर चक्रधरपुर नगर क्षेत्र में मेटाकानी मंदिर के प्रांगण में बाराखोली के स्थानीय लोगों के साथ कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल ने बैठक किया। बैठक के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रतिनिधि मंडल को जल मीनार अधिष्ठापन, सार्वजनिक शौचालय नव निर्माण, हरिजन विद्यालय भवन जीर्णोद्धार की मांग को लेकर सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के नाम ज्ञापन सौंपा।स्थानीय लोगों को कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने आश्वस्त करते हुए कहा की मूलभूत समस्याओं पर निश्चित रूप से यथोचित पहल की जाएगी।प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष अम्बर राय



चौधरी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौरव अग्रवाल, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, जिला सचिव संतोष सिन्हा, चुन्नू रहमान, संदीप तांती, चंदन मुखी , विष्णु मुखी, महावीर तांती, कमलेश पासवान, विघ्नों राज दास के अलावा काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# कुचाई-खरसावां में प्रकृति की उपासना का पर्व करम पूजा हर्षोल्लास से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** प्रकृति की उपासना का पर्व करम कुचाई-खरसावां क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया?। बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र के साथ सुख समृद्धि की कामना। वहीं कुचाई प्रखंड के पोन्डाकाटा पंचायत के गांव मुण्डादेव पुराना टोला और चाकडी उरांव टोला में सोमवार को करम त्यौहार धूमधाम एवं हर्षोल्लास तथा पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। मौके पर कुजूर फाउंडेशन के अध्यक्ष सह झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर ने कहा कि उरांव समुदाय का महान पर्व करमा है। यह महान सामाजिक धार्मिक एवं संस्कृति व्रत कर्म और धर्म दो महान वीरों के कर्म धर्म एवं सत्य की शक्ति से सृजन हुआ है। पूजा में मुख्य रूप से मुख्य पुजारी लाले



तिर्की,पोण्डाकाटा पंचायत के मुखिया अनुराधा उरांव,बाबूलाल कच्छप,झारखंड पार्टी युवा जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर, मनोज कच्छप, महादेव मिंज, सोमरा मिंज, शिवचरण मिंज, लोधरो मिंज, कर्मी मिंज, लाखिया मिंज, पर्वती मिंज एवं समस्त ग्रामीणों मौजूद थे।

## चक्रधरपुर नप की स्वच्छता टीम ने स्कूली बच्चों को दिलाई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर नगर परिषद की टीम द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा स्वास्थ्य ही सेवा के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है।यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को नगर परिषद की स्वच्छता टीम ने रानी रसाल मंजरी स्कूल, उर्दू टाउन स्कूल एवं कारमेल स्कूल चक्रधरपुर के छात्र छात्राओं को स्वच्छता सपथ दिलाई एवं अपने आस पड़ोस एवं विद्यालय परिसर में साफ़-सफाई के बारे में जानकारी दी । जिसमे सभी छात्र छात्राओं को गीला कचरा- हरा डस्टबीन एवं सुखा कचरा नीला डस्टबीन में रखे ।

## राशन डीलर की मनमानी से कार्डधारी त्रस्त चांडिल एमओ से कालाबाजारी की शिकायत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड क्षेत्र भादूडीह के पीडीएस दुकानदार (राशन डीलर) सुधीर हांसदा पर राशन कार्डधारियों ने राशन की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है. डीलर के द्वारा कार्डधारियों के राशन में कटौती की जाती है. एवं सही वजन से राशन नहीं दिया जाता है. इसकी शिकायत भादूडीह पंचायत के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने चांडिल अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर एमओ से लिखित शिकायत की है. इस दौरान राशन कार्डधारियों ने डीलर सुधीर हांसदा के ऊपर आरोप लगाया है कि दो माह की पंचिंग लेकर एक माह का अनाज दिया गया है जो पूरी तरह गलत है और इसकी जांच होनी चाहिए। एवं लाइसेंस को निलंबित करने की मांग की है. वही कार्ड धारियों की शिकायत पर एमओ तालेस्वर कुमार ने कहा कि राशन दुकान की शिकायत ग्रामीण द्वारा मिला है. 30



सितम्बर तक अगर 2 माह की राशन वितरण नहीं करते हैं तो इस विषय को लेकर गंभीरता पूर्वक जांच के लिए शिकायत वरीय अधिकारियों को भेजी जायेगी. एमओ को दिए गए आवेदन में भादूडीह पंचायत के ग्रामीणों ने राशन डीलर सुधीर हांसदा पर लाल कार्ड में प्रति सदस्य आधा किलो, अंत्योदय कार्ड में 3 से 5 किलो तक राशन कटौती करने का आरोप लगाया है।

## एमजीएम अस्पताल में 21 नवजात कन्याओं की माताएं सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक कार्यों का निर्वाह करते हुए बेटी बचाओं अभियान के तहत एमजीएम अस्पताल में 21 नवजात कन्याओं की माताओं को फलों से भरी टोकरी और बच्चों के लिए नये वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मौके पर सचिव कविता अग्रवाल, कन्या भ्रुण संरक्षण की संयोजिका शालिनी केडीया, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, बिंदिया नरेड़ी, उषा चौधरी एवं सुनीता केडिया आदि महिलाएं उपस्थित थी।

## महिला सिख पुरोहित करवा रही आनंद कारज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुद्वारा साहब रामदास भट्ठा की कमेटी श्री गुरु नानक देव जी के संदेश एवं सिख पंथ की मर्यादा तथा सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए महिला पुरोहितों के द्वारा आनंद कारज (शुभ विवाह) की पंथिक रस्म सिख रहित मर्यादा के साथ करवा रही है। मंगलवार को भी हुए एक आनंद कारज में चौथे गुरु श्री गुरु रामदास द्वारा रचित शब्द (अंग 773) बीबी सोनिया कौर ने पढ़े जबकि रागों के साथ लावां (कीर्तन) बीबी मनजीत कौर ने पढ़ी और तबले में संगत हजूरी ग्रंथी बाबा हरसिमरन सिंह ने की।बिष्टुपुर की रहने वाली मनजीत कौर अमृतसर से है और उसने 15 साल पहले शौकिया तौर पर कीर्तन का अभ्यास घर में शुरू किया और अब वह बड़े मनोयोग से रागों के साथ कीर्तन करती है तो श्रद्धालु भाव विभोर हो उठते हैं।

# मानगो गांधी मैदान से अमन का पैगाम ले निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी कल, सारी तैयारी पूरी

### - मस्जिद, मदरसा और गली मोहल्ले सजे रंग बिरंगी रोशनी से हुआ जगमग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पैग़ंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के जन्मदिन ईद मिलादुन नबी के अवसर पर 28 सितंबर 2023 बृहस्पतिवार को निकाले जाने वाले 14वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारी पूरी कर ली गई है. साथ ही जुलूस में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए तंजीम अहले सुन्नत की ओर से दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं. श्रद्धालुओं और अकीदतमनदो से भारी संख्या में




जुलूस में शामिल होने की अपील की गई है. यह जानकारी जुलूस की आयोजक संस्था तंजीम अहले सुन्नत जमात के उलेमा-ए-कराम द्वारा धतकीडीह स्थित मदरसा फैजुल उलूम में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई. इस अवसर पर तंजीम के जनरल सेक्रेटरी प्रसिद्ध इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि इस साल भी नबी की शान में शानदार और भव्य 14वां मुत्ताहिदा जुलूस-ए मोहम्मदी (संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी) निकाला जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. जुलूस में अमन का पैगाम देने वाली हदीसों का प्रदर्शन,इस्लाम की शिक्षा,देश-प्रेम की छवि नजर आएगी, मस्जिदों,मदरसों और गली मोहल्लों में नबी की शान में लिखे बैनर लगाए गए हैं और आकर्षित सजावट की गई है. जनता से अपील की गई है कि खाना-तोहफे बांटने के साथ-साथ शिक्षा से जुड़ी सामग्री भी बाटें. जुलूस का नेतृत्व उलेमा-ए-कराम करेंगे जो सबसे आगे होंगे और उनके पीछे लोग जुलूस में चलेंगे. 500 से अधिक वोलेंटियर(सेफ्टी टी शर्ट एवं आईडी कार्ड )जुलूस और यातायात व्यवस्था में सहायता करेंगे, दूसरों को तकलीफ ना हो इसका विशेष ख्याल रखेंगे।

## साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय में जन शिकायतों के निवारण हेतु आयोजित सप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला क्रमवार मिलते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनो का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया। अन्य शिकायतों से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन उपायुक्त नें सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी को हस्तानतरित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने




के निर्देश दिए। मुख्य रूप से भूमि सम्बन्धित, नीमडीह एवं इचागढ़ अंचल कार्यालय सम्बन्धित, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, डीलर द्वारा तीन माह से राशन ना देने तथा मनमानी कर राशन कार्ड से नाम हटाने, केजीवीबी इचागढ़ में नामांकन में अनियमिता बरतने एवं नीमडीह में नामांकन समेत अन्य मामले से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए।

## संपादकीय

# कांग्रेस का श्वेतपत्र

**उधार** के चम्मच से जो उठाई मिठाई, चाशनी फिसल कर मुंह को चस्पां कर गई। उधार के तीरों से खेलती सियासत ने सरकारी खजाने को कितना घायल किया है, इसका मुआयना कांग्रेस सरकार कर रही है। करीब ढाई दशकों के बाद किसी सरकार ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर श्वेतपत्र लाने की जहमत उठाई, तो मालूम हुआ कि घाटे की परिस्थितियों में भी उधार की फिजूलखर्ची में बड़ा काम हुआ है। जाहिर है कांग्रेस का श्वेतपत्र अपनी वित्तीय मजबूरियों में पिछली जयराम सरकार की खामियों को विधानसभा पटल पर ले आया है। आते ही खाली खजाने की हालत पर सुक्खू सरकार ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में जिस समिति का गठन किया था, उससे 48 पन्नों के श्वेतपत्र में पूर्ववर्ती जयराम सरकार की वित्तीय अनियमितताओं को समेट दिया है। अभी तक ऋण उठाने, फिजूल खर्ची का दरबार सजाने और भुगतान का दायित्व छोड़ जाने के आंकड़ों में जयराम सरकार से कांग्रेस का श्वेतपत्र पूछ रहा है। आगे चलकर यह भी बताना होगा कि वित्तीय व्यवस्था के वर्तमान दलदल से मौजूदा सरकार कैसे बाहर निकलेगी। बहरहाल श्वेतपत्र के दस्तावेज बता रहे हैं कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की देनदारियों की नसीहत में वर्तमान कांग्रेस सरकार को कुल 92774 करोड़ चुकाने हैं, जबकि इसमें भी 76603 करोड़ का ऋण एकत्रित हो चुका है। पिछली सरकार ने सत्ता के अंतिम वर्ष 16621 करोड़ के ऋण से लुभावनी पूडियां तली हैं, तो इसका हर्जाना कौन चुकाएगा। हैरानी यह है कि इस ऋण से वे तमाम मांगपत्र रंगे हैं, जो कर्मचारियों की उम्मीदों को यह एहसास कराते हैं कि कल हो न हो, सत्ता अपने मिशन रिपीट की सीढियों के लिए सरकारी खजाने में झाड़ू लगाएगी। मुकेश अग्निहोत्री की समिति की जांच में आई पूर्व सरकार के डबल इंजन पर भी आरोप हैं। योजना आयोग के भंग होने से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को तीन हजार करोड़ की चपत तथा राजस्व घाटा के अनुदान को लगातार कम कर देने से, वित्त आयोग की ओर से पहाड़ी राज्य के प्रति उदासीनता बढ़ी है। रेवेन्यु डिफिसिट ग्रांट 11431 करोड़ से घट कर मात्र 3257 करोड़ रह गई है। श्वेतपत्र जीएसटी मुआवजे की समाप्ति से आई शून्यता पर भी अंगुली उठा रहा है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री केंद्र की घोषणाओं को थोथा करार देकर पूछते हैं कि मंडी एयरपोर्ट के एक हजार करोड़, कांगड़ा हवाई अड्डे के 400 करोड़ और ज्वालामुखी मंदिर विकास के बीस करोड़ आखिर आए क्यों नहीं। सुक्खू सरकार के टेढ़े प्रश्नों की आंच में पूर्व सरकार की इन्वेस्टर मीट, जनमंच आयोजन तथा अमृत महोत्सव समारोहों के आयोजन पर खर्च हुए 67 करोड़ आ गए हैं। सत्ता के अंतिम वर्ष की सियासी खुशहाली के लिए खुशफहमी का आलम कमोबेश हर सरकार से फिजूलखर्ची कराता है, लेकिन यहां डिनोटिफाई हुए संस्थानों के साथ कुल नौ सो नए संस्थानों एवं दफ्तरों के खुलने पर आई आपत्तियां, अब जोर शोर से वकालत कर रही हैं। जाहिर है ऐसे तीखे मोड़ पर सदन की भेंट भाजपा का दिन चढ़ गया और विपक्ष ने बाहिष्कार की फिरौती में सरकार के श्वेतपत्र को अनसुना कर दिया। आर्थिक विपन्नता तथा वित्तीय विवशता से जूझ रहे हिमाचल में सियासी तौर पर फिजूलखर्ची के चिट्ठे हर दौर में रहे हैं। अगर आज तेरह बोर्ड निगम, निकम्मे होकर भी सरकारी तिजोरी से माल चुरा रहे हैं, तो यह वर्षों का पाप है। भाजपा हो या कांग्रेस, सत्ता में आते ही घी शक्कर परोसते-परोसते, उधार के चश्मे से प्रदेश चलाती रही हैं। अनावश्यक कार्यालय, स्कूल, कालेज और चिकित्सा संस्थान ही नहीं, सरकारी कर्मचारियों की संख्या में भी आबादी के अनुपात में राष्ट्रीय आंकड़ों से कहीं अधिक नियुक्तियां हिमाचल में होती हैं। अब तो सत्ता के लाभकारी पदों पर शान से नियुक्तियां करके कोई भी सरकार सियासत को अधिकतम प्रश्रय देने लगी है। बेहतर होगा हिमाचल में सरकार का आकार व व्यय घटाने के उपायों के साथ-साथ फिजूलखर्ची रोकने के समाधान भी सामने लाए जाएं। निस्संदेह श्वेतपत्र से प्रदेश के आर्थिक हालात पर टिप्पणी हुई है। अब इससे बाहर निकलने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति व कठोर कदमों की जरूरत है। केंद्र सरकार भी सियासी मुखौटा पहनकर पहाड़ के दर्द को अनदेखा नहीं कर सकती, लेकिन यह होने लगा है।

कांग्रेस का श्वेतपत्र अपनी वित्तीय मजबूरियों में पिछली जयराम सरकार की खामियों को विधानसभा पटल पर ले आया है। आते ही खाली खजाने की हालत पर सुक्खू सरकार ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में जिस समिति का गठन किया था, उससे 48 पन्नों के श्वेतपत्र में पूर्ववर्ती जयराम सरकार की वित्तीय अनियमितताओं को समेट दिया है। अभी तक ऋण उठाने, फिजूल खर्ची का दरबार सजाने और भुगतान का दायित्व छोड़ जाने के आंकड़ों में जयराम सरकार से कांग्रेस का श्वेतपत्र पूछ रहा है। आगे चलकर यह भी बताना होगा कि वित्तीय व्यवस्था के वर्तमान दलदल से मौजूदा सरकार कैसे बाहर निकलेगी। बहरहाल श्वेतपत्र के दस्तावेज बता रहे हैं कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की देनदारियों की नसीहत में वर्तमान कांग्रेस सरकार को कुल 92774 करोड़ चुकाने हैं, जबकि इसमें भी 76603 करोड़ का ऋण एकत्रित हो चुका है। पिछली सरकार ने सत्ता के अंतिम वर्ष 16621 करोड़ के ऋण से लुभावनी पूड़ियां तली हैं, तो इसका हर्जाना कौन चुकाएगा। हैरानी यह है कि इस ऋण से वे तमाम मांगपत्र रंगे हैं, जो कर्मचारियों की उम्मीदों को यह एहसास कराते हैं कि कल हो न हो, सत्ता अपने मिशन रिपीट की सीढियों के लिए सरकारी खजाने में झाड़ू लगाएगी। मुकेश अग्निहोत्री की समिति की जांच में आई पूर्व सरकार के डबल इंजन पर भी आरोप हैं। योजना आयोग के भंग होने से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को तीन हजार करोड़ की चपत तथा राजस्व घाटा के अनुदान को लगातार कम कर देने से, वित्त आयोग की ओर से पहाड़ी राज्य के प्रति उदासीनता बढ़ी है।

## कुछ अलग

# सर्वसम्मत संसद

**क्या** भारतीय राजनीति बदल रही है? क्या महिला आरक्षण और सशक्तिकरण सरीखे अन्य मुद्दों पर भी राजनीतिक सर्वसम्मति हो सकती है? महिला आरक्षण पर सर्वसम्मति और एकजुटता विचार के स्तर पर है अथवा वोट की मजबूरी है? महिला आरक्षण बिल के कानून बनने के बाद यह व्यवस्था अक्षरशः लागू होगी या आरक्षित वर्ग के साथ टालमटोल किया जाता रहेगा? यदि वाजपेयी सरकार के चार प्रयासों और यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान संसदीय अनुभवों को याद करें, तो उनकी तुलना में 'नारी शक्ति वंदन' बिल संसद के दोनों सदनों में लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ है। लोकसभा में 454 वोट बिल के पक्ष में और ओवैसी तथा उनकी पार्टी के एक और सांसद, यानी मात्र 2 वोट, बिल के विरोध में गए। राज्यसभा में उपस्थित सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। हालांकि उच्च सदन की कुल संख्या 245 सांसदों की होती है। यह राजनीतिक अभिव्यक्ति और परिपक्वता विषयगत है, लेकिन धुर विरोधियों ने भाजपा सरकार के बिल को सर्वसम्मत समर्थन दिया, यह महत्त्वपूर्ण राजनीति है। संसद के दोनों सदनों में कुछ ऊंचे स्वर भी सुनाई दिए, कुछ विरोध भी देखा गया, अपने तार्किक पक्ष भी रखे गए, लेकिन हंगामे, अभद्र टिप्पणियों, असंतोष, अराजकता, नौटंकी और मार्शल द्वारा सांसदों को सदन से बाहर करने तक की नौबत नहीं आई। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, जनता दल-यू आदि के सांसदों ने ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की। जातीय जनगणना के सवाल भी किए गए, आरक्षण के लागू होने का समय भी पूछा गया, राजनीतिक विचार पर अपने सरोकार पेश किए गए, लेकिन मत-विभाजन की बारी आई, तो बिल के समर्थन में वोट दिए। महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को विकास, सत्ता, नीति-निर्धारण की मुख्यधारा से जोडने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने समूचे विपक्ष को अपने हथियार डालने पड़े, क्योंकि अब महिलाओं के जनादेश ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। 2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं।

# दुनियां में वर्ष 2024 में महामंदी छाने की संभावनां



**एडवोकेट किशन भावनानीं**

**गों**दिया - वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर देश कोविड महामारी के जबरदस्त झटका से उनकी अर्थव्यवस्थाओं के बुरी तरह से चपेट में आने से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं कि फिर यूक्रेन-रूस युद्ध, अनेक देशों में आपसी बिगड़ते रिश्ते- मसलन भारत-कनाडा, अमेरिका रूस चीन, जलवायु परिवर्तन केभयंकर आघात जो अनेक देशों में बाढ़, भूस्खलन, आग जैसे अनेक घटनाओं से एक बार फिर दुनियां की अर्थव्यवस्थाओं के पीछे धकेलने का क्रम जारी है। जिस तरह के आंकड़े वर्तमान में आ रहे हैं उनमें अगले साल व्यापार में भारी नरमी के चलते इसका रूप महामंदी के तौर पर बढ़ जाए इसके लिए इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिस तरह अनेक देशों की थोक चिल्लर महंगाई दर बढ़ रही है, इसके उपायों में लगातार ब्याज दरों को बढ़ाया जा रहा है, जिससे महंगाई कम होते दिखी भी लेकिन यह आंकड़ों का खेल है,इसमें जमीनी स्तर पर अधिक फर्क नहीं पड़ा है। परंतु इसके उलट भारत की स्थिति अपेक्षाकृत सुदृढ़ है, परंतु फिर भी जमीनी स्तरपर देखा जाए तो भारत में भी खुदरा मुद्रा स्थिति दर, उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक, महंगाई दर सूचकांक पिछले महीनों से करीब दुगना हो रहा है। बाकी दुनियां फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड की तरह ही स्विट्जरलैंड के स्विस नेशनल बैंक ने भी अब ब्याज दरों को बढ़ाने से दूरी बना ली है। कोशिश यही है कि महंगाई पर लगाम लगाई जाए, लेकिन ये बाजार में पूंजी की लागत भी बढ़ा रहा है। इसी तरह तुर्किए, स्वीडन और नॉर्वे ने भी ब्याज दरों को बढ़ाया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका, ताईवान, हांगकांग, मिस्र, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया और भारत में ब्याज दरें स्थिर हैं।चूंकि अगले साल में महामंदी की संभावनाएं मौजूदा आंकड़े और उनके ट्रेड से यह दर्शा रहे हैं, जिसपर सरकारों को ध्यान देना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां की सभी अर्थव्यवस्थाओं में अगले साल भारी नरमी देखने को मिल सकती है जो महामंदी का रूप ले सकती है जिसके संकेत मिल रहे हैं। साथियों बात अगर हम मौजूदा विपरीत आंकड़ों की करें तो, मौजूदा वक्त में दुनियां भर की अर्थव्यवस्थाएं नरमी के दौर से गुजर रही हैं। महंगाई को कंट्रोल करने के सभी कदम विफल होते दिख रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा जारी है। खाद्य वस्तुएं भी लगातार महंगी और आम आदमी पहुंच से दूर हो रही हैं। हाल में भारत के पड़ोसी मुल्क श्रीलंका और पाकिस्तान केबदतर हालात किसी से छिपे नहीं है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अगले साल दुनियां की सभी अर्थव्यवस्थाओं में भारी नरमी देखने को मिलेगी, जो महामंदी की तरह हो सकती है। साल 2023 में किसी तरह दुनियां की इकोनॉमी की नैया पार भी हो जाए, तो अगले साल महामंदी आने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं। क्या अमेरिका, क्या यूरोप और क्या एशिया, सभी जगह हालात लगभग समान ही हैं। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो, खाने-पीने की चीजों के महंगे होने के साथ जुलाई 2023 में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो जून 2023 में 4.87 प्रतिशत पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार,महंगाई में उछाल का मुख्य कारण जुलाई महीने में सब्जियों और खासकर टमाटर की कीमतों में तेज उछाल आना है। जुलाई में कंज्यूमर प्राइज इंडेक्स के 7.44 प्रतिशत पर पहुंचने के साथ देश में मुद्रास्फीति का स्तर पिछले पांच महीनों में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक लेवल 2-6 प्रतिशत के पार पहुंच गया गया है। इसके अलावा उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक जून में 4.49 प्रतिशत से बढ़कर 11.51 प्रतिशत पर पहुंच गया। जुलाई में भारत की ग्रामीण मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 4.78प्रतिशत से बढ़कर 7.63 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी मुद्रास्फीति जून 2023 में 4.96 प्रतिशत से बढ़कर 7.20 प्रतिशत हो गई।सब्जियों की मुद्रास्फीति दर में तेज वृद्धि देखी गई और जुलाई 2023 में यह सालाना आधार पर बढ़कर 37.34 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर का स्तर जून 2023 में 4.63 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 2023 में 10.57 प्रतिशत हो गया। अनाज की महंगाई दर जून 2023 में 12.71 फीसदी से बढ़कर 13.04 फीसदी हो गई। साथियों बात अगर हम भारत कनाडा के बिगड़ते रिश्तों से अर्थवयवस्था पर प्रभाव की करें तो, कुछ व्यापार सौदे जो होने थे, उन्हें भी फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। दोनों देशों के बीच बिगड़ते हालातों ने काफी तनाव पैदा कर दिया है।कनाडा भारत के बीच साल 2023 में कारोबार 8 बिलियन डॉलर यानें 67 हजार करोड़ रुपये का था, ऐसे में अगर तनाव बढ़ता चला गया तो इससे इकोनॉमी को करीब 67 हज़ार करोड़ का नुकसान होने की संभावना हैइकोनॉमी वॉर के बाद अब आम पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। कनाडा-भारत विवाद के चलते आम आदमी के किचन का बजट बिगड़ने की संभावना है। वहीं, देश में महंगाई कम होने की बजाए बढ़ सकती है।अगर भारत कनाडा विवाद लंबे समय तक चला तो दाल की सप्लाई में कमी आ सकती है। मसूर की आपूर्ति प्रभावित होने से इसकी कीमतों पर असर दिखेगा। देश में दाल के दाम बढ़ सकते हैं। गौरतलब है कि सरकार पिछले कुछ महीनों से दालों की महंगाई को काबू करने के लिए कई कदम उठा चुकी है। सरकार की ओर से दलहन इंपोर्ट की शर्तों में ढील दी गई है। इसके अलावा घरेलू स्तर पर स्टॉक लिमिट भी लगाई गई है। हालांकि सरकार की ओर से की गई तमाम कोशिशों केबावजूद दालों की महंगाई कम होने के बजाय लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कनाडा विवाद भी दालों की महंगाई कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। साथियों बात अगर हम अमेरिका और विश्व की करें तो, फेडरल रिजर्व से लेकर ब्रिटेन के बैंक ऑफ इंग्लैंड तक और भारत में भारतीय रिजर्व बैंक, सभी ने महंगाई कंट्रोल करने के लिए बीते साल लगातार ब्याज दरों को बढ़ाया। इससे आंकड़ों में महंगाई नरम होती दिखी, लेकिन जमीनी हकीकत पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ा, उल्टा इससे बाजार में पूंजी की लागत बढ़ी है। हालांकि पश्चिमी देशों में महंगाई जहां अपने चरम पर है और हालात में बहुत सुधार नहीं है, वहीं भारत में स्थिति थोड़ी बेहतर है।इस बीच फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड दोनों ने ब्याज दरों में कमी तो नहीं की है, लेकिन आगे इन्हें बढ़ाने की संभावना बरकरार रखी है। वहीं बैंक ऑफ जापान ने निकट अवधि में ब्याज दरों को बढ़ाए जाने की अटकलों को कम कर दिया है, क्योंकि जापान का केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए बेहद आसान और प्रोत्साहन वाले कदम उठाने पर काम करना जारी रखेगा। फिर भी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट ग्लोबल इकोनॉमी के लेटेस्ट ट्रेंड्स को दिखाती है, जो वर्ल्ड इकोनॉमी में अगले साल भारी नरमी के संकेतों पर ध्यान खींचती है।अमेरिका, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन ने हाल में साफ कहा कि केंद्रीय बैंक अब ब्याज दरों को और नहीं बढ़ाएगा। हालांकि बैंक के अन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया कि देश में लोन यानें पूंजी की लागत लंबे समय तक ऊंची बनी रहेगी। ऐसे में कंपनियां स्टाफ में कटौती और लागत घटाने के अन्य विकल्पों पर विचार कर सकती हैं। इतना ही नहीं इसका एक संकेत अमेरिका के लास वेगास के होटल बिजनेस से भी मिलता है। कोविड में कम स्टाफ के साथ काम करने की कला सीख चुके लास वेगास के होटल्स अब 3 साल बाद भी कम लोगों को ही नौकरी पर रख रहे हैं, क्योंकि लेबर की लागत बढ़ रही है जबकि लास वेगास अमेरिका ऐसा शहरहैं जहां हर 4 में से 1 व्यक्तिहॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम करता है।

**(लेखक कर विशेषज्ञ व स्तंभकार हैं)**

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## छापेमारी के दौरान एक क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद, तीन आरोपी न्यायिक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर सुंदर नगर से भुरकुंडा पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद कर तीन आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा। गुप्त सूचना के आधार पर आज करीब सुबह 5ः00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि सुन्दर नगर भुरकुंडा स्थित ब्रजेश खरवार उर्फ विक्की खरवार, पिता गुलाब खरवार, के द्वारा अवैध रुप से गांजा का खरीद विक्री किया जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवायी हेतू वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए एसडीपीओ बिरेन्द कुमार चौधरी व थाना प्रभारी मयंक प्रसाद के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थाना प्रभारी भरकुंडा मयंक प्रसाद एवं एसआई अक्षय कुमार सशस्त्र बल शामिल है तद्पश्चात पुलिस टीम के साथ समय करीब 05ः45 बजे थाना से प्रस्थान किया तथा ब्रजेश खरवार उर्फ विक्की खरवार सुन्दर नगर के घर पर पहुँचा एवं अनुमण्डल पुलिस पदा0 के द्वारा व्यक्ति एवं घर की तलाशी हेतू विक्की खरवार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत् नोटिस दिया गया। अपनी तलाशी देते हुए घर की तलाशी ली गई तलाशी के क्रम में ब्रजेश खरवार उर्फ विक्की खरवार सा0- सुन्दर नगर, भुरकुण्डा, थाना- पतरातु (भु0)



एवं रंजीत यादव उर्फ रंजीत राय, पिता-राजदेव राय, सा0-पटेल नगर, भुरकुण्डा, थाना- पतरातु (भु0) के घर से करीब 115 किलो अवैध गांजा की बरामद किया गया तथा इस काण्ड में राजकुमार यादव, पिता-भगवान राय, सा0-पटेल नगर, थाना- पतरातु (भु0) को भी गिरफ्तार किया गया एवं इस काण्ड में संलिप्त अन्य अपराधियों के विरुद्ध छापामारी जारी है। जिसे इस संबंध में काण्ड दर्ज की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम ब्रजेश खरवार उर्फ विक्की खरवार दुसरा रंजीत यादव तीसरा राजकुमार यादव है। इस छापेमारी दल में मुख्य रूप से विरेंद्र कुमार चौधरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु ,पु.अ.नि. मयंक प्रसाद प्रभारी भुरकुंडा ओपी ,पु.अ.नि. अक्षय कुमार, स.अ.नि पुरन सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## भुरकुण्डा कोयलांचल में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार करम पर्व मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा कोयलांचल सहित क्षेत्र के विभिन्न कालोनियों मे धूमधाम से मनाया गया प्रकृति को समर्पित भाई- बहन के अटूट रिश्तों का पर्व कर्म पूजा धूमधाम से मनाया।झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर है जिसे भाई- बहन बड़े ही निष्ठा भाव से करते हैं.एक हफ्ते पूर्व से ही इस पर्व की तैयारी शुरू हो जाती है. करम एकादशी के दिन पारंपरिक नृत्य- संगीत करते हुए भाई अपनी बहन के लिए करम डाली लेकर आते हैं जिसकी रात में पूजा-अर्चना की जाती है. वही करम एकादशी के दिन बहनें उपवास रहकर अपने भाई की लंबी आयु की कामना करती हैं।वही दुसरी ओर आदिवासी समाज के युवक- युवतियां करम पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं।वही मंगलवार को कर्म डाली का विशर्जन किया गया। जिसमें पारंपरिक नृत्य-संगीत मांदर की थाप पर झूमते नाचते नजर आए।

## प्राकृतिक पर्व कर्म सौहार्द का पर्व : कजरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** प्राकृतिक पर्व करमा पूजा महोत्सव फूलसराय में ग्रामीणों ने धूमधाम के साथ मनाया। सभी ने कर्म डाल के समक्ष कर्म धर्म की कथा सुन अपनी पूजा पूर्ण की। अवसर पर समाजसेवी कजरू बेदिया ने कहा कि करमा पर्व से लोगों में सौहार्द और अटूट विश्वास जागृत होता हैं। यह पर्व भाई बहनों के लिए यादगार रहने वाला क्षण हैं। मौके पर कर्म पूजा व्यवस्थापक रविंद्र साहू, भारती डिंपल कुमारी, रतनी, रुक्मणी, सुलेखा, निशा, इंदू, आनंदी, शिल्पा, मनीषा, ईशा, नंदरानी, उदय बेदिया, बबलू बेदिया, गुड्डु, कपिल, रिंकू, विशाल, संदीप, आकाश, योगेश, सूरज, मंगलेश्वर बेदिया,आदि थे।

## प्रदूषण के खिलाफ नईसराय ग्रामीणों ने प्लांट गेट के सामने दिया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ के नईसराय रौता स्थित ग्लोब फैक्ट्री का गेट जाम कर धरना प्रदर्शन दिया गया। इसमें नईसराय रौता एवं आसपास के लोगों ने बुद्धिजीवी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । यह धरना नई सराय विकास संघर्ष समिति का बैनर तले धरना दिया गया । इस धरने में मुख्य मांगे स्थानीय लोगों को रोजगार देना, प्रदूषण के खिलाफ और सीएसआर फंड के तहत शिक्षा स्वास्थ्य और विकास को लेकर धरना दिया गया । इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल मोहम्मद सलीम खान मदन राय अर्जुन ठाकुर मेघनाथ सर अशोक ठाकुर भोला ठाकुर वारिस साहब मोहम्मद अफरीदी मोहम्मद अकमल मोहम्मद अजमल मोहम्मद नजीर मोहम्मद नजीर मोहम्मद आशिक कमर भाई भोला ठाकुर केदार यादव दिलदार खान मोहम्मद मुजीब तस्लीम खान सोनू खान मोहम्मद सोनू सनी कुमार मोहम्मद आरिफ मोहम्मद जमील खुर्शीद खान मुबारक खान मोहम्मद नूर मोहम्मद शाबान तारिक खान इम्तियाज भाई मोहम्मद फिरोज राजू ठाकुर एवं सैकड़ो लोगों ने भाग लिया और सफल बनाने में हमारी मदद की।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, वंशावली, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



## आजसू कार्यालय सयाल में तीन दिवसीय महाअधिवेशन में शामिल होने के लिए की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरिमारी :** सयाल के आजसू युनियन कार्यालय में सोमवार को आजसू पार्टी के रांची में होने वाले तीन दिवसीय महाअधिवेशन की तैयारीयो को लेकर एक बैठक की गई।जिसमें मुख्य रुप से पार्टी के महासचिव रौशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। वहीं रौशन लाल चौधरी ने सभी पार्टि कार्यकर्ता को दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा की राज्य के सभी गांव/ टोलों/ मोहल्लें से पार्टी पदाधिकारी एवम ग्राम प्रभारी इस महाधिवेशन का हिस्सा बनेंगे। पार्टी का महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। पार्टी कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।बड़कागांव में विकास की गंगा बहाना हीं मेरा मुख्य उद्देश्य है। कर्मा पर्व के इस पावन समय पर सभी जोन में पार्टी की सफल बैठक यह बताती है की यहां की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। तीन दिवसीय चलने वाले महाधिवेशन में 29 एवम 30 सितंबर को पार्टी के वरीय कार्यकर्ता भाग लेंगे। 1 अक्टूबर को खुला सत्र होगा जिसने राज्य भर के ग्राम प्रभारी इसका हिस्सा बनेंगे। बैठक में मुख्य रूप से युनियन के महासचिव सतीश सिन्हा, इन्द्रदेव राम,संजय मिश्रा, विनोद कुमार, विश्वरंजन सिन्हा, जशिम अंसारी, रंजीत कुमार, महेंद्र मेहता,अजय मेहता, विनोद सिंह, शंकर गुप्ता, जितेन्द्र करमाली, अजय चौधरी, रमेश मुंडा, राम बिहारी साव, कृष्णा राम, बबलू कुमार, सनी सिंह,अदिप कुमार, पंकज कुमार, आदि थे ।

## प्राकृतिक पर्व कर्म सौहार्द का पर्व : कजरू

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्राकृतिक पर्व करमा पूजा महोत्सव फूलसराय में ग्रामीणों ने धूमधाम के साथ मनाया। सभी ने कर्म डाल के समक्ष कर्म धर्म की कथा सुन अपनी पूजा पूर्ण की। अवसर पर समाजसेवी कजरू बेदिया ने कहा कि करमा पर्व से लोगों में सौहार्द और अटूट विश्वास जागृत होता हैं। यह पर्व भाई बहनों के लिए यादगार रहने वाला क्षण हैं। मौके पर कर्म पूजा व्यवस्थापक रविंद्र साहू, भारती डिंपल कुमारी, रतनी, रुक्मणी, सुलेखा, निशा, इंदू, आनंदी, शिल्पा, मनीषा, ईशा, नंदरानी, उदय बेदिया, बबलू बेदिया, गुड्डु, कपिल, रिंकू, विशाल, संदीप, आकाश, योगेश, सूरज, मंगलेश्वर बेदिया, रोहित, सीटन, करण, अनिल, सोनू आदि ग्रामीण युवा, युवती उपस्थित थे।

## विहिंप बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न ललन लहरी बनाए गए गौरक्षा प्रमुख




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को रामगढ़ जिले के ब्लॉक स्थित होटल लॉ मैरिटल के सभागार में जिलाध्यक्ष आलोक रतन चौधरी की अध्यक्षता में विश्वहिंदू परिषद् बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई जिसमे मुख्य रूप से प्रांत कार्यवाहक सह व्यवसाई तिलकराज मंगलम एवं प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित हुए।संगठन विस्तार एवं आगामी 8 अक्तूबर को रांची में आयोजित होने वाले धर्मसभा की तैयारी के निमित्त इस बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों ने बौधिक देते हुए तैयारी की समीक्षा की।ओम उच्चारण के साथ शुरू हुए इस बैठक में जिला संगठन का विस्तार करते हुए गौरक्षा प्रमुख हेतु ललन लहरी,दिनेश पाठक को धर्म प्रसार प्रमुख,आलोक अग्रवाल जिला संघ प्रतिनिधि,रवि अग्रवाल सेवा प्रमुख,दिलीप कुमार पासवान संपर्क प्रमुख,कन्हैया रविदास जिला सुरक्षा प्रमुख नामित किए गए वहीं मातृशक्ति हेतु शिक्षिका सिंधु झा को जिला सह संयोजिका एवं यशोदा देवी को जिला सत्संग प्रमुख का दायित्व सौपते हुए सभी नवनयुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दी।इस बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री छोटू वर्मा,सह मंत्री तरुण कुमार वर्मा,बजरंगदल संयोजक भागीरथ पोद्दार,कोषाध्यक्ष अभय वर्मा,दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव,आदि थे।

## कोईया गांव के पास दिन में जंगली हाथियों के पहुंचने पर ग्रामीणों में दहशत

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला वन क्षेत्र के कोईया गाँव के समीप मंगलवार की सुबह जंगली हाथियों के पहुँचने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। खबर के फैलते हीं देखते देखते वहाँ आसपास के गाँवों से सैंकड़ों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना मिलते हीं वन विभाग की टीम भी वहाँ पहुँच गई। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगली हाथियों के नजदीक न जाय तथा दूर हीं रहे। वन विभाग की टीम ने बताया कि दिन के उजाले में हाथियों को खदेड़ना काफी जोखिम भरा कार्य होगा, शाम होने पर जंगली हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा जायेगा इसलिए तब तक ग्रामीण अपने आप को हाथियों से दूर रखें।

# उपायुक्त अबु इमरान ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं से हुए रूबरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याएं सुनी। वहीं उक्त मौके पर उपायुक्त के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सिमरिया प्रखंड क्षेत्र से आए एक व्यक्ति ने बताया कि मेरी बच्ची की शादी हो चुकी है और उसे कन्यादान योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। इस संदर्भ में अपर समाहर्त्ता ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी को जल्द से जल्द सरकारी नियमों के तहत योग्यता की जांच करते हुए कन्यादान योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार भूमि विवाद, रोजगार से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे। वहीं इस मौके पर उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देश पर जिले के अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में जुड़े। जनता दरबार में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नियमित निर्धारित समय व दिन के अनुसार जनता दरबार का आयोजन हो और यह सुनिश्चित करें कि जिले और प्रखंड में आम जनों से शिकायत को लेकर प्राप्त आवेदन का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर हो। इसी क्रम में एसएसआर 2024 तथा मतदाता सूची कंटीन्युअस, 18 प्लस नए मतदाता, 80 प्लस मतदाताओं का सत्यापन कार्य, राजस्व, म्यूटेशन, चलो आवास करें पूरा अभियान समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा रोस्टर अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# जिला परियोजना पदाधिकारी पहुंची गिद्धौर आम बागवानी का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत के इचाक गांव में जिला परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा ने आम बागवानी का निरीक्षण करने मंगलवार को पहुंची। जहां लगे आम बागवानी लगभग 8 एकड़ का डोर टू डोर निरीक्षण किया।जिसमें पिंटू सिंह का आम बागवानी का निरीक्षण करते हुए बागवानी का साफ सफाई पौधे की कटनी करने का निर्देश दिया। आगे बताते चलें कि बीते शुक्रवार को भी जिला उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता भी इस बागवानी का निरीक्षण करने पहुंचे थे।जिन्होंने बागवानी का कार्य अच्छे तरीके से करने की बात कही थी। मौके पर उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रामकुमार सिंह रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी एवं लाभुक उपस्थित थे।

# कैंप लगाकर हीमोग्लोबिन का जांच किया गया



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को एक कैंप आयोजित कर हीमोग्लोबिन की जांच किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत लैब टेक्नीशियन संदीप कुमार ने बताया की शिविर का आयोजन बाल विकास परियोजना के पत्र के आलोक में किया गया है। जिसमें 45 आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका का हीमोग्लोबिन की जांच हेतु सैम्पल संग्रह किया गया। आगे उन्होंने बताया कि हीमोग्लोबिन टेस्ट रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को मापने के लिए किया जाता है। यह टेस्ट आनुवंशिक रक्त रोगों, एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों का पता लगाने में मदद करता है। मौके पर बाल विकास परियोजना केंद्र की पर्यवेक्षक कामिनी कुमारी पंकज कुमार पांडे मलेरिया पर्यवेक्षक सहित कई आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका उपस्थित थी।

# प्राकृतिक पर्व कर्मा पूजा धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र के मुरपा, सेरेगड़ा, आरा-चमातू, बालू, बसिया, धाधु, गनेशपुर, समेत कई जगहों पर प्राकृतिक पर्व कर्मा पूजा सोमवार को धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कर्मा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने करम की डाली की पूजा विधि विधान से किया। जहाँ बहनों ने भाइयों के लिए 24 घंटे का निर्जला उपवास रखी तथा आवश्यक सामग्री के लिए दिनभर काशी व वैलेंजन की खोज में खेत खलिहानों में भटकते नजर आए। वही दूसरी ओर पर्वतनी पूजा सामग्री और फल फूल तथा प्रसाद की खरीदारी करने में व्यस्त थे। वही संध्या होते ही पूजा की तैयारी कर तथा हाथों में पूजा की थाली लिए अपने अपने करम अखरा में पहुँची तथा करम डाली की पूजा की पूजा के बाद महिलाएं, युवक युवतियां एवं छोटी बचिया अखरा में ढोल एवं मांदर की थाप में झूमर खेलती नजर आयी। कई जगहों पर कर्मा में डीजे के धुन पर भी लोग झूमते नजर आए। आदिवासी बहुल क्षेत्र में कर्मा को लेकर लोग काफी उत्साह दिखे तथा रात भर पूजा अर्चना के बाद मंगलवार को करम की डाली को विसर्जन किया गया। वही बालूमाथ पुलिस शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रात भर चौक चौराहों पर गस्ती करती रही।

# तेली महासंगठन ने भाजपा का किया पुतला दहन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा के गुमला जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के खिलाफ की गयी टिप्पणी के विरोध मे महासंगठन ने मंगलवार को भाजपा का पुतला दहन किया। इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद ने किया। श्री प्रसाद ने कहा कि अरविंद मिश्रा ने राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन को बदनाम करने की नीयत से अनर्गल बयानबाजी की है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा नेता मिश्रा ने राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के पदाधिकारियों को छुटभैया नेता व राजनीतिक सौदेबाज कहा था,इसके विरोध में इससे पहले भी झारखंड के कई जिलों में पुतला दहन किया जा चुका है। तेली समाज एक बहुत बड़ा वर्ग है और यह भाजपा को अपना वोट देते आया है। लेकिन अगर भाजपा नेता ऐसी अनर्गल बयानबाजी करेगें तो भाजपा को इससे नुकसान होगा। भाजपा के प्रदेश नेताओं को ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं पर लगाम लगाना चाहिए,नहीं तो आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौके पर राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के प्रदेश महामंत्री राजू रंजन प्रसाद ने भी अरविंद मिश्रा के इस बयान की निंदा की। इस अवसर पर तेली समाज के कई नेता व सदस्य मौजूद थे।

# करम पूजा धूमधाम से मनाया गया डीजे पर थिरकी युवती व महिलाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** करम पर्व झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है। प्रखंड के सिंघानी, बरवाडीह, नवाडीह, नोनगांव, मेराल सभी ग्रामीण इलाको में धूमधाम से करमा पूजा मनाया गया, डीजे साउंड पर थिरके युवती एवं महिलाए ।इस पर्व को न सिर्फ आदिवासी समुदाय के लोग धूमधाम से मनाते हैं बल्कि गैर आदिवासी लोग भी इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। ऐसे तो सभी लोग इस पर्व को भाई बहन का त्योहार के रूप में मनाते हैं, जहां बहन अपने भाई की लंबी उम्र के लिए दुआ मांगती है. लेकिन बहुतों को ये नहीं पता होगा है कि यह पर्व क्यों मनाया जाता है। इसकी तैयारी कैसे और कितने दिन पूर्व से शुरू हो जाती है. इन सारे सवालों के जवाब तलाशने के लिए प्रभात मंत्र संवाददाता कैलाश दांगी ने समाज के बुजुर्ग ग्रामीणों से खास बातचीत की रामेश्वर साव व महावीर बैठा ने बताया कि अखाड़े की सजावट से लेकर साफ सफाई तक, एक-एक चीज को वहां ध्यान दिया जाता है. लेकिन खास करके जो हमलोग जावा रखते हैं उसकी तैयारी हमलोग 9 दिन पहले ही शुरू कर देते हैं. लेकिन जावा रखने के लिए उपवास करने वाली महिलाएं नदी से बालू लेकर आती है. जिसमें 9 तरह की फसलों के बीज रखा जाता है। और जावा जब जन्मता है तब लोग मानते हैं कि धर्म की स्थापना हो गयी है. करमा के एक दिन पहले लोग खाते पीते हैं. उसके बाद दूसरे दिन गांव के लड़के जंगल जाते हैं फिर करम डाली काटकर लाते हैं. फिर शाम को विधिवत प्रार्थना करके करमा डाली को स्थापित करते हैं। यह पर्व भद्र महीना के शुक्ल पछ के एकादशी में मनाया जाता है। जो प्रकृति रक्षा के लिए करमा डाली को हराभरा माने तो वैष्णवी पर्व माना जाता है।

# पूर्व प्रधानाध्यापक रामधारी शुक्ला का निधन, कई गणमान्य लोगों ने किया शोक व्यक्त

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टेमराबार ग्राम निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक रामधारी शुक्ला का निधन मंगलवार सुबह रांची स्थित ओर्कीड अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। उनके निधन पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक दल के लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में शशिभूषण प्रसाद सिन्हा, पप्पू चौबे, अवनीकांत पाठक, ललन चौबे, जगनारायण पाठक, संजीव सिन्हा, श्यामसुंदर यादव, दर्शन तिवारी, मोतिउरर रहमान, बलजीत राम, गोपाल सिंह, जनदर्न शुक्ला, रंजय सिंह, शैलेश सिंह, सुनील पांडे समेत कई लोगो के नाम शामिल है।

# बिजली चोरी पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी : अंकित कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने कहा कि आगामी 30 सितंबर को बिजली बिल में ब्याज माफी योजना समाप्त हो जायेगी। उन्होंने इस योजना का लाभ उठाने की अपील लोगों से की. उन्होने कहा कि बकायादार अथवा वैसे उपभोक्ता जिनका बिजली कनेक्शन कट गया है वे भी इस ब्याज माफी योजना का लाभ ले कर बिजली कनेक्शन पुन~ करा सकते हैं।अंकित कुमार मंगलवार को मनिका प्रखंड के विद्युत शक्ति उपकेंद्र में आयोजित ब्याज माफी योजना शिविर को संबोधित कर रहे थे. उन्होने लोगों से नियमित बिजली बिल जमा करने की अपील की। कहा कि बिजली बिल बकाया रहने पर सर्टिफिकेट केस व कुर्की की भी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन कट जाने के बाद बाइपास कर बिजली जलाते पकड़ने जाने पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शिविर में कुल छह उपभोक्ताओं ने ब्याज माफी योजना का लाभ लिया। इन छह उपभोक्ताओं का कुल 1,69,810 रूपये का ब्याज माफ किया गया। मौके पर अकबर अंसारी, अमीर खान व ज्ञानचंद कुमार समेंत कई लोग मौजूद थे।

# अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन कई मामले आए नहीं हो पाया निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय ऑफिस में अंचल कोर्ट का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह के द्वारा आयोजित किया गया। अंचल कोर्ट में कई मामले आए जिसमें एक मामला मरंगी गांव के नागेश्वर रजक बनाम जितेंद्र नाथ वर्मा के बीच जमिनी बटवारा को लेकर किया गया। जिसका निष्पादन नही हो सका। इसकी अगली तारीख को आने की बात अंचल कोर्ट द्वारा कही गई है। वहीं दूसरा मामला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मपुर में देवधारी दांगी के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है।जिसका निष्पादन को लेकर देवधारी दांगी को अंचल कोर्ट में जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की बात कही गई है।

# सड़क निर्माण अधूरा रह जाने से आवागमन ठप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत का चिकनीकोना गांव ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य अधूरा कर छोड़ दिए जाने से टापू में तब्दील हो गया है। ठेकेदार की इस लापरवाही का खामियाजा वहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। निर्माण कार्य अधूरा रह जाने के कारण दोपहिया अथवा चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित है, जिस कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है मरीजों को भी कंधों पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा.वि.वि कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा संवेदक एके एण्ड आरके कंपनी को महुआडाड़ प्रखंड में मेढ़ारी से चिकनीकोना तक पीसीसी सड़क और तंबोली से तिसिया तक पथ निर्माण आवंटित किया गया है। यह आवंटन वर्ष 2021-22 में ही किया जा चुका है। जबकि इन दो वर्षों में कार्य का 10त्न भी संवेदक के द्वारा पूरा नहीं किया गया। संवेदक दोनों कार्यों को अधूरा छोड़कर फरार है। वही संबंधित विभाग भी इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा।

# पोषण पखवाड़ा का किया गया आयोजन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बाल विकास परियोजना की ओर से पोषण पखवाड़ा मनाया गया। पोषण पखवाड़ा का विधिवत उद्घाटन बालूमाथ अंचलाअधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आफताब आलम ने किया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना की प्रवेक्षिका कामिनी कुमारी द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार लेने का सुझाव दिया गया। मौके पर विभिन्न प्रकार की सब्जी, फूल, अनाज की पर्दशनी लगायी गयी थी। पोषण पखवाड़ा के तहत मोटे अनाजों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया। वही बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखने और उन्हें पौष्टिक आहार देने की बात कही।आगे उन्होंने बताया कि यह पोषण पखवाड़ा प्रखंड स्तरीय था। आगे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

# संकल्प सप्ताह के सफल क्रियान्वयन को लेकर ऑनलाइन बैठक हुई संपन्न

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग,भारत सरकार, करमा जिम्पा भूटिया की अध्यक्षता में संकल्प सप्ताह के सफल क्रियान्वयन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। संयुक्त सचिव द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधान मंत्री के द्वारा 30 सितंबर को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम सह संकल्प सप्ताह का शुभारंभ दिल्ली में किया जाएगा। सभी आकांक्षी प्रखंडो में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। आगे उन्होने कहा कि आकांक्षी प्रखंडो में जो पांच इंडिकेटर ग्रुप रखे गए हैं उनमें हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक विकास, मूलभूत सुविधाओं को शामिल किया गया है। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त हिमांशु मोहन, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़, अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा के लिए पंडाल बनाकर हुआ तैयार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में होने वाला सार्वजनिक दुर्गा पूजा की तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है। बता दें की यह पूजा गिद्धौर प्रखंड का सबसे महंगा एवं बेहतरीन पूजा किया जाता है। जिसको लेकर पंडाल अति सुंदर रूप में सजाया जाता है। जो की तैयार कर लिया गया है। एवं आकर्षण का केंद्र होता है। यह पूजा का पंडाल जिला में सबसे बेहतरीन एवं सुंदर होता है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा चौक के समीप ठाकुर बाड़ी में की जाती है। इस पूजा में लाखों रुपए सजावट में खर्च करते हैं।यहां पर महिषासुरवध का भी दृश्य दिखाया जाता है। एवं डांडिया बच्चों से खेलाया जाता है। यह भी नृत्य आकर्षण का केंद्र होता है इस वर्ष 15 अक्टूबर को शारदीय नवरात्र का कलश स्थापन किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूर्ण रूप से सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने कर लिए हैं।

# बाल विकास कार्यालय में पोषण माह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को बालविकास परियोजना कार्यालय की ओर से पोषण माह मिलेट वर्ष के रूप में मनाया गया। इस मौके पर कार्यालय से रैली निकाली गई। रैली में शामिल महिला पर्यवेक्षिका, सेविका व सहायिका ने चौक के चारो सड़को का भ्रमण किया। इस दौरान कुपोषण से बचाव और बच्चो को पौष्टिक आहार देने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहन साव, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे और सीडीपीओ रीना साहू को सेविकाओं द्वारा स्वागत गीत और पत्ते का टोपी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रमुख ने कहा सेविकाओं को अपने पोषक क्षेत्र के बच्चो के माता पिता को पौष्टिक आहार देने के प्रति जागरूक करने को कहा। जिप सदस्य ने कहा कि खान पान और शिक्षा से ही कुपोषण को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोग कुपोषण के प्रति जागरूक है। वेलोग हमेशा संतुलित आहार का सेवन कर स्वस्थ है। उन्होंने सेविकाओं को अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर जागरूक करने की बात कही। सीओ ने ह्यूमन रिसोर्स के बारे में जानकारी दी, कहा कि अपने बच्चो को पौष्टिक आहार दे। सीडीपीओ ने कहा कि पोषण माह 1 से 30 सितंबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है। उन्होंने मडुआ की रोटी, गोंदली का चावल छोड़कर विकसित देशों की ओर बढ़ रहे है। पीएम ने फिर से पहले की पौष्टिक आहार लाने की पहल की है। हरि साग सब्जियों के सेवन नही करने और आयरन की कमी से लोग कुपोषण का शिकार होते है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चो को हरि साग सब्जियों का सेवन कराने की बात कही ताकि कुपोषण का शिकार ना हो। कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन और गोद भराई का रश्म किया गया। गर्भवती महिला को फल और सब्जियों से भरा बास्केट दिया गया। इसके बाद समाज को पोषण, संतुलित आहार सहित स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया। वही कई पौष्टिक आहार से संबंधित स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका रश्मि कुमारी, ममता मासूम, रीना कुमारी, अंजू कुमारी, टेरेसा मुर्मू, एएनएम इंदु कुमारी सहित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं उपस्थित थी।

# यादव समाज का पंचायत स्तरीय किया जा रहा है पुनर्गठन द्वारी पंचायत के अध्यक्ष प्रेम, गिद्धौर पंचायत के अध्यक्ष बने अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत यदुवंशी समाज के लोगों का जिला से लेकर प्रखंड पंचायत स्तरीय पुनर्गठन किया जा रहा है। जिसे लेकर मंगलवार को द्वारी पंचायत के प्रतिनिधि के लिए यदुवंशी समाज के लोगों ने बलबल गर्म जल कुंड परिसर में बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता जयराम यादव ने किया। सर्व समिति से द्वारी पंचायत के लिए अध्यक्ष प्रेम यादव को चयन किया गया। एवं सचिव संतोष यादव उपाध्यक्ष गोविंद यादव कोषाध्यक्ष उमेश यादव एवं 25 अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। वहीं गिद्धौर पंचायत के लिए अध्यक्ष पद पर अजय यादव को चयनित किया गया। सचिव बिरेंद्र यादव उपाध्यक्ष दिनेश्वर यादव कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार व अन्य यादव को चयन किया गया। चयनित प्रतिनिधियों को पुष्पमाला पहनकर यादव समाज के लोगों ने स्वागत किया। समाज के देखरेख और उत्थान के लिए इन्हें समाज की ओर से जिमा दिया गया है। मौके पर रामदेव यादव एवं दर्जनों यादव परिवार के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत को जानो प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को मिला सम्मान




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय बाबुगांव, कोर्रा में मंगलवार को वंदना सभा में कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह एवं मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि की।तत्पश्चात भारत विकास परिषद, हजारीबाग द्वारा आयोजित ÷भारत को जानो÷ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023 में वरिष्ठ वर्ग में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कक्षा दशम की बहन सुरुचि कुमारी एवं बहन कुमकुम कुमारी तथा कक्षा अष्टम की बहन समृद्धि कुमारी एवं बहन ब्यूटी कुमारी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में भैया बहन अपनी लगन एवं परिश्रम के द्वारा विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे,हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह समेत विद्यालय के महिला एवं पुरुष आचार्यों की सहभागिता रही।

### विनोद यादव की सकुशल रिहाई के लिए बजरंगबली मंदिर में किया गया हवन पूजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला महासचिव विनोद कुमार यादव का सकुशल रिहाई के लिए पूजा पाठ का दौर शुरू हो गया है, इसी आलोक में आज मंगलवार को बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत में बाजार पर स्थित बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में विनोद यादव के समर्थकों ने पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया। हवन पूजन कार्यक्रम वरिष्ठ समाज सेवी रघुनंदन गोप के नेतृत्व में पुरोहित अशोक पांडे के द्वारा संपन्न कराया गया। मौके पर समाजसेवी रघुनंदन गोप ने कहा हवन पूजन का कार्यक्रम पूरे बरही विधानसभा के प्रत्येक पंचायत में आयोजित किए जाएंगे, इसकी शुरुआत पूर्व में बरही पूर्वी पंचायत अंतर्गत छठ घाट नदी के तट पर स्थित सूर्य मंदिर में हवन पूजन के साथ शुरू हो चुका है, जो अब निरंतर जारी रहेगा। हवन पूजन में विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, वरिष्ठ समाजसेवी रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, वासुदेव यादव, शरीफुल हक, मनोहर यादव, देवचंद यादव, महेश प्रसाद कुशवाहा, कौलेश्वर चंद्रवंशी, टिंकू केसरी, संतोष प्रजापति, चंदन केसरी, रामकुमार दास, सतीश कुमार, संतोष सोनी, दीपक प्रजापति, संजय केसरी समेत दर्जनों समर्थक शामिल रहे।

### बरही में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को बरही प्रखंड कार्यालय परिसर के बाल विकास परियोजना सभागार में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के अध्यक्ष सह बरही पूर्वी जिप सदस्य किशुन यादव, बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू कुमारी, बरही महिला पर्यवेक्षक, बरही गैस एजेंसी सहित अन्य प्रखंडों के सहिया दीदी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशुन यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम में पोषण तथा संपूर्ण टीकाकरण तथा स्वच्छता की विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी ने पोषण के बारे में विस्तृत से बताया और कहा बच्चों को समय पर संपूर्ण टीकाकरण एवं नियमित पोषण देने से बच्चा स्वस्थ रहता है। वही किशुन यादव ने कहा कि बच्चों को स्वच्छ रखना उसकी मां का प्राथमिक कार्य होता है और समय पर सही पोषण भी जरूरी है। इसकी जानकारी हर सहिया दीदी को होनी चाहिए, ताकि वह अपने क्षेत्र में जाकर जच्चा और बच्चा के पोषण एवं स्वच्छता के बारे में बता सके। कार्यक्रम में बेबी शो, मुंह जुठ्ठी एवं गोद भराई क्रायकर्म का भी आयोजन किया गया। जिसमें बाराटांड़ के रियांश कुमार, तेली टोला के सुगन कुमारी का बेबी शो किया गया। इन बच्चों का पोषण संपूर्ण था एवं 6 माह का अंदर दिया जाने वाला टीकाकरण पूर्ण पाया गया। वहीं अफीम कोठी निवासी पीहू कुमारी और विदित शर्मा तेली टोला निवासी का मुंह जूठी किया गया तथा मंजू देवी और पूजा कुमारी की गोद भराई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में गैस एजेंसी बरही के द्वारा गैस चूल्हा के सावधानी पूर्वक प्रयोग की जानकारी दी गई।

### भ्रष्टाचार की सुगबुगाहट के बीच बिना टेंडर मेले को मैदान का आवंटन, नगर निगम पर प्रश्न चिन्ह

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांधी मैदान में प्रत्येक वर्ष लगने वाले डिज्नीलैंड मेला को लेकर नगर निगम अपने चहेते को एक बार पुनः बिना निविदा का मैदान आवंटित कर दिया है । पिछले 2 सालों से लगातार यह नियम नगर निगम द्वारा अपनाया जा रहा है । अपने को लाभ पहुंचाने को लेकर निगम नियमों को ताक पर रख गांधी मैदान को आवंटित कर रहा है। जिसकी बानगी पिछले 15 दिनों से डिज्नीलैंड मेला को लेकर गांधी मैदान मटवारी में लगाया जा रहे स्टॉल और मेला की तैयारी से देखा जा सकता है। मेला का प्रारंभ 8 अक्तूबर से होना है ,जबकि ठेकेदार को नगर निगम की ओर से मैदान एक माह पूर्व ही आवंटित कर दिया गया है। आश्चर्य की बात है कि नगर निगम राजस्व की बात तो करता है लेकिन , ठेकेदार को मेला देने के एवज में 2 साल पुराने दर को ही निगम की ओर से स्वीकृत कर मैदान उपलब्ध कराया गया है । जबकि पूर्व में प्रत्येक वर्ष मेला को लेकर डाक होती थी। और उच्चतम बोली लगाने वाले को निगम की ओर से मेला आवंटित किया जाता था ।नगर निगम की इस मिली भगत को लेकर हजारीबाग के ही सामाजिक संस्था युवा प्रहरी के सचिव सह भाजपा के कृषि प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला , हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा, जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा एवं अन्य तीन लोग रांची के रहने वाले ने उच्च न्यायालय में याचिका 5042/2023 दाखिल कर सुनवाई की मांग की है। जिस याचिका में उपायुक्त हजारीबाग ,नगर आयुक्त एवं नगर निगम के अध्यक्ष को पार्टी बनाया गया है ।इस संदर्भ में उच्च न्यायालय की ओर से निगम को नोटिस भी भेजा गया है । नोटिस के जवाब में निगम ने मैदान के काम में और तेजी बढ़ा दी है। उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के बेंच में पिछले शुक्रवार को सुनवाई होनी थी परंतु न्यायाधीश के आकस्मिक निधन होने के कारण आगामी शुक्रवार को सुनवाई होगी ।

## नगर निगम ने हुरहुरू में लगाया कैम्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर निगम हजारीबाग द्वारा हुरहुरू जोड़ा तालाब स्थित वार्ड विकास केंद्र में कैम्प लगाया गया। नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अपने सम्बोधन भाषण में बताया कि, कैम्प का मूख्य उद्देश्य समस्याओं का त्वरित निष्पादन, जन सहभागिता को बढ़ावा देना तथा लोगो को यह जानकारी देना है कि नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी देना तथा उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कैम्प निगम क्षेत्रान्तर्गत लगाया जाएगा।कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 16 आवेदन प्राप्त हुए ,विद्युत से संबंधित चार आवेदन, नाली रोड़ निर्माण से संबंधित 11 , पेयजल से संबंधित 4 , एन यू एल एम से संबंधित 11 आवेदन, जन्म मृत्यु से संबंधित 1 आवेदन, होल्डिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस से संबंधित कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए,जो रिन्यूअल से संबंधित था इससे कुल 20042 रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई।इसके अतिरिक्त कई आवेदन सीधे प्रशासक को दिया गया ।

## प्रकृति पर्व करम पूजा का हुआ समापन, झुमते गाते लोगों ने करम डाली का नदी में किया विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के सभी 23 पंचायतो के 84 गांव में प्रकृति पर्व करम पूजा काफी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ के साथ संपन्न हो गया। पूजा के दूसरे दिन लोगों ने निकट के नदी तालाब में करम डाली का विसर्जन किया और अपने परिवार की सुख व समृद्धि की कामना कर्म देवता से किया। प्रखंड के ग्राम पलांडू में काफी धूमधाम, हर्षोल्लास एवं ऐतिहासिक रुप से करमा पूजा का समापन एवं करम डाली का विसर्जन किया गया। भारी संख्या में लोग पूजा पाठ कर रात भर झुमते गाते रहे। मंगलवार सुबह से करीब 1 बजे दोपहर तक लोग ढोल नगाड़े की थाप पर थिरकते रहे वहीं बीच बीच में डीजे की धून में भी लोग थिरकते नजर आए। तत्पश्चात पुनः सभी पूजारीयों एवं देव भक्तों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जावा डाला सहित करम डाली को उखाड़ कर गांव में भ्रमण करते हुए नाचते गाते नदी में विसर्जन कर दिया गया।

## ईद-मिलाद-उन नबी को लेकर बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा थाना परिसर में ईद-मिलाद-उन नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने की। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा की त्योहार को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाएं।बैठक में कई बातों पर चर्चा हुई और कहा गया की त्योहार के दिन सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होना चाहिए।वहीं थाना प्रभारी ने त्योहार मनाने के लिए विभागीय गाइडलाइंस से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।मौके पर युसूफ अंसारी,मुमताज अंसारी,बबून अंसारी,धरहरा शेराज अंसारी, गफ्फार खान,जाकिर हुसैन, बुढ़ियाडीह से रहमान अंसारी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## 8 अक्टूबर को चौपारण प्रखंड मैदान बनेगा गवाह, लिखा जाएगा इतिहास : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी अक्टूबर को चौपारण प्रखंड मैदान परिसर में झारखंडियों का महाजुटान होने जा रहा है। महाजुटान का नाम बदलाव संकल्प सभा है। इसे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।इस महासभा में चौपारण के मानगढ़, बसरिया, सेलहारा, दादपुर, दैहर, पाण्डेबारा, हजारीधमना, झापा, बरही, बरसोत, करियातपुर, आदि सैकड़ों गांवों से हज़ारों युवा साथी, महिलाएं, बड़े बुजुर्ग सभा में शामिल होंगे।

**सभा के मुख्य उद्देश्य :** इस सभा का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर अपनी आवाज को बुलंद करना है। बदलाव संकल्प महासभा को लेकर संजय मेहता के द्वारा लगातार क्षेत्रों में नुक्कड़ सभा आयोजित की जा रही है और साथ ही उनके टीम के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क अभियान चला कर लोगो से अधिक से अधिक संख्या मे सभा में आने के लिए अपील किया जा रहा है।

**जयराम महतो एवं संजय मेहता होंगे सभा के मुख्य वक्ता :** चौपारण बदलाव संकल्प महासभा में स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर आन्दोलनकारी जयराम महतो एवं संजय मेहता शामिल होंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

## बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में करम परब पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बेलकप्पी, गोरहर, शिलाडीह, बडकीटांड, तेतरिया, चामुदोहर, बाराडीह, लगनवां, सलैया ,गंगपाचो, बेडोकला, गैडा, झुरझुरी, घंघरी, आदि क्षेत्रों में प्राकृति के पर्व करम पूजा पूरे भक्तिभाव से किया गया. नदीयों में करमवर्तियों के द्वारा करम डाल विसर्जन किया गया.वहीं उपस्थित युवतियों ने कहा कि खोरठा भाषा किसी जाति विशेष की भाषा नहीं है, खोरठा क्षेत्र में निवास करने वाले सभी वर्ग के जातियों की यह मातृभाषा है.इसीलिए करम परब सभी लोगों के लिए है.करम परब धान रोपनी के पश्चात प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी को मनाया जाता है.प्राकृतिक से संबंधित यह त्योहार पांच से नौ दिन तक मनाया जाता है. जौ,गेहूं ,चना,कुरथी आदि। अनाजों को नदी या तालाब में जाकर नहा-धोकर नदी की बालू टोकरी में रख बोया जाता है.प्रतिदिन इसमें शुद्ध जल डाला जाता है.कई दिनों के पश्चात ये अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं जिससे जावा डाली कहा जाता है. प्रत्येक ग्राम युवतियों की पृथक जावा डालिया होती है. प्रत्येक शाम को आखरा (नृत्य स्थल) पर एकत्रित होकर जावा डालियन को बीच में रख कर चारों और लोकगीत गा कर नृत्य करती है.

## गैयपहाडी में मनसा पूजा को लेकर कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के गैयपहाडी में मनसा पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी।जिसमें 1051 महिलाओं ने कलश उठाया.जहां विधायक अमित कुमार यादव व जिप सदस्य कुमकुम देवी ने महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया.कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर पूरे गाँव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी पहुंचा.नदी में गोरखनाथ पांडेय के द्वारा पूजा अर्चना के बाद विधिविधान से कलश में जल भर कर पुनः मंदिर परिसर पहुंच कर कलश स्थापित किया गया.मनसा पूजा समिति के अध्यक्ष तुलसी प्रसाद ने बताया कि 27 सितंबर को भक्ति जागरण संस्कृति कार्यक्रम,28 सितंबर को दोगोला कार्यक्रम का आयोजन 29 सितंबर को मेला का आयोजन किया जायेगा.मौके पर कांग्रेस नेता मणिलाल चौधरी,भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद,रीतलाल चौधरी,चेतलाल पंडित,महेन्द्र प्रसाद,मुरलीधर प्रसाद, निरंजन प्रसाद,हीरालाल प्रसाद,गणेश्वर प्रसाद , लिलाधर प्रसाद,दुर्गा प्रसाद, प्रकाश प्रसाद,नन्दकिशोर प्रसाद समेत सैकड़ों महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे।

# एनजीओ और एफपीओ प्रतिनिधियों के रिफ्रेशर मीट का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के एनजीओ और एफ़पीओ प्रतिनिधियों के लिए नाबार्ड और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर/ पुनश्चर्या कार्यक्रम (रिफ्रेशर मीट) का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक प्रेम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में नाबार्ड के सभी विकास मॉडल (कृषि और गैर कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, उदयमिता विकास और नाबार्ड के द्वारा संचालित अन्य सभी प्रकार की योजनाओं जैसे अनुदान सहायता जिसमे एग्री-क्लीनिक एग्री-बिज़नस और कृषि-विपणन अवसंरचना के प्रावधानों पर जानकारी दी गयी।

इस प्रशिक्षण मीट में बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबन्धक वी वी कृष्ण किशोर के नेतृत्व में उप क्षेत्रीय प्रबन्धक भूपेन्द्र नारायण, एलडीएम राकेश आज़ाद और कृषि ऋण प्रभारी मधु-मिश्रा ने स्थानीय एनजीओ और एफ़पीओ के प्रतिनिधियों को कृषि/ सहबद्ध क्षेत्र/ गैर- कृषि क्षेत्र में बैंक ऋण से संबन्धित योजनाओं की जानकारी दी और उनसे बैंकिंग सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आवाहन किया।

डीडीएम ने नाबार्ड की विभिन्न विकास और उद्यमिता विकास योजनाओं के विषय में उनके प्रावधानों पर लक्षित रूप से विवरण देते हुए महिलाओं और अन्य सूक्ष्म उद्यमियों के बीच क्लस्टर मोड में उद्यमिता प्रशिक्षण और डेमो यूनिट की स्थापना को लक्षित नाबार्ड के कई कार्यक्रमों का सविस्तार विवरण एनजीओ प्रतिनिधियों को दिया गया। नाबार्ड के ऐसे कार्यक्रमों में ओएफ़पीओ, एमईडीपी (1 बैच का उद्यमिता प्रशिक्षण), एलईडीपी (3-5 बैच का उद्यमिता प्रशिक्षण), कैट (उन्नत कृषि के लिए संस्थात्मक प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट), कृषक गोष्ठी, एफ़एसएफ़पीएफ़ (कृषि क्षेत्र विकास निधि), नैब-स्किल (कौशल विकास), ग्राम दुकान/ रुरल मार्ट आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम में डीआईसी के प्रतिनिधियों ने भी पीएमईजीपी और पीएमएफ़एमई योजनाओं के संबंध में कार्य योजना के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाओं का अश्वाशन दिया और एफ़पीओ से इन योजनाओं को किसानों और उद्यमियों तक पहुँचने की उम्मीद की।

डीडीएम नाबार्ड ने सभी एनजीओ को जिले में एफ़पीओ के उत्पादक समूह (पीजी) और जेएलजी तथा एसएचजी के सहयोग से किसी विशिष्ट क्षेत्र में नियोजित तरीके से काम करने का आवाहन किया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा एसएचजी सदस्यों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने मे मदद मिल सके।

## क्रिकेट टूर्नामेंट पर ढाबथाम की टीम ने जमाया कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत छोटकी बरही के स्थित कर्बला मैदान में स्टार क्लब छोटकी बरही द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेन्दगी बनाम ढाबथाम के बीच खेला गया। जिसमें ढाबथाम की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू शामिल हुए और खेल का शुभारंभ किया। मौके पर अरुण साहू ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल को खेल की तरह ही देखना चाहिए। हार जीत जीवन का एक अटूट हिस्सा है, किंतु इसमें समन्वय बनाना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्रिकेट हमारे समुदाय के युवाओं के लिए न केवल खेल है, बल्कि यह एक शिक्षा है जो जीवन के महत्वपूर्ण मौद्रिक मूल्यों को सिखाती है। उन्होंने यहां खिलाड़ियों को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों की पूर्ति के लिए मेहनत और समर्पण से काम करें और स्वस्थ और मनोबल बनाए रखें। मौके पर तिलेश्वर साहू

## कोरियाड़ीह में कीचड़ में तब्दील हुआ कच्ची सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कोरियाड़ीह गांव की कच्ची सड़क कीचड़ और गड्ढे में तब्दील हो गया है।राह इतनी खराब है कि पैदल चलना मुश्किल सा हो गया है, जगह-जगह पर पानी जम गए हैं। यह वह सड़क है जो अति सुदूरवर्ती इलाके कुटमा जीतपुर तथा अन्य गांवों को जोड़ती है। इस कच्ची सड़क पर लोगों का आना-जाना काफी मुश्किल हो गई है जगह-जगह पर घुटनों घुटनों तक पानी भरा नजर आता है। रास्ते में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण कीचड़ पसरा है। वही धनवार पंचायत के पूर्व उपमुखिया संजय कुशवाहा ने बताया कि इस सड़क को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि का इस गांव की सड़क पर किसी का ध्यान नहीं है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि जनप्रतिनिधि के द्वारा आश्वासन जरूर मिलती है।जिससे यहां के ग्रामीणों में आक्रोश है। जिससे आए दिन शासकीय कामकाज के लिए तहसील एवं अन्य स्थानों पर आना-जाना प्रभावित हो रहा है। मौके पर पूर्व उपमुखिया संजय प्रसाद कुशवाहा, वार्ड सदस्य बालेश्वर प्रसाद, खूबलाल महतो, संतोष प्रसाद, शंभू महतो, बालेश्वर महतो, अरुण कुमार, कमल महतो, नारायण महतो, शंकर प्रसाद, हरि प्रसाद, विकास यादव, नानू महतो, विजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, अनिल प्रसाद, मुंद्रिका देवी, मुनिया देवी, गीत देवी, शांति देवी, भटनी देवी, भिखनी देवी सहित सैकड़ों महिलाएं एव पुरूष मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं को वॉलीबॉल चैंपियन बनने पर प्रशासनिक पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बड़कागांव की छात्राओं ने बड़कागांव प्रखंड सहित हजारीबाग जिले का नाम रौशन किया। झारखंड राज्य स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 में अंडर 19 बालिका वॉलीबॉल में बड़कागांव प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व किया। कप्तान कल्याणी तिर्की के नेतृत्व में टीम के अन्य सदस्य सुनीता कुमारी, नर्मदा लकड़ा, कशिश तिग्गा, प्रियंका तिर्की, अंजली कुमारी, पूनम कुमारी, प्रीति तिर्की, क्रांति सोरेन ने प्रखंड स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने गुमला जिला के टीम को लगातार दो सेट से हराकर झारखण्ड चैंपियन बनीं। इससे पूर्व सेमीफाइनल में रांची जिला के टीम को भी लगातार 2 सेट में हराकर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बड़कागांव की टीम फाइनल में पहुंची थी। खिलाड़ियों ने कहा के राज्य स्तर में विजय होने पर हम लोग बहुत खुश हैं। राज्य सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन के तरफ से हमें बेहतर सुविधा मिलती है तो राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर प्रखंड, राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। हमारे विद्यालय में चारदीवारी नही है जिससे असुरक्षा की भावना महसूस होती है और अभ्यास में भी पूरी आजादी नहीं मिलती है। सरकार और प्रशासन से विद्यालय में चारदीवारी निर्माण और उच्च स्तरीय वॉलीबॉल कोर्ट के निर्माण की मांग छात्राओं ने किया।

कस्तूरबा विद्यालय बड़कागांव की वार्डेन लीलावती कुमारी एवं लेखापाल राजकुमार साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि यह विद्यालय प्रारंभ से ही प्रखंड से लेकर राज्य एवं देश स्तर पर खेल की दुनिया में कई बार परचम लहरा चुकी है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# नदी में कटाव से दहशत का माहौल कई घरों पर मंडरा रहा खतरा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के कुसमानगर, तारानगर एवं ईलामी से होकर गुजरने वाली तोड़ाई नदी में कटाव से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।पिछले करीब एक सप्ताह से मूसलाधार बारिश से नदियां उफान पर हैं। नदी किनारे बसे परिवारों में दहशत का माहौल है। ईलामी बागान टोला और कुसमानगर में सड़क धंसने के बाद लोग और भी डरे हुए हैं। लोगों की रात की नींदे उड़ गई है। अपने घरों के नदी में समा जाने का डर बना हुआ है। वहीं कुसमानगर गांव में नदी किनारे बसे लोगों में ज्यादा डर बना हुआ है। यहां तकरीबन 50 से 60 परिवार ऐसे हैं, जिनके घर नदी किनारे से बिल्कुल सटा हुआ हैं। तारानगर गांव में भी दर्जनों परिवार नदी किनारे घर बना कर रह रहे हैं। इलामी बगान टोला में ईदगाह के पास भी कई परिवार नदी कटाव को लेकर चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि चार दिन पहले ही इलामी बागान टोला में नदी किनारे से गुजरी पीसीसी सड़क नदी में कटाव से ढह गया था। उधर कुसमानगर में 3 जुलाई को लगभग 50 मीटर पीसीसी सड़क भी नदी में समा गया था। फिलहाल वहां बस का चचरी पुल बनाया गया है। जिससे लोगों का आना-जाना हो रहा है। हालांकि नदी के उफान पर होने से चचरी पुल के भी टूटने का खतरा बना हुआ है। वहीं नदी किनारे बसे दर्जन भर घरों पर खतरा मंडरा रहा है। यहां तकरीबन 50-60 परिवार घर बना कर रह रहे हैं। इनमें दर्जन भर घरों को ज्यादा खतरा है। यह भी बता दें कि 3 जुलाई को पीसीसी सड़क के धंसने के दौरान ही एक पक्का मकान भी धंसने लगा था, जो इस वक्त झुका हुआ है। घर का पीलर दिन-ब-दिन नीचे दब रहा है। इसके साथ ही घर भी धीरे-धीरे धंसता चला जा रहा है। अब्दुल अदूद, मैरुल शेख, कमरुल शेख, सनाउल्लाह शेख, हाजीकुल शेख आदि ने कहा कि नदी में कटाव से यहां के लोगों में डर बना हुआ है।

## बंधन रिटायरमेंट फंड का लक्ष्य रिटायरमेंट के बाद के लक्ष्यों के लिए निवेश किए गए पैसे पर बेहतर रिटर्न प्रदान करना

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की, जिसका उद्देश्य निवेशकों को उनके सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इक्विटी, डेट और अन्य निवेश माध्यमों के मिक्स में निवेश करके लंबी अवधि में निवेश किए गए पैसे पर अच्छा खासा रिटर्न प्रदान करना है। फंड की प्रभावशाली एसेट आवंटन रणनीति निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान संभावित गिरावट को कम करते हुए इक्विटी बाजार में तेजी से भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। नया फंड ऑफर गुरुवार, 28 सितंबर, 2023 को निवेश के लिए खुलेगा और गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023 को बंद होगा। बंधन रिटायरमेंट फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे https://bandhanmutual.com/nfo/bandhan-retirement-fund/ पर किया जा सकता है। रिटायरमेंट को लेकर योजना बनाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य क्यों है, के बारे में उपयोगी जानकारी देते हुए, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी लिमिटेड (बंधन एएमसी) ने कहा कि ''आम लोगों की औसत आयु में लगातार बढ़ोतरी, जीवन यापन की बढ़ती लागत और बढ़ती हेल्थकेयर मुद्रास्फीति निवेशकों की बचत को कम कर सकती है, जिससे रिटायरमेंट की योजना बनाना प्रासंगिक हो जाता है।




## जयपुर रग्स ने रग उत्सव, 2023 का इनॉग्रेशन किया: कलात्मकता, शिल्प कौशल और शिक्षा का उत्सव

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है। जयपुर रग्स कस्टमर को धुरी, हैंड टफ्टेड, हैंडलूम और हैंड नॉटेड और मनचाहा कलेक्शन पर एक्सक्लूसिव डिस्काउंट के साथ शानदार क्रॉफ्टमैनशिप की दुनिया को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित कर रहे है। ये पहली बार है कि जयपुर रग्स का बहुप्रशंसित चुनिंदा मनचाहा कलेक्शन विशेष रियायती कीमतों पर उपलब्ध होगा। जो ग्राहकों को उत्कृष्ट कारीगरी के काम को अपने घर ले जाने का मौका देता है। जयपुर रग्स ग्रामीण कुशल बुनकरों के साथ बातचीत करके एक अनूठे मौके में शामिल होने के लिए कस्टमरों को आमंत्रित कर रहा है। विभिन्न जयपुर रग्स स्टोर्स पर, आप रग बनाने की कला में सीख सकते हैं और यहां तक कि ग्रामीण कारीगरों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में टफ्टिंग में भी अपना हाथ आजमा सकते हैं।



## टोंगी में कर्म पूजा हर्षोउल्लास के साथ मना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोंगी में ग्रामीणों ने हर्षोउल्लास के साथ कर्म पूजा मनाई। पूजन महेश मुंडा के द्वारा करम डाल के समक्ष पारंपरिक रीति रिवाज के साथ व्रतियों को पूरी करवाई गई। सभी ने प्राकृतिक उत्सव मनाने और संरक्षण का शपथ लिया। मौके पर विनोद मुंडा, प्यारेलाल बेदिया, गंगाराम, जागेश्वर बेदिया, रविंद्र कुमार बेदिया, समेत कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

## अरगडा में समाजसेवी ने बच्चों के बीच खेल सामग्री वितरण किया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगडा कब्रिस्तान मोहल्ला में मंगलवार को समाजसेवी रंजीत पासवान ने छोटे -छोटे बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया । मौके पर समाजसेवी रंजीत पासवान ने बच्चों को खेलने के लिए फुटबॉल देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल कूद भी जरूरी है । खेल कूद से शरीर स्वस्थ्य रहता है । मौके पर आयुष चौहान ,राहुल कुमार , आकाश भुईया , आनंद चौहान ,साजन भुईया , प्रिंस कुमार ,निखिल , बंटी कुमार ,बंटी कुमार ,सोनू , अभिषेक कुमार ,रोहन कुमार को खेल सामग्री दिया गया ।



## झोपड़ी में मेरी माटी मेरा देश को लेकर ग्रामीणो से ली गई चावल और मिट्टी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगडा क्षेत्र के महाप्रबंधक के द्वारा चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को कलश यात्रा लेकर अरगडा झोपड़ी में समाजसेवी व वार्ड 13 के पूर्व पार्षद रंजीत पासवान की उपस्थिति में चावल और मिट्टी की माँग ग्रामीणों से की गई । स्वच्छता ही सेवा मेरी माटी मेरा देश को नमन वीरो के वंदन प्रेरित है । साथ ही उपस्थित लोगों ने शपथ लिया । मौके पर समाजसेवी रंजीत पासवान , अनुराग कुमार ,सीसीएल कर्मचारी दुर्गेश सिंह , सरजू ठाकुर , सूरज सोना ,कपिल नायक आदि उपस्थित थे ।



## स्वच्छता ही सेवा के तहत अंबेडकर पार्क में किया गया साफ सफाई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगडा क्षेत्र के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा के तहत मंगलवार को क्षेत्र के महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे के मार्ग दर्शन में रामगढ थाना चौक स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क का अरगडा क्षेत्र के पूरी सफाई टीम के द्वारा साफ सफाई की गई । मौके पर अरगडा क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशानिक अधिकारी मोहम्मद एफ.हक , नोडल अधिकारी सी.डी.सर , रजत जयस्वाल ,निखिल श्रीवास्तव , कर्मचारी दुर्गेश सिंह आदि उपस्थित थे ।




## मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने भारत में हाइब्रिड वर्कप्लेसेस के लिए लेजर प्रिंटर्स की स्मार्ट रेंज लॉन्च की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी, मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटर्स की एक असाधारण रेंज पेश की है। यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं ~ मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलने, उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए बड़ी सावधानी से तैयार किया गया है। ये अभिनव प्रिंटर्स टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। ये प्रिंटर्स उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं। नवीनता, बहुपयोगिता और सुरक्षा पर निरंतर फोकस के साथ मिनोशा इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत में व्यवसायों की गतिशील ज़रूरतों से आगे बढ़कर डिजाइन किये गए ऑफिस प्रिंटिंग समाधानों का एक नया युग आरम्भ कर रही है।



## मैन्युअल के मुताबिक चौकीदारों को मिले ड्यूटी : कृष्ण दयाल सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के बैनर तले मंगलवार को लड्डू बाबू आम बगान में चौकीदारों की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रंजीत राजवंशी ने किया। वहीं बैठक का संचालन पंचानंद सरकार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह शामिल हुए। उन्होंने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि 11 सितंबर 2017 में झारखंड के सभी उपायुक्त एवं सभी पुलिस अधीक्षकों को आदिश दिया गया है कि चौकीदार मैन्युअल में दिए गए प्रावधानों एवं राज्य सरकार द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देशें के आलोक में ही ड्यूटी कराया जाए। बैंक ड्यूटी, कैदी स्कॉट, रोड गश्ती और डाक ड्यूटी कराने पर रोक लगा दी गई। इसको सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया। उन्होंने कहा कि चौकीदार मैन्युअल के अनुसार चौकीदार सप्ताह में एक दिन साप्ताहिक खैरियत रिपोर्ट देने के लिए थाना पर पहुंचेंगे। चौकीदार को रात्रि में अपने बीट में रहना है। लेकिन इसकी अनदेखी करते हुए ड्यूटी कराई जा रही है। जिस कारण जनहित और राज्यहित प्रभावित होना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ उपायुक्त से मांग करते है कि ड्यूटी के संबंध में राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देश का थाना एवं अंचल स्तर पर सख्ती से अनुपालन कराया जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी आदेश के बाद भी लगभग 33 वर्षो तक सरकारी सेवा करने के बाद भी अंचल के चौकीदारों को एसीपी, एमएसीपी का लाभ नहीं मिलना प्रशासनिक लापरवाही है।

## सिल्ली में केनरा बैंक शाखा का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** केनारा बैंक के जेनरल मैनेजर श्रीकांत जोशी के मार्गदर्शन में सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत दिनाक मंगलवार को साहेब बांध तलाब के पास जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी के द्वारा फीता काटकर केनरा बैंक शाखा सिल्ली का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिना चौधरी ने कहा कि केनरा बैंक जैसे बड़े बैंक की शाखा खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलेगी एवं सुदूर क्षेत्र के लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं केनरा बैंक के सर्किल ऑफिस के मंडल प्रबंधक प्रशांत सिंह ने कहा कि यह बैंक लोगों को काफी लाभान्वित करेगा तथा किसानों और व्यवसायी वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण भी उपलब्ध कराएगी तथा क्षेत्र के विकास की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस कार्यक्रम मे सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, इंद्रसेन सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक कल्याण सिंह, व्यवसायी वर्ग के अरविंद कुशवाहा, राजेश साहू, मानिक दत्ता, अशोक सिंह, नौरतम गोराई समेत दर्जनों ग्रामीण मैजूद रहे। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किये। मौके पर केनरा बैंक शाखा सिल्ली के प्रबंधक सुब्रतो नायक, अधिकारी राजीव लकड़ा। रुडसेट संस्थान वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, संकाय जगदीश चन्द्र महतो , दशरथ कुमार, माहेश रूहीदास उपस्थित रहे।

## बजाज ऑटो ने 150 सीसी पल्सर एन 150 को नए अवतार में किया लॉन्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दुनिया की सबसे मूल्यवान टू व्हीलर और थ्री व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने भारत में ऑल न्यू पल्सर एन150 का लॉन्च किया है।डिज़ाइन की भाषा डायनेमिक और एनरजेटिक कैरेक्टर लाइन्स,सख्त अनुपात और आधुनिक एयरो डायनामिजम का दावा करती है। मस्कुलर टैंक की तुलना एक चिकने, स्टाइलिश वेस्ट सेक्शन से की जाती है जो स्टेप सीट तक फैला हुआ है, जो एक आकर्षक प्रोफ़ाइल बनाता है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च आरपीएम जनरेट करता है।

बजाज ऑटो के अध्यक्ष ने कहा

मोटरसाइकिल, सारंग कनाडे ने कहा,बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 150 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी, जिसने एंट्री-लेवल स्पोर्ट बाइकिंग सेगमेंट को हिलाकर रख दिया था और तब से यह भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली 150 सीसी मोटरसाइकिल रही है। ह150 के साथ, पल्सर अपने सबसे बड़े और बोल्ड अवतार में सड़क पर राज करने के लिए वापस आ गया है। इसकी आक्रामक स्टाइलिंग, सेगमेंट-अग्रणी विशेषताएं, शानदार ऑन-रोड प्रदर्शन और अविश्वसनीय रूप से आकर्षक कीमत इसे पल्सर परिवार के लिए एक शानदार वैल्यू एडिशन बनाती है।

## शव लेकर जा रही एंबुलेंस ने अपने आगे चल रहे वाहन को मारी टक्कर, दो घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़ कोरियाघाटी के पास शव लेकर जा रही एम्ब्रुलेंस अपने आगे चल रहे वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें चालक के अलावे एक अन्य सवार घायल हो गये। घायलों को कुजू ओपी के सअनि सुधीर कुमार ठाकुर ने इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप हॉस्पीटल में भर्ती कराया. जहां उनका इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि गिरिडीह निवासी शशिभूषण राय एंबुलेंस संख्या डब्लूबी06ए-4242 से अपने किसी परिजन का शव लेकर गिरिडीह जा रहे थे. इसी बीच नयामोड़ कोरियाघाटी सड़क पर एंबुलेंस ने अपने आगे चल रहे वाहन को टक्कर मार दिया. जिसमें शशिभूषण राय के अलावे चालक प्रभाकर दास भी घायल हो गया।

## संयुक्त मोर्चा ने तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर बिरसा परियोजना में बैठक की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के बिरसा परियोजना के वर्कशॉप में मंगलवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की पीट मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता का.भोला प्रसाद व संचालन हरिनाथ महतो ने किया।वहीं इस पीट मीटिंग में तय किया गया की पांचों ट्रेड यूनियन नेताओं के द्वारा यह निर्णय लिया गया की आगामी पांच से सात अक्टूबर तक तीन दिवसीय कोल इंडिया में हड़ताल रहेगा। वहीं सभी नेताओं ने एक स्वर? में कहा किसी भी हालत में कोयला मजदूरों का एनसीडब्लूए ग्यारह में पुर्व में हुई समझौता निरस्त नहीं होने दिया जाएगा। पांचों श्रमिक संघ के केन्द्रीय नेतृत्व ने तीन दिवसीय पांच से सात अक्टूबर को पुरे सीआईएल कोयला सेक्टर में हड़ताल रहेगा। श्रमिक संघ के नेताओ ने सभी मजदूरों से अपील किया है कि तीन दिवसीय हड़ताल को एतिहासिक होगी। तथा भारत सरकार को पीछे हटना पड़ेगा और कोयला मजदूरों का हक नहीं कटने दिया जाएगा,सभी ट्रेड यूनियन के नेताओ ने इस मुद्दे पर कहा इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस लिया हैं,वहीं इस मौके पर जेपीएन सिन्हा,बासदेव साव, अशोक गुप्ता,अशोक शर्मा,संजय वर्मा,संजय शर्मा,संजय मिश्रा,अर्जुन सिंह, रामनरेश सिंह, इन्द्रदेव राम, सुरेश प्रसाद, दशरथ कुर्मी, लालू महतो, रामाकांत दुबे, सुधीर आदि थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सं.: TRD/OT/08/TR/ GCCIC/2023-24**

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (i) Dhanbad Division: TRR(P) 47.876 TKM (ii) TBR 9 TKM & TBR (Turnouts) - 10 sets (iii) CTR (S/P)-33.087 (iv) CS+CMSC - 34 stes, TWS+WCMSC - 24 sets, CS-6 FS+CS+CMSC - 3 sets, TTR(TSR) - 176 sets, SEJs - 31 Nos. & Glued Joints - 222 sets. कार्य समापन की अवधि – (06) छः माह, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 83,48,151.72, निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य/– **3. बीड सिक्युरिटि:** रु. 1,67,000/– **4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि 17.10.2023 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 17.10.2023 को 11:30 बजे, **5. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट: www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क.वि. / पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01246/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/36

## लिट्टीपाड़ा के सुदूर इलाकों में आदिम जनजातियों को नही मिल रहा योजनाओं का लाभ : गौतम मंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जनता दल यूनाइटेड की बैठक लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बाडू पंचायत में महीला अध्यक्ष मोनी मुर्मू की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष गौतम मंडल,लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मारकुश सोरेन, जिला उपाध्यक्ष मार्दुला मुर्मू शामिल हुए। इस बैठक में दर्जनों महीला ने जदयू की बैठक में सामिल हुई।लिट्टीपाड़ा प्रखंड पाकुड़ जिला में सबसे पिछड़ा प्रखंड के रूप में जाना जाता है।सरकार द्वारा मिलने वाली विकास योजनाओं को विचौलिया द्वारा हड़प लिया जाता है।कुछ विशेष किस्म के लोगों द्वारा विकास योजनाएं बंदरबांट कर ली जाती है।यहां तक कि शुद्ध पेयजल तक नसीब नही हो रहा है। किसी-किसी गांव में एक दो चापाकल या कुआं के पानी से प्यास बुझा रहे हैं।अधिकतर चापानल खराब पड़े हुए हैं।ग्रामीणों को समय पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। आंगनबाड़ी तो है लेकिन ना तो बच्चों को शिक्षा मिलता है और ना ही सरकार के द्वारा दिए जा रहे हैं पोषाहार की व्यवस्था सही ढंग से किया जाता है।लिट्टीपाड़ा प्रखंड में बहुत से ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लोगों को सही से डीलरों द्वारा अनाज समय पर नहीं दिया जाता है। अगर दिया भी जाता है तो कम मात्रा में दी जाती है।उक्त समसयाओं को महिलाओं ने बैठक में प्रमुखता से रखी।जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने लिट्टीपाड़ा के आदिम जनजातियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पिछले दस सालों में करोड़ो अरबों रुपये सिर्फ लिट्टीपाड़ा प्रखंड को दिया है।जिसमें वनबंधु योजना से लेकर अबतक चलाये जा रहे।

## ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सालहन पंचायत मे विधायक राजेश कच्छप के सहयोग से 100 केवी का नेट ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग शाकिर अंसारी ने किया। इस गांव में विगत 2 महीना से बिजली नहीं थी जिससे वहां के लोगों को सिंचाई करने एवं बच्चों को पढ़ाई में काफी परेशानी होती थी। जिसके कारण वहां के लोग बिजली के लिए काफी टत्रस्त थे। नया ट्रांसफार्मर लगाने से लोगों में काफी खुशी है। मौके पर कांग्रेस युवा नेता छोटेलाल महतो वार्ड संजय नायक ग्रामीण उपस्थित थे।



## करम मिलन समारोह मनाया गया

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुरमी / कुड़मी समाज की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष करम मिलन समारोह शुक्रवार की शाम चार बजे गोंदली पोखर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर कमेटी गठित की गई जिसमें अध्यक्ष सुप्रेस कुमार महतो सचिव सोनालाल महतो, कोषाध्यक्ष दीपक चौधरी तथा मुख्य संरक्षक राजेश महतो, रामपटु महतो, जलेश्वर महतो, शिवलाल महतो, राजकिशोर महतो, झबूलाल महतो, महेंद्र महतो, बेनीलाल महतो, बाबूराम महतो, सखीचंद महतो, लक्ष्मण बाबा, पंकज महतो, शंकर महतो, आतिश महतो, दिनेश महतो, साहेब राम महतो, दुर्गा महतो, महावीर महतो, जगन्नाथ महतो, उपस्थित थे।

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**
**DIRECTORATE OF FOOD AND CONSUMER AFFAIRS**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND, RANCHI**

**Reverse e-Auction Procurement Notice through GeM Portal**

Letter No. 1606 Date : 26-09-2023

Selection Of Bidder For Supply Of Free flow white crystal sugar (As Per FSSAI Norms) For 2nd Quarter (July To September 23) Of Financial Year 2023-24 by E-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction On Gem Platform

| Bid Details | |
|---|---|
| GeM Bid No. | GEM/2023/B/3998692 Dated: 22-09-2023 |
| Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security | Rs. 22.88 Lakh as EMD (margin money) in the form of Demand Draft from State Bank of India (Advisory Bank) in the name of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, Third Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents. |
| Document Sale Date & Timing i.e Last Date & time for downloading RFP from website http://jharkhand.gov.in/food & GeM portal | From 22-09-2023 to 13-10-2023 |
| Online Bid Submission Period | From 22-09-2023 to 13-10-2023 |
| Pre-Bid Meeting | 29-09-2023 at 3:30 through google meet (https://meet.google.com/ utx-tvhg-rvg) |
| Date of Auction | Will be published after technical evaluation |
| Nameand concerned person for Correspondence | Mr. Dilip Tirkey Mobile no.- 9470520458 , email- directorfood18@gmail.com |

**Sd/- Director**
**(Directorate of Food & Consumer Affairs)**

PR 307733 Directorate of Food and Consumer Affairs (23-24)_D

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।**

**सूचना**

एतद् द्वारा श्री अशोक कुमार, प्रयोगशाला प्रावैधिक, अति0 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनिया, जिला– गढ़वा को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉंची के पत्रांक 1575(23) दिनांक 11.07.2023 द्वारा दिनांक 04.06.2020 से कर्तव्य स्थल से अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण, आपके विरूद्ध झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के नियम 3(ii) एवं झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के नियम 14 के तहत् दण्ड अधिरोपित करते हुए नियम 17 में वर्णित प्रक्रिया मे निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 सी0 पी0 चौधरी, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉंची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी उपस्थापन पदाधिकारी नामित हैं।
3. उक्त में बचाव–बयान समर्पित करने हेतु समाचार–पत्र, PR 306117 Health Med Edu and Family Welfare (23-24) D एवं 306620 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24*D माध्यम से सूचना प्रकाशित कराया गया, किन्तु आप, संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं।
4. डा0 सी0 पी0 चौधरी, उप निदेशक–सह–संचालन पदाधिकारी, स्वास्थ्य निदेशालय, झारखंड, रॉंची के पत्रांक 395(D) दिनांक 20.09.2023 द्वारा उक्त विभागीय संचालन में दिनांक 04.10.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि को लिखित बचाव–बयान के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

श्री अशोक कुमार, प्रयोगशाला प्रावैधिक को निदेश दिया जाता है कि संचालित विभागीय कार्यवाही की प्रति, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर, गठित प्रपत्र–क में उल्लेखित आरोप के संबंध में अपना लिखित बचाव बयान साक्ष्य सहित, दिनांक 04.10.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर समर्पित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर लिखित बचाव बयान समर्पित नहीं किया जाने पर यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में संचालन पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 307707 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## मुहम्मद साहब ने औरतों को सही मुकाम दिलाने में अहम भूमिका निभाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** लोग अपनी बेटियों को जिंदा दफन कर दिया करते थे। मुहम्मद साहब ने तमाम बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। लड़कियों के पालन-पोषण पर जन्नत की खुशखबरी दी। उन्होंने कहा सच बोलो, जीवों पर दया करो, बच्चों से मुहब्बत करो, बड़ों का आदर करो, महिलाओ की रक्षा करो। मुहम्मद साहब जिस समय दुनिया में आए, उस समय अरब में अराजकता फैली थी। महान ईशदूत ने मात्र 23 वर्ष में दुनिया की तस्वीर एवं तकदीर बदल कर रख दी। आपने इंतिहाई मुश्किल हालात में कम से कम समय में पूरी इंसानियत के लिए बदलाव लाई। उन्होने इंसान की शिक्षा एवं संस्कार पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। दुनिया में इंसान को खुशगवार ज़िंदगी जीने के लिए नियम बनाए औए लोगो को उसी रास्ते पर चलने के लिए कहा। 12 रबीउल-अव्वल इस्लामिक इतिहास की वह महत्वपूर्ण तारीख है, जब अरब के कुरैश खानदान में बीबी आमना के घर एक यशस्वी बालक का जन्म हुआ। बालक का नाम मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम रखा गया। पिता अब्दुल्ला दुनिया से रुखसत हो चुके थे। ऐसे में दादा अब्दुल मुत्तलिब ने मुहम्मद साहब का पालन पोषण किया। होनहार बालक ने बचपन से ही अपनी प्रतिभा से अपने एवं आस-पास के कबीलों में खास पहचान बना ली। समाज में औरतों का कोई मुकाम नहीं था। औरतों का मुकाम दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उक्त सारी बातें मेदिकान्त हॉस्पिटल बोकारो स्टील के आईटी हेड इंतेखाब अहमद ने कही।

## फ्लाहूल मुस्लिम कमिटी जुलूस में आए हुए लोगों का करेगी इस्तकबाल

### जुलस में 10 हजार से ज्यादा लोग होंगे शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा मे पैगंबर हजरत मोहम्मद की यौमे पैदाइश को लेकर दर्जनों मस्जिद एवं मदरसे दुल्हन की तरह सज कर तेयार हैं। बारह रबी उल अव्वल के मौके पर निकलने वाले जुलूस-ए-मीलाद की सारी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया। जुलस में 10 हज़ार से ज़्यादा लोगो के होने की संभवना है। जामाडोबा पूरे बाज़ार को हरे झंडा एवं बैनर लाइट से सजा दिया गया है। मिलादुन नबी के रात्रि में दर्जनों प्रोग्राम किया जायगा। कही जलसा तो कही मिलाद कही पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश एवं वफात तक के बारे में दी जायगी पूरी जानकारी। सुबह 8 बजे निकलेगा जुलस। आलमनगर के अहले सुन्नत फेज़ुल गुरबा मदरसा के बच्चे एक महिना से कर रहे है तय्यारी। सुबह आठ बजे नूनिकडीह अक्सा मस्जीद से जुलस निकलेगा जो जामाडोबा बडकीताड, सौदागर मोहल्ला, नूनिक डीह, जीतपुर, आलमनगर, रमजानपुर, कोपरेटिव कॉलनी, जोड़ापोखर नंबर एक, काली मेला आदि जगहों से लोग एक साथ जामाडोबा फुसबंगला मुख्य मार्ग होते हुए झरिया में जुलूस का समापन होगा।

**जुलूस में आए हुए लोगों का होगा इस्तकबाल :-** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जामाडोबा मै फ्लाहूल मुस्लिम कोमटी जुलस मे आए हुवे लोगो का करेगी इस्तकबाल। आए हुए लोगो के लिए जगह जगह लंगर शिरनी फातेहा शरबत का होगा इंतज़ाम। फ्लाहूल मुस्लिम कोमटी के सदस्य लोगो से गले मिल कर एक दुसरे को देते है मोबारकबाद। पैगंबर हजरत मोहम्मद की यौमे पैदाइश के मोके पर रक्तदान शिविर का होगा आयोजन। झरिया में पैगंबर हजरत मोहम्मद की यौमे पैदाइश के मौके पर दोपहर 1 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे काफी संख्या में लोग रक्तदान देकर मानवता की मिशाल कायम करेगे। जामाडोबा वोल्टेयर के रूप में काफी संख्या में नौजान कमेटी के लोग रहेंगे मौजूद। मौके पर मौलाना शमशेर आलम, नेज़ामुद्दीन, फरहान खान, मुनिर अत्तारी, मोहम्मद मकसूद आलम, मुमताज़ आदि लोग शामिल थे।

## बालू तस्करों के खिलाफ सरिया प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया में अवैध रूप से बालू की लगातार हो रही तस्करी के खिलाफ सरिया अंचल अधिकारी संतोष कुमार और थाना प्रभारी अनीश कुमार पाण्डेय की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाई करते हुवे बागोडीह मोड़ और किर्तोडीह से चार बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है, बताते चले की सरिया में प्रत्येक दिन 100 से अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से बालू की तस्करी की जाती है यह बालू सीमावर्ती जिलों के अलावा बिहार व बंगाल भी भेजी जाती है, तस्करों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि एनजीटी के आदेश के बावजूद लगातार तस्करी का कार्य धड़ल्ले से किया जाता है, हालांकि इस संदर्भ सरिया अंचल अधिकारी बताया कि अवैध तस्करी की सूचना मिलने पर सरिया पुलिस की मदद से चार बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त किया गया है इसकी जांच पड़ताल चल रही है उसके बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी साथ ही साथ तस्करो को चेतावनी देते हुवे कहा की अवैध रूप से तस्करी के खिलाफ प्रशासन सख्त है और लगातार अवैध तस्करी के खिलाफ कार्यवाई चलती रहेगी।

## झामुमो जिला अध्यक्ष की पहल से आउट सोर्सिंग कम्पनी के कर्मियों की हड़ताल समाप्त



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह सदर अस्पताल परिसर में आउट सोर्सिंग कम्पनी के कर्मियों की हड़ताल को समाप्त कराने को लेकर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के पहल पर झामुमो जिलाध्यक्ष सह बीससूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक किया गया। वही आउट सोर्सिंग कर्मियों की मांगों पर विचार करते हुए सभी मांगो को उचित पाया गया और कम्पनी को आदेश दिया गया कि दुर्गापूजा के पहले सभी मांगो को पूर्ण किया जाय। बैठक में प्रशाशनिक पदाधिकारी सिविल सर्जन शिव प्रसाद मिश्रा, एसडीएम विशालदीप खालको, डीएसपी संजय राणा , अजित कुमार पप्पू, शहनवाज अंसारी, प्रमिला मेहरा, अभय सिंह, दिलीप रजक, योगेंद्र सिंह, राहुल कुमार मोनू, अजित सिन्हा, विवेक सिन्हा, प्रदोष कुमार, अशोक राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग द्वारा छापामारी में अवैध महुवा शराब, एक कारोबारी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा लगातार छापेमारी से अवैध महुवा शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुवा है। वही सोमवार देर शाम जमुआ थाना क्षेत्र स्थित नवडीहा ओपी के सियाटांड चौक पर आबकारी विभाग ने छापा मारकर 300 लिटर महुआ शराब जब्त करते हुए एक कारोबारी रामदेव यादव की धर दबोचा बाकी मौके से फरार हो गए। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि उत्पाद अधीक्षक को मिले गुप्त सूचना के आधार पर सियांटांड चौक पर अजय रविदास, रामदेव यादव, दिगंबर कुमार वर्मा, माथुर महतो, राजकुमार वर्मा और हरिहर महतो के दुकान में छापेमारी की गई जिसके दौरान करीब तीन सौ लिटर महुआ शराब् जब्त किया गया और एक शराब् विक्रेता रामदेव यादव की गिरफ्तारी की गई बाकी सभी फरार हो गए। सभी कारोबारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है। छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के लाठी बल और पुलिस बल शामिल थे। वही सियाटांड़ चौक पर छापेमारी के बाद शराब व्यवसाय एवं सेवन करने वाले में खलबली मच हुवा है । प्रशासन द्वारा अवैध महुवा शराब के खिलाप लगातार छापमारी की जा रही है लेकिन आज भी सभी चौक चौराहे पर आसानी से महुवा शराब उपलब्ध है। अभी कुछ दिन पूर्व ही जमुआ के कई जगह पर छापेमारी किया गया था जिसमे काफी मात्रा में महुवा शराब को जप्त किया गया था। महुवा शराब से एक तरफ युवा पीढ़ी इसमें लिप्त होते जा रहे है वही स्वास्थ पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

## रक्तदान को बनाइये अभियान, रक्तदान करके बचाइये जान

## सभी को स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए जिससे समाज का भला हो : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह के तत्वाधान में समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाहरणालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 42 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में उपायुक्त महोदय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अमितेश पांडेय, शैवाल शांडिल्य, विजय कुमार वर्मा, सूरज कुमार, नितेश कुमार, अस्जेद समेत कई अधिकारियों व कर्मचारियों व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस संबंध में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान काम है और हमारी समृद्ध संस्कृति और सेवा और सहयोग की परंपरा का हिस्सा है। रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है बल्कि यह समाज एवं मानवता प्रति एक बड़ी सेवा भी है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया।

## बेंगाबाद में नए थाना प्रभारी की अध्यक्षता में हुई शांति समिति का बैठक



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना को नए थाना प्रभारी के रूप में विकाश पासवान ने पदभार लिया वही ईद उल मिलाउद्दीन को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। नए थाना प्रभारी विकाश पासवान की बात करे तो इन्होने जिले कई कई थाना में अपनी सेवा दे चुके है। वही शांति समिति के बैठक में क्षेत्र के प्रमुख , जिला परिषद, मुखिया, उपमुखिया, पंचायत समिति, आदर सदस्य सहित तमाम जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग और पत्रकारों की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी ने सभी से शांति पूर्वक त्यौहार मानाने को कहा और क्षेत्र में अमन कायम को बरकार रखने में सबको योगदान देने का आग्रह किया।

## दुर्गा पूजा को लेकर विधायक ने पूजा समितियों व अधिकारियों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर नया परिषद भवन में सोमवार को सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनो ने दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक की। मौके पर उपनगर आयुक्त स्मृति कुमारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी और बिजली विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पूजा समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ-साथ मुफस्सिल थाना और पचम्बा थाना क्षेत्र के भी पूजा समिति के सदस्य बैठक में मौजूद थे। इस दौरान सभी पूजा समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में व्याप्त समस्यों को विधायक के समक्ष रखा। समस्याओं को सुनकर विधायक ने समस्या से संबंधित विभाग को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। विधायक ने नगर निगम बिजली विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से कहा की पूजा के एक सप्ताह पहले सभी समस्याओं को हर हाल में दुरुस्त कर देना हैं. पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े. इसके लिए सदर विधायक ने कहा कि आगामी त्योहार दुर्गा पूजा के मद्देनजर सभी पूजा समितियों और अधिकारियों के साथ आज पहली बैठक की. बैठक में सभी पूजा समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा जिसके निष्पादन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है उन्होंने पूजा %के इतने दिन पहले बैठक करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि समय रहते ही सभी समस्याओं का समाधान कर लेना है ताकि पूजा पंडाल पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो मौके पर उपनगर आयुक्त स्मिता कुमारी डीएसपी संजय राणा एसडीपीओ कुमार सिंह नगर थाना प्रभारी पचंबा थाना प्रभारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर बिजली विभाग के अधिकारी निगम के और अधिकारी और सभी पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी संग्रह कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के चपुवाडीह पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव मे पंचायत के मुखिया मोहमद शमीम ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्रामीण घरों मे मिट्टी संग्रह किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह का उद्देश्य है कि शाहिद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना। सेना के बलिदान को देश कभी भूल नहीं सकता है खाश करके इनके शहादत को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के दिलों में अमर रहना । यह कार्यक्रम बीते 21 सेप्टेम्बर से चल रहा है और इसे 30 सेप्टेम्बर तक चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम मे मुखिया सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## झारखंड सरकार सहिया शीला देवी के इलाज का खर्च उठाए : कैलाश गिरी

### सरकारी काम में जाने के दौरान हुआ था दुर्घटना



**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोकारो जिला स्वास्थ्य सहिया संघ के संयोजक कैलाश गिरि ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ ने संयुक्त रूप से माननीय मंत्री महोदय बन्ना गुप्ता व माननीय मंत्री बेबी देवी से मांग किया गया है कि शीला देवी सहिया भलमारा पंचायत प्रखंड नावाडीह को बिगत रविवार को सहिया प्रशिक्षण देने बोकारो सिविल सर्जन कार्यालय बोकारो गई थी आने के क्रम में प्रखंड कार्यालय चंद्रपुरा प्रखंड के समक्ष हिरक रोड़ में एक्सिडेंट हो गया। जिससे सहिया शीला देवी का इलाज आर्किड हासिपटल रांची में चल रहा है । माननीय मंत्री महोदय बन्ना गुप्ता व माननीय मंत्री बेबी देवी से सहिया का राशनकार्ड में नाम दर्ज कराने आयुष्मान कार्ड बनाने मांग करता कि गया और पुरा खर्च झारखंड सरकार को देने की मांग किया है ।

## हिंदी भाषा हमारे अस्मिता और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है : प्राचार्य एस मोदक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डी ए वी सेंट पब्लिक स्कूल बनियाहीर मे भारत कोकिंग कोल लिमिटेड लोदना क्षेत्र सं-10 के सौजन्य से प्राचार्य एस मोदक के दिशा निर्देश मे राजभाषा हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा मे कक्षा छठी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसीसीएल लोदना एरिया 10 के नोडल अधिकारी (राजभाषा) सौरभ सिंह तथा इनके अतिरिक्त विश्वनाथ धीवर (टंकक-राजभाषा), राकेश कुमार (लिपिक), उदयशंकर उपाध्याय (लिपिक) आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय पहचान है। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य एस मोदक ने बच्चों को हिंदी प्रयोग के प्रति जागरूक किया और कहा कि हिंदी भाषा हमारे अस्मिता और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, हमें इसका सम्मान व अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी, हिंदी शिक्षक बिनोद शर्मा, अंकिता तिवारी व राकेश धर आदि की विशेष भूमिका रही।

## पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** 'स्वच्छता ही सेवा' एवं 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' मिषन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रांगण में आज दिनांक 26.09.2023 को महाप्रबंधक, श्री अनुपम शर्मा तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में स्वच्छता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर कलाकारों द्वारा स्वच्छता का संदेष दिया गया । स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज पूर्व मध्य रेल के मंडलों में स्वच्छ नीर दिवस के अवसर पर टेऊनों एवं स्टेषन परिसर में पानी की पर्याप्त उपलब्धता तथा जल स्रोतों यथा नलों, वाटर वेंडिग मषीन, वाटर कुलर एवं वाटरबूथ आदि की जांच की गयी । विदित हो कि स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिषन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्टेषन परिसर एवं टेऊनों में साफ-सफाई, वाटर-बूथ की स्वच्छता एवं पेयजल की गुणवत्ता, प्रसाधन की साफ-सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता, कचरे का निष्पादन, एनजीओं एवं चैरिटेबुल संस्था के सहयोग से आम लोगों के बीच स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाना जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश लगाने एवं अन्य प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

## गादी मोड़ से लेदा हाई स्कूल तक रोड जर्जर



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह सदर प्रखंड के गादी मोड़ से लेदा हाई स्कूल तक के रोड काफ़ी जर्जर अवस्था में हैं । यहाँ के आम जनमानस को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसी रोड से गाँव के सैकड़ो बच्चे मध्य विद्यालय, हाई स्कूल और निजी विद्यालय में पढ़ने - लिखने 3 किमी साइकिल से लेदा प्रतिदिन तय करते हैं। आयें दिन अनेक प्रकार के घटनाओं का सामना करना पड़ता हैं। यही रोड के माध्यम से लोग लेदा बाजार हाट जाते-आते हैं। स्थानीय निवासी भीम प्रसाद वर्मा ने कहा कि इस रोड पर किसी भी प्रतिनिधि का ध्यान नहीं जा रही हैं इससे हम सभी को काफी तकलीफ़ हैं ।स्थानीय निवासी समाजसेवी सह ग्राम प्रधान बाबुलाल प्रसाद वर्मा ने बताया कि इस रोड के निर्माण को लेकर हमसब अनेक बार विधायक और सांसद प्रतिनिधियों से बात किये मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं । इससे ग्रामीण में काफी आक्रोशित हैं ।

## टुंडी के निवर्तमान अंचलाधिकारी ने वर्तमान अंचलाधिकारी को सौंपा कार्य भार



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के ने वर्तमान अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने आज मंगलवार को वर्तमान अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता को अपना कार्य भाग सौंपा। बताया जाता है कि टुंडी के निवर्तमान अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी का तबादला साहेबगंज के बड़हरवा हो गया है वर्तमान में अंचलाधिकारी पूर्वी टुंडी के अलावा टुंडी की अतिरिक्त प्रभार में फिलहाल योगदान दिया है। मौके पर टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने निवर्तमान अंचलाधिकारी को फूलमाला पहनकर विदा किया ।

## साथी फाउंडेशन संस्था लेकर आया है महिलाओं व बच्चियों के लिये सेल्फ डिफेन्स कोर्स



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** साथी फाउंडेशन संस्था हमेशा समाज के प्रति बच्चो और लड़कियों के लिए सामाजिक काम करता आया है। इस बार भी संस्था की टीम ने निर्णय लिया है की जिस तरह से झारखण्ड समेत पूरे देश में महिलाओं और लड़कियों के साथ अत्याचार हो रहा है, उस अत्याचार पर रोक लगाने का कुछ प्रयास साथी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क सेल्फ डिफेन्स कोर्स बच्चों और लड़कियों को देने की योजना बनाई है ये सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग 6 महीने का कोर्स है। ट्रेनिंग के बाद आत्म विश्वास के साथ लड़कियां अपना बचाव करने की क्षमता विकसित कर पाएंगी। ताइक्वांडो कोर्स कराने के लिए भूली के विशाल पंडित ने सहयोग किया है, जो अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता तथा ब्लैक बेल्ट सेकंड डान तथा राष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी और राष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच है।उद्घाटन कार्यक्रम धनबाद के वासेपुर स्थित निशात नगर में किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि, संस्था के मुख्य संरक्षक रेखा रणविजय सिंह, संरक्षक रणविजय सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री रमा सिन्हा, संस्था के अध्यक्ष मो शमशाद आलम, उपाध्यक्ष शुभांकर मित्रा ने दीप प्रज्वलित कर के किया। आए हुए सभी अतिथियों को संस्था द्वारा तुलसी का पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया।

### केंद्रीय सरना समिति द्वारा कर्मा पूजा समारोह का हुआ आयोजन

# कर्मा पूजा आदिवासी समाज का अभिन्न अंग है : हरीश बिन समां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केन्द्रीय सरना समिति लोहरदगा के तत्वावधान में करमा पूजा समारोह आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में आयोजित किया गया जहां पर करम डाली को परंपरागत विधि विधान से काट कर लाया गया और अखड़ा में गाड़ कर व्रत एवम उपवास की हुई कुंवारी लड़कियों के पूजा अर्चना की गई। विधि सम्मत पूजा एवम करमा की कहानी सामाजिक अगुआ और पाहन श्री बीरी भगत के द्वारा कराया गया। पूजा समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आरक्षी अधीक्षक हरीश बिन जमां आए जिनका सरना समिति के द्वारा भव्य स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद



कुमार लाल भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर साथ रहे। दोनों अतिथियों का बुके, अंग वस्त्र और बैच पहना कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि करमा पर्व की एक विशिष्ट पहचान है और आदिवासी समाज प्राकृतिक के बिल्कुल निकट रह कर पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आदिवासी समाज आपसी प्रेम,भाई चारगी, अनुशासन के मिसाल हैं। समाज के युवक युवक्तियो को नशापान से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने करमा पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई भी दी। अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार लाल ने कहा कि करमा पर्व मानव जीवन में खुशी, सुख समृद्धि, प्रेम और सदभाव ले कर आती है। समारोह में बीएस कॉलेज लोहरदगा के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहारा उरांव, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, सरना समिति के मुख्य संरक्षक श्री मनी उरांव, बिफै उरांव, अध्यक्ष श्री रघु उरांव, सचिव शशि कुमार भगत, कोषाध्यक्ष वकील भगत, चोहस उरांव, विनोद उरांव, सुखदेव उरांव, अमित उरांव, पुंकेश उरांव, सुरेंद्र भगत, सोमय उरांव, सहदेव उरांव, कलिंद्र उरांव और आदिवासी समाज के तमाम लोग, कॉलेज छात्रावास के युवक/युवतियां काफी संख्या में उपस्थित थे। मंच संचालन श्री शंकर भगत और श्री अनिल कुमार भगत ने

## उपायुक्त ने की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) 2023-24 के प्रगति की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में मौजूदा वित्तीय वर्ष में जिला को प्राप्त लक्ष्य, विभिन्न बैंक शाखा में ऑनलाईन अग्रसारित किये गये आवेदन पत्रों, बैंक द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गये लाभुकों की संख्या एवं अनुदान राशि, बैंक द्वारा ऋण भुगतान किये गये लाभुकों की संख्या व ऋण की राशि,बैंक द्वारा वापस किये गये आवेदन पत्रों की संख्या, बैंक शाखाओं में लंबित आवेदन पत्रों की संख्या, प्रशिक्षित किये गये लाभुकों की संख्या समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र और एलडीएम, लोहरदगा को दिये गये। एलडीएम को प्रत्येक सप्ताह बैंकों में पीएमईजीपी के लंबित आवेदनों की समीक्षा करने और लंबित आवेदनों के निष्पादन में प्रगति नहीं लाने वाले बैंकों के प्रबंधकों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु आवश्यक दिए गए। उपायुक्त द्वारा बैंकों स्तर से स्वीकृत आवेदन और निष्पादित आवेदनों की भी समीक्षा की गई और बैंक प्रबंधकों को इसे निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक 28 को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी गणमान्य लोगों को अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूम धाम से मानने को लेकर दिनांक 28/9/2023 दिन गुरुवार को गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में दोपहर 3.00 बजे केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा की एक अति आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का निर्माण होना है। इस बैठक में आप सभी संरक्षक गण,सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष/सचिव एवं माता रानी के सभी भक्तगण सदर आमंत्रित हैं।

## खड़े कंटेनर से टकराई बाइक, बाइक सवार की मौके पर मौत




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना कुडू थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम की है जहां सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सुकमार नगड़ा टांड निवासी कासिम अंसारी के पुत्र ज़ाफ़रान अंसारी के रूप में हुई है। ज़ाफ़रान कुडू में गेट ग्रिल का काम करता था और कुडू से दवा लेकर घर वापस लौट रहा था, इसी क्रम में कुडू स्थित बीएसएनएल टावर के समीप खड़े कंटेनर से बाइक टकरा गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश और कम रौशनी होने की वजह से बाइक सवार को कंटेनर खड़ा होने का अंदाज नही लगा होगा, और दुर्घटना हो गई। घटना के पश्चात मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पोषण प्रदर्शनी व एलपीजी गैस संयोजन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में जलडेगा एवं बांसजोर प्रखण्ड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को लेकर पोषण प्रदर्शनी एवं एलपीजी गैस संयोजन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी बालविकास परियोजना पदाधिकारी राजेश विजय बारला की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम धात्री माता, गर्भवती महिला एवं बच्चों को दिऐ जाने वाले पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी लगाई गई। समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा जो प्रदर्शनी में दिखाया गया है उसे वास्तविक में एम्पलीमेंट किजिए जिससे बच्चे महिलाएं कुपोषण का शिकार ना हो, समाज कल्याण विभाग के माध्यम



चलाए जा रहे योजना के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारी दें समाज कल्याण विभाग महिलाओं एवं बच्चों को लेकर जन्म से लेकर मृत्यु तक क्रमबद्ध योजना है। इस दौरान रक्षा इंडेन एलपीजी गैस संचालक द्वारा एलपीजी गैस संयोजन एवं सुरक्षित उपयोग के संबंधु में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर जीप सदस्य रोजालिया शान्ता कन्डुलना, मुखिया बालमुनी लुगून, शिशिर डांग, बिमला देवी, पंसस जयंती देवी, महिला प्रवेक्षिका रूपाश्री, पुष्पा कुमारी, एलपीजी गैस कर्मी मुकेश नाग, बिष्णु साहू चरकू लोहरा, सहित प्रखण्ड सेविका सहायिका उपस्थित थे।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी जरूरी : शम्मी कुमार

## इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से गांधी जयंती तक स्वदेशी सप्ताह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्वदेशी सप्ताह आरंभ हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों को स्वदेशी का महत्व और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में इसका योगदान पर जानकारी दी गई। स्वदेशी सप्ताह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, 25 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक विद्यालय में आयोजित है। पहले दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में संघ के विभाग प्रचारक शम्मी कुमार और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ



और अंग वस्त्र भेंट करके किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वदेशी का अर्थ है। अपने देश का अथवा अपने देश में निर्मित। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी सामानों का उपयोग करना चाहिए, अगर हमें अपने देश से गरीबी हटानी है तो हमें और सम्पूर्ण भारतीयों को स्वनिर्मित व स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना होगा। स्वदेशी सप्ताह के दौरान हम अधिक से अधिक लोगों को स्वदेशी मुहिम से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहयोग कर सकते है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि स्वदेशी सप्ताह मनाने का उद्देश्य हमारा यह है कि दिन-प्रतिदिन के कामकाज में स्वदेशी सामानों का उपयोग अधिक से अधिक करना, और सभी को स्वदेशी सामानों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना। सभी ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता : श्रद्धानन्द बेसरा



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी ठेठईटांगर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष ने पूर्व प्रवासी प्रभारी एवम् वर्तमान प्रवासी प्रभारी सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। बूथ सत्यापन बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि मंडल के पदाधिकारी बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं, प्रधानमंत्री जी के विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करें एवं हाल के दिनों में महिला आरक्षण बिल पास होने को लेकर भी महिलाओं को जागरूक करें। मौके पर नवनियुक्त मंडल प्रभारी प्रदीप जायसवाल एवं मंडल प्रवासी संजय शर्मा एवं पूर्व प्रवासी श्रद्धानन्द बेसरा द्वारा मंडल समिति शक्तिकेन्द्र एवं बूथों का सत्यापन किया गया। मौके पर जीप सदस्य कृष्णा बड़ाईक बन्धु मांझी जगन्नाथ सिंह से वेद प्रकाश सिंह बसंत प्रधान श्रवण सेनापति दशरथ सिंह मनजीत इंदवार कृष्णा नायक अजीत प्रधान विराज नायक उपस्थित थे।

## भाई बहन का प्रेम का प्रतीक करमा पूजा हर्षोल्लाष के साथ हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लाष के साथ शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। सोमवार को भाद्रपद एकादशी के दिन बहनों ने दिन भर का उपवास रख संध्या में पहान पुजार के द्वारा ढोल नगाड़े मांदर के थाप पर गीत संगीत के साथ नाचते थिरकते हुए करम डाली काट कर लाने के उपरान्त अपने अपने घरों के आंगन और अखड़ा में करम डाली को गाड़ कर अपने कर्म और भाई का धर्म के लिये पुरोहित व पहान पुजार के द्वारा करमा पूजन कराया गया। साथ ही पूजा के दौरान करमदेव् और धरमदेव् का कहानी विस्तार से सभी को सुनाया गया। पुरोहितों ने बताया कि भाद्रपद मास के एकादशी तिथि को उपवास करने मात्र से सभी का कष्ट दूर होता है। करमा पर्व का महत्व प्राचीनतम है। लड़कियों द्वारा करम पूजा करने के पश्चात मंगलवार को सुबह में नदी तलाब में करम डाली को विधिवत विसर्जन कर दिया गया। साथ ही आदिवासी रीति रिवाज परम्परा के अनुसार डंडा कटा करने के पश्चात सभी किसान अपने अपने खेतों में अच्छी फसल के लिये केदवाड़ी डाली गाड़ा गया तथा दोपहर में आदिवासी समुदाय के द्वारा ढोल नगाड़े व मांदर के थाप पर झूमते नाचते गाते हुए अपने अपने क्षेत्र के नदी तलाब में करमा डाली का विषर्जन किया गया। करमा पर्व के अवसर पर प्रखंड एवं थाना प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी गई थी।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र में भाई-बहन व प्रकृति का पावन पर्व करमा हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रकृति का पावन पर्व व भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व करमा हर्षोल्लास के साथ शांति पुर्वक प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे 26 सितंबर मंगलवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली, व गुड़ि के विभिन्न गाँवो मे 25 सितंबर सोमवार को संध्या मे गाँव के बीच अखरा मे विधि-विधान पुर्वक गाँव के पहान पुजार, व महतो के द्वारा करम-बृक्ष की डाली का पुजा-अर्चना की गई वही कैरो दुर्गा-बाडी, डोल तांड़ एवं हरिजन मुहल्ला के विभिन्न निजी घरों मे पंडित बुलाकर सामुहिक रूप से बहनो ने करम बृक्ष डाली की पुजा-अर्चना कर एवं डाली मे बहनो ने रक्षा-सूत्र बांधकर भाईयों के लम्बी उम्र की कामना के साथ-साथ प्रकृति की देवी से क्षेत्र मे अच्छी वारिस, सुख, समृद्धि की कामना त्योहार पर मान्दर व नगाड़ा की थाप से लोग नाच-गान मे लोग मशगुल दिखाई दिये। वही 26 सितंबर को मुख्यालय कैरो मे त्योहार के दुसरे दिन डाली विसर्जन के समय काफी उत्साह और उमंग लोगो के बीच त्योहार को लेकर देखा गया।

## बगियाबहार गांव में झारखंड पार्टी ने ग्रामीणों से बैठक कर सुनी समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के रेंगारीह बगीयाबहार गांव में झारखंड पार्टी के द्वारा मंगलवार को ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे ग्रामीण ग्रेस बरला, उर्सुला किस्पोट्टा, मरियम किस्पोट्टा, मंजुला किस्पोट्टा ने पूर्व मंत्री को बताया कि गांव में आज भी कई चीजों की समस्या है लेकिन इन समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। विधवा पेंशन सहित कई चीजों की समस्या है इसके अलावा वृद्धा पेंशन राशन कार्ड एवं बिजली पानी सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं की कमी है लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए इन समस्याओं को जल्द दूर किया जाए। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि आपकी समस्या जायज है, इन समस्याओं की आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों को होती है। लेकिन बहुत दुख की बात है कि इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इन सभी चीजों को नजर अंदाज कर रहे हैं, जिससे कि यहां के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसीलिए आप अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होकर इन सभी चीजों की मांग करें झारखंड पार्टी माटी से जुड़कर आपकी सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगी।मौके पर इमिल बरला,रोबिन बरला,अमन खेस, जोसेफ़ डुंगडुंग, राजू नांयक, रवि बड़ाईक, आशीष सिंह, रसाल खलखो आदि मौजूद रहे।

## ईद मिलाद-उन-नबी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के ओडगा ओपी प्रांगण में शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को ईद मिलाद-उन-नबी पर्व को लेकर आयोजित किया गया, बैठक में ईद मिलाद-उन-नबी पर्व 2023 को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया, बैठक में किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल थाना को सुचना देने को कहा गया तथा किसी प्रकार की अफवाह नहीं फ़ैलाने तथा अफवाहों से सतर्क रहने को कहा गया एवं वैसे लोगों के विरुद्ध पुलिस की नजर रखने एवं कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई, मौके पर मुखिया मुकुट समद, एएसआई प्रमोद कुमार, शाहजहां खान, इस्लाम मियां, अम्बिका साहु, रोहित राणा, मुकेश साहु, कृष्णा साहु, रवि गोप, तुलसी साहु सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### करमा पर्व हमें प्रकृति का संरक्षण करने की देती है प्रेरणा : सुखदेव भगत

## वीर बुधु भगत मैंना बगीचा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करमा पूजनोत्सव कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नवयुवक सरना समिति मैंना बगीचा के तत्वाधान में वीर बुधु भगत चौक मैंना बगीचा में हर्षोल्लास के साथ करमा पूजनोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारी बारिश होने के बाद भी करमा महोत्सव में आस्था पर कहीं कोई कमी नजर नहीं आई। व्रत रखने वाले बालिकाओं- महिलाओं ने भक्ति भाव से करमा पूजा स्थल पहुंची। विधि विधान के द्वारा पाहन सुभाष उरांव के द्वारा पूजा अर्चना कराया गया एवं शिक्षक सुकरा उरांव द्वारा




कथा वाचन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि करमा पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण करने की प्रेरणा देता है। सदियों से हमारे पुरखों ने गहन मंथन चिंतन करके प्रकृति के महा शक्ति के गुणो को इस महान महोत्सव का नियम बनाया है। इसका विधिवत पालन करने से प्रकृति का संरक्षण होगा। मानव समाज में सद्भाव और अच्छे चरित्र का निर्माण पीढ़ी दर पीढ़ी होता रहेगा। हमारे पूर्वजों के बताएं मार्ग पर चलकर हमें अपने समाज के विरासत को संजोकर रखने की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि करमा आदिवासियों का महान पर्व है यह आपसी भाईचारगी का संदेश देता है।अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि प्रकृति पर्व को आदिवासी समाज पूरी आस्था के साथ मनाते हैं तथा वारिस,फसल, सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। उल्लेखनीय है कि लोहरदगा में करमा पूर्व संध्या मनाने की परंपरा रही है। पूर्व विधायक सुखदेव भगत एक दशक पूर्व से करमा महोत्सव का कार्यक्रम करमा के दिन प्रारंभ करवाया था। पूजन उत्सव कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत गीत-संगीत और नृत्य का कार्यक्रम में नगाड़ा और मंदार की मनमोहक थाप पर सुखदेव भगत पुलिस अधीक्षक अनुमंडल पदाधिकारी सहित काफी लोग घंटों थिरकते रहे। कार्यक्रम में लोहरदगा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष अनुपमा भगत, अभिनव सिद्धार्थ, संदीप गुप्ता, कमलेश कुमार, रामगी गुप्ता, विनय उरांव, आयोजन समिति के मनोज सोन तिर्की, मनोज भगत, अमित अंबर, संदीप उरांव, बंधु उरांव, शाश्वत सिद्धार्थ, बिगु उरांव, सुभाष, उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रकृति के संरक्षण संदेश के साथ धूमधाम से मनाया गया करम महोत्सव

## प्रकृति के प्रति प्रेम और आपस में भाईचारा बनाये रखने का संदेश देता है करम परब : कमलेश्वर मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास अंबेडकर नगर सलडेगा सिमडेगा परिसर में धूमधाम से करम परब मनाया गया। सात दिनों तक जावा का सेवा करने के बाद भादो के एकादशी के दिन पारंपरिक तरीके से गोंडवाना विकास विद्यालय के शिक्षकों के अगुवाई में सात दोहर पार कर करम राजा के प्रतिक करम की डाल को पूजा-अर्चना करते हुए काट कर अखरा स्थल में लाया गया। महिलाओं के द्वारा करम राजा का पैर धोकर स्वागत करके अखरा स्थल में स्थापित किया गया। उसके बाद सभी उपासक भाई- बहन करम राजा का स्वागत जावा, खीरा, धूप-धुवन और डलसी लेकर पूजा-अर्चना के साथ किये। सभी उपासक भाई- बहन अपने परिवार और



समाज के सुख समृधि के लिए कामना करते हैं करम राजा को सात भांवर नाचते गाते घूमते हुए कामना किये। शिक्षक दीपक मांझी द्वारा पढ़ा गया करम कहानी करम पूजा के बाद विद्यालय के शिक्षक दीपक मांझी के द्वारा करम पर आधारित पारंपरिक कहानी सुनाया गया जो प्रकृति संरक्षण और आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने पर बल देता है। कहानी के बाद विद्यालय के संचालक कमलेश्वर मांझी ने उपासकों और अभिभावकों को संबोधित करते हूए कहा कि प्रकृति से छेड़छाड़ मानव सभ्यता का विनाश का मूल आधार है। यह परब हमें प्रकृति प्रेम, समुहिकता और भाईचारा को बढ़ाने पर जोर देता है। हमें अपने पुरखों के इतिहास और परंपरा को नहीं भूलना है। अतिथि स्वरूप उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता अगुस्टिना सोरेंग ने भी उपासकों को करम परब की शुभकानाएँ दी और कहा गोंडवाना विकास विद्यालय का कार्यशैली और इसकी संरचना आदिवासी समुदाय के लिए आदर्श है। यहाँ का आयोजन के पीछे एक दर्शन छुपा हुआ है इसे समझने की आवश्यकता है। इतने प्राकृतिक तरीके से करम आयोजन मैं पहली बार देखा। हेठमा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण का हो रहे नुकसान से होने वाले समस्याओं से अवगत कराये। इस अवसर पर गोंडवाना कृषि विद्यालय के संचालक निरोज मांझी, गोंडवाना छात्र संघ के संरक्षक नरेश बेसरा, शिक्षक भूषण नायक और राजनाथ मांझी ने भी अपना वक्तव्य दिये। कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के कार्यकर्ता चंदन नायक की टीम ने अभिभावकों और बच्चों को बाल विवाह, भ्रूण हत्या, यौन शोषण, मानव तस्करी और बाल मजदूर निषेध के लिए जागरूक किये और सपथ दिलाये। अतिथियों के वक्तव्य के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### यूक्रेन का दावा, हमले में रूस के 34 अधिकारी ढेर

**कीव :** यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने रूस के काला सागर बेड़े के मुख्यालय में हमला कर 34 अधिकारियों को ढेर कर दिया। इनमें मुख्यालय के कमांडर एडमिरल विक्टर सोकोलोव भी शामिल हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यूक्रेन की सेना के इस दावे को प्रमुखता दी गई है। रिपोर्ट्स में यूक्रेन के दावे की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है।यूक्रेन की सेना की तरफ से कहा गया कि उसने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमले में रूस के काला सागर बेड़े के कमांडर और 33 अन्य अधिकारियों को मार डाला। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो यह नुकसान पिछले साल बेड़े के प्रमुख जहाज के डूबने के बाद से रूसी नौसेना के लिए सबसे अधिक नुकसानदेह होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूक्रेन के दावे पर मॉस्को के रक्षा मंत्रालय से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। साथ ही यूक्रेन के दावे को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। काला सागर बेड़े के कमांडर विक्टर सोकोलोव मास्को की नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में से एक हैं। यूक्रेन के विशेष अभियान बलों ने कहा कि शुक्रवार को मिसाइल से क्रीमिया के सेवस्तोपोल शहर में बेड़े के मुख्यालय पर हमला किया गया। उस वक्त वहां रूस के सैन्य अधिकारी बैठक कर रहे थे।

### एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर कार्यशाला

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में हिंदी पखवाड़ा समारोह अंतर्गत 26.09.2023 को हिंदी भाषा की दक्षता बढ़ाने के लिए राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी डिजिटल टोल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। राजभाषा नीति के हिस्से के रूप में हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारी रोजमर्रा के आधिकारिक कामकाज में हिंदी का उपयोग करते हैं, लेकिन अक्सर विभिन्न सीमाओं जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी का कामकाजी ज्ञान, विशेष रूप से वाक्य निर्माण और व्याकरण संबंधी त्रुटियों के कारण इसे प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो जाता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए, हिंदी डिजिटल टूल के उपयोग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसे श्री एल एन प्रधान, उप महाप्रबंधक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) द्वारा प्रस्तुत किया गया।सत्र के दौरान, ऑनलाइन मोड पर उपलब्ध विभिन्न हिंदी उपकरण जैसे हिंदी टाइपिंग, हिंदी डिक्टेशन, हिंदी अनुवाद, हिंदी शब्दकोश का उपयोग आदि को रोजमर्रा के काम में व्यावहारिक उपयोग के लिए प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में भाग लेने कर्मचारियों ने कार्यशाला को बहुत जानकारीपूर्ण, ज्ञान साझा करने वाला सत्र पाया और हिंदी डिजिटल टूल के उपयोग से हिंदी में काम करना आसान होगा। इसके अलावा, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक हिंदी टिप्पण प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

# कोविड-19 से भी ज्यादा खतरनाक साबित होगी डिजीज-एक्स

**दो वैक्सीन एक्सपर्ट्स द्वारा लिखी गई एक नई किताब में चेतावनी देते हुए बताया है कि दुनिया इस वक्त अगली महामारी के लिए तैयार नहीं है। किताब के अनुसार, धरती पर करोड़ों वायरस घूम रहे हैं, जिनके बारे में अभी कुछ पता नहीं है। किताब के लेखकों ने दावा करते हुए कहा है कि जैसे एक दशक पहले स्पैनिश फ्लू ने कई लोगों की जान ली थी, उसी तरह अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की मौत का कारण बन सकती है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दो वैक्सीन एक्सपर्ट्स द्वारा लिखी गई एक नई किताब में चेतावनी देते हुए बताया है कि दुनिया इस वक्त अगली महामारी के लिए तैयार नहीं है। किताब के अनुसार, धरती पर करोड़ों वायरस घूम रहे हैं, जिनके बारे में अभी कुछ पता नहीं है। किताब के लेखकों ने दावा करते हुए कहा है कि जैसे एक दशक पहले स्पैनिश फ्लू ने कई लोगों की जान ली थी, उसी तरह अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की मौत का कारण बन सकती है। यूके वैक्सीन टास्क फोर्स की पूर्व चेयरमेन, केट बिंघम और पूर्व पत्रकार व राजनीतिक सलाहकार टिम हेम्स ने मिलकर दी नेक्स्ट किलर~ हाऊ टू स्टॉप दी नेक्स्ट पैंडेमिक बिफोर इट स्टार्ट्स नाम की



एक किताब लिखी है। इसी किताब में डिज़ीज़-एक्स का जिक्र है। किताब के एक हिस्से में बताया गया है कि कैसे वायरस पृथ्वी पर सबसे प्रचुर और विविध जीवन रूप हैं, और उनमें से कितने मनुष्यों के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों ने वायरस के 25 परिवारों की पहचान की है, जिनमें से प्रत्येक में सैकड़ों या हजारों अलग-अलग वायरस हैं, जिनमें से कोई भी महामारी पैदा करने के लिए जिम्मेदार हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि वायरस जानवरों से मनुष्यों में आ सकते हैं और तेजी से म्यूटेट हो सकते हैं,

*** ले सकती है 5 करोड़ से ज्यादा लोगों की जान**

जैसा कि इबोला, एचआईवी/एड्स और कोविड-19 के मामलों में देखा गया है।

### कितनी खतरनाक है डिज़ीज़-एक्स ?

कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अगली महामारी की संभावना के बारे में सचेत किया था, जिसे डिज़ीज़-ऐक्स का नाम दिया गया था। डब्लूएचओ ने साल 2018 में डज़ीज़-एक्स के बारे में बताया था यानी कोविड-19 महामारी के दुनियाभर में फैलने से एक साल पहले। यानी ईबोला, सरस और ज़िका के साथ की खतरनाक बीमारियों की लिस्ट में डिज़ीज़-एक्स भी शामिल है। डब्लूएचओ के मुताबिक, ऐसा माना जा रहा है कि डिज़ीज़-एक्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खतरनाक महामारी का कारण बन सकता है, जो ऐसे रोगज़नक़ के कारण हो सकता है, जिनके बारे में मौजूदा समय में कोई जानकारी नहीं है। उनकी लिस्ट में शामिल बीमारियां ऐसी हैं, जिनका इलाज इस वक्त हमारे पास नहीं है। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि डिज़ीज़ एक्स जूनॉटिक होगी, यानी यह जंगली या पालतू जानवरों से शुरू होगी और फिर मनुष्यों को भी संक्रमित करना शुरू कर देगी, जैसा कि ईबोला, एचआईवी/एड्स और कोविड-19 के साथ हुआ।

# मेक्सिको में दो प्राइवेट प्लेन आपस में टकराए, सभी यात्रियों की मौत



एजेंसी

**मैक्सिको :** उत्तरी राज्य डुरांगो में दो निजी विमानों के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई. राज्य प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी. दुर्घटना पश्चिमी डुरांगो के ला गैलानसिटा शहर में एक छोटी हवाई पट्टी पर हुई जहां गंदगी थी.

राज्य के सुरक्षा सचिवालय ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि दो विमान तब टकरा गए जब एक उड़ान भर रहा था और दूसरा उतर रहा था. दोनों हल्के विमान थे. के बाद दोनों विमानों में आग लग गई.सरकारी एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना में सभी पांच यात्रियों की मौत हो गई.

राज्य के अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं.पिछले 10 दिनों में यह दूसरी बड़ी विमान दुर्घटना है. कुछ दिनों पहले ही ब्राजील के अमेजन वर्षा वन में शनिवार (16 सितंबर) को एक छोटे यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई थी. स्थानीय मीडिया ने बताया कि 'एम्ब्रेयर पीटी-एसओजी' विमान ने अमेजोनास प्रांत की राजधानी मनौस से उड़ान भरी थी, लेकिन भारी बारिश में उतरने का प्रयास करते समय वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया. मीडिया के मुताबिक, विमान में सवार यात्री ब्राजीलियाई पर्यटक थे.

# पंडित राजाराम मिश्र के प्रथम पुण्यतिथि पर प्रख्यात गायक कुमार सत्यम 20 नवम्बर को आयेंगे पलामू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** झारखंड के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ पलामू प्रमंडल में संगीत जगत के पुरोधा ख्याल सम्राट स्वर्गीय पंडित राजा राम मिश्र जी के प्रथम पुण्यस्मृति और स्वर्गीय पंडित राम रक्षा मिश्र के 28 वीं पुण्यस्मृति स्मरणोत्सव अवसर पर होटल चंद्रा रेसीडेंसी डाल्टनगंज में 20 नवम्बर 2023 को आयोजित संध्याकालीन सांगीतिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आराधना में भाग लेंगे तुम्हारी दौलत नई नई है फेम मुम्बई के मशहूर सिंगर कुमार सत्यम। इसकी जानकारी कार्यक्रम के आयोजक शहर के प्राचीन संगीत प्रशिक्षण केंद्र देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्र एवं संचालक संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्र ने दी है । मालूम हो कि दोनों स्व. पंडित राजा राम मिश्र के सुपुत्र





हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक पद्मविभूषण पंडित किशन महाराज जी के पीढ़ी से पंडित शुभ महाराज(नई दिल्ली) का तबला वादन होगा। बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय संगीतज्ञ पद्मविभूषण डॉ. पंडित छन्नू लाल मिश्र के परमशिष्य डॉ. इंद्रेश मिश्रा(नई दिल्ली) का शास्त्रीय और उप शास्त्रीय गायन भी होगा। देश विदेश के चर्चित चेहरे मशहूर तबला वादक श्री राजेश मिश्रा जिन्होंने अब तक जी टीवी और सोनी टीवी जैसे चैनलों पर आयोजित दर्जनों सांगीतिक कार्यक्रमों में तबला वादन किया है, वो भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बनारस के प्रसिद्ध युवा सारंगी वादक श्री अंकित मिश्रा और पलामू प्रमंडल के जाने माने ढोलक तबला वादक सोनू कौशिक भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

# पर्यावरणविद कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधरोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर के बाईपास रोड गायत्री नगर एकता पथ में राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी के रिश्तेदार सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ललिता कुमारी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम उनकी आत्मा की शांति के लिए पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । उन्होंने कहा जब घर में माता-पिता या कोइ भी बड़े बुजुर्गो का सर से साया हट जाए तो पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम लगाए गए पौधे न सिर्फ जीवन में सम्बलता प्रदान करता है बल्कि उनकी यादगार को भी मजबूती



प्रदान करता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवो को अनेकों लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में भी उल्लेखित है। श्राद्ध कर्म में मृतक ललिता कुमारी की बहन श्रीमती मंजू देवी पति रामनाथ चंद्रवंशी , पूर्व सांसद घूरन राम,के डी सिंह ,हृदयानंद मिश्रा, जुगल किशोर चंद्रवंशी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी , पत्रकार संजय पांडेय ,धनंजय पासवान, उमाशंकर सिंह,महावीर सिंह चंद्रवंशी, सुरेश जैन,साहिल साहनी, श्रवण प्रसाद गुप्ता, रामदेव प्रसाद यादव, उमेश प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद , विनोद सोनी , धीरेंद्र कुमार सिंह, रोशन कुमार, धनंजय सिंह, प्रदीप कुमार, सुलेमान अंसारी,सत्यनारायण यादव, जियाउद्दीन अंसारी, अजय यादव, सुदर्शन राम समेत शहर के कई प्रमुख लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भारतीय वायुसेना का 91वां स्थापना दिवस 30 सितम्बर को भोपाल में

**भोपाल :** भारतीय वायुसेना अपना 91वां स्थापना दिवस 30 सितम्बर को भोपाल में मनाने जा रही है। इस अवसर पर राजधानी भोपाल के बड़े तालाब भोजताल के ऊपर मल्टी-एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट एयर शो में वायुसेना का शौर्य और पराक्रम दिखाई देगा। एयर शो में तेजस, मिराज जैसे 30 से ज्यादा लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर करतब दिखाएंगे। एयरफोर्स के अधिकारी एयर मार्शल एके भारती और एयर वाइस मार्शल वीएस चौधरी ने मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगूभाई पटेल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य वरिष्ठ सैन्य एवं गणमान्य व्यक्ति समारोह में शामिल होंगे। आमजन भी इस फ्लाईपास्ट को देख सकते हैं। एयर शो के लिए भोपाल का चयन किये जाने के सवाल पर उन्होंने बताया कि भोपाल में हमने सर्वे में पाया कि स्टैंडर्ड हाइट्स पर पक्षी कम हैं।

# विवादों के शांतिपूर्ण हल पर जोर देता है भारत : सेना प्रमुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडो-पैसिफिक चीफ की मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें सेना प्रमुख जनरल पांडे ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र में चीन की आक्रामक सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए भारत का दृष्टिकोण सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर जोर देता है। इंडो-पैसिफिक सेनाओं के प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल के वर्षो में इंडो-पैसिफिक निर्माण समकालीन भू-रणनीतिक परिसर में केंद्रीय स्थान पर आ गया है। इसका महत्व आज की दुनिया की राजनीतिक सुरक्षा, आर्थिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में उभरती गतिशीलता का प्रतिबिंब है।जनरल पांडे ने यह भी कहा कि क्षेत्र में सभी हितधारकों को सकारात्मक रूप से शामिल करने के



प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटूट और स्थायी रही है। उन्होंने कहा, कि इंडो-पैसिफिक के लिए भारत का दृष्टिकोण विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, बल प्रयोग से बचने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन पर जोर देता है।सेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि विभिन्न देशों के प्रयास मुक्त इंडो-पैसिफिक की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, फिर भी हम अंतरराज्यीय विवादों और प्रतिस्पर्धाओं की अभिव्यक्ति देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं वे सीमाओं से परे हैं और उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया को इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

### हमारा लक्ष्य

इंडो-पैसिफिक के महत्व पर जोर देते हुए जनरल पांडे ने कहा कि यह क्षेत्र केवल राष्ट्रों का एक समूह नहीं है, बल्कि यह अन्योन्याश्रितताओं का एक जाल है। हमारा लक्ष्य विश्वास कायम करना और सहयोग को मजबूती प्रदान करना है।जनरल पांडे ने कहा कि हम इस संगोष्ठी से जो परिणाम प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, उनमें कई प्रमुख मुद्दे शामिल हैं। ये हैं - सैन्य सहयोग के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना, सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है।

# मंत्री ने किया 154 घंटे का नॉन-स्टॉप स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



एजेंसी

**लखनऊ :** देश में आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छता की अलख जगाई और वृहद स्तर पर देशवासी इस मुहिम से जुड़कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154वें जन्मदिन के अवसर पर नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी निकायों में महासाफाई के लिए 154 घंटे का नॉन-स्टॉप स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को अपने 14 कालिदास आवास से प्रातः ही इस सफ़ाई अभियान की वर्चुअल शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस बार सभी निकायों की हार्डकोर सफाई की जायेंगी। इसके लिए सफ़ाई टीम और व्यवस्था देख रहे अधिकारियों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाय, साथ ही निकाय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का भी सहयोग ले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार राष्ट्रपिता के स्वच्छता संकल्प के सम्मान में उनकी 154वीं जंयती पर 154 घंटे का महासफाई अभियान सभी निकायों में चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी निकाय एक-दूसरे का सहयोग करेंगे, मशीनों का भरपूर प्रयोग करें, संसाधनो की कोई कमी नहीं है।उन्होंने कहा कि लोगों को समझाने-बुझाने का अब समय नहीं रहा, गंदगी फैलने वालों पर अब सख्ती से करवाई की जाय उन्होंने अभियान के दौरान सभी निकायों में हार्डकोर सफाई करने और सभी स्थलों, पार्कों, अमृत सरोवरों, चौराहों, सार्वजनिक व ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराने को कहा। मंत्री ने अभियान को सफल और प्रभावी बनाने के लिए नगरीय निकाय निदेशालय में स्थापित डेडिकेटेड कमांड एंड कण्ट्रोल सेंटर से अभियान की लगातार लाइव मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।नगर विकास मंत्री ने निर्देशित किया कि सफ़ाई अभियान के दौरान सभी निकाय लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों, गली-कूचों की सफाई पर ध्यान देने और कूड़ा खुले में न फेंकने के लिए जागरूक करेंगे। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और विकल्प में कपड़े से बने थैले का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित करेंगे।

## फेडरेशन ने राज्य की बिगड़ी विधि-व्यवस्था पर सीएम को लिखा पत्र

**रांची :** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के अध्यक्ष दीपेश निराला और महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री को मंगलवार को पत्र लिखकर राज्य के व्यापारी, उद्यमी एवं प्रोफेशनल की सुरक्षा सुनिश्चित करवाते हुए राज्य की बिगड़ी विधि-व्यवस्था को संधारित करवाने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि विगत छह महीने में झारखंड में 23 कारोबारियों की हत्या कर दी गई है, जिसमें नौ कारोबारियों ने तो पुलिस को इस बाबत अग्रिम सूचना देकर अपने प्राणों के रक्षा के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी लेकिन इस पर पुलिस कुछ नहीं कर पाई और अंत में उन कारोबारियों की हत्या कर दी गई, जोकि काफी निंदनीय कृत्य है। व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स के साथ विभिन्न प्रकार के क्राइम घटित हो रहे हैं, जिसमें धमकी, रंगदारी, लूट, चोरी, डकैती, साइबर क्राइम, किडनैपिंग, हत्या इत्यादि प्रमुख हैं, जिन पर तत्काल लगाम लगाने की मांग की गई है।

# सांसद जयंत करवा रहे हैं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हजारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। इस शिविर की शुरुआत बीते 22 सितम्बर को बरही विधानसभा स्थित अनुमंडलीय अस्पताल से हुई, जहाँ सैकड़ों लोगों ने सुविधाओं का लाभ लिया। इसी क्रम में सदर विधानसभा स्थित हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शिविर का लाभ लेने पहुंचे। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जयंत



सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा प्रयास जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी उद्देश्य और संकल्प के साथ इस शिविर का आयोजन करवा रहे हैं। क्षेत्र की हर विधानसभा में यह आयोजन हो रहा है। मुझे यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इन शिविरों में आकर जांच करवा रहे हैं। मेरी क्षेत्रवासियों से अपील है कि वे सर्वाधिक संख्या में आकर इन सेवाओं का लाभ उठायें। हम हर मोर्चे पर स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास हमारा मूलमंत्र है। हम जनता की सुविधा के लिए हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं।ज्ञात हो कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल जयंत सिन्हा का ही सपना था, जिसे उन्होंने धरातल पर उतारा। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ही प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्र को यह सौगात दी। हजारीबाग लोकसभा की जनता को हर छोटे इलाज के लिए रांची या अन्य किन्हीं बड़े शहरों में जाना पड़ता था। इस अस्पताल के बनने से अब उन्हें क्षेत्र में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। हजारीबाग व रामगढ़ समेत आसपास के लोग इससे लाभ ले रहे हैं। यह परियोजना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का परिदृध्य बदल रही है।